www.anantgyaan.in

सूर्योदय 6:56 सूर्यास्त 6:13

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 7.4 न्यू | 14.02 अधि |
| धर्मशाला | 6.02 न्यू | 17.00 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 72426.64 |
| निफ्टी | 22040.70 |
| सोना 62,383 | चांदी 74,000 |

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



धर्मशाला | सोमवार, 19 फरवरी 2024 | 7 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2080 वर्ष 1, अंक 62 कुल पृष्ठ 14 मूल्य : 5 रुपए |

टेस्ट में भारत की सबसे बड़ी जीत... पेज 14

## मंडी में दिखे मध्य प्रदेश आगर मालवा के श्री बैजनाथ महादेव



**मंडी।** छोटी काशी मंडी में बाबा भूतनाथ स्वयंभू शिवलिंग पर धृत श्रृंगार में रविवार को मध्य प्रदेश के आगर मालवा के श्री बैजनाथ महादेव का स्वरूप उकेरा गया। मान्यता है कि यह एकमात्र ऐसा मंदिर है, जिसका जीर्णोद्धार अंग्रेजों ने करवाया था। एक अंग्रेज महिला ने यहां अपने पति की सलामति की प्रार्थना की और भोलेनाथ स्वयं प्रकट हो गए। यह मंदिर बाणगंगा नदी के किनारे बना हुआ है और उसका इतिहास राजा नल से जुड़ा है। शिव मंदिर के गर्भगृह में आग्नेय पाषाण का शिवलिंग स्थापित है। मंदिर में ब्रह्मा और विष्णु की प्रतिमाएं भी सुशोभित हैं।

# हिमाचल में मौसम ने बदली करवट, चोटियों पर हल्का हिमपात

## आज भारी बारिश और बर्फबारी का रेड अलर्ट, कुकुमसेरी में न्यूनतम तापमान -0.3 डिग्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में मौसम ने फिर करवट बदली है। राज्य की उच्च पर्वतीय श्रृंखलाओं पर रुक-रुक कर बर्फबारी का दौर शुरू हो गया है। लाहौल-स्पीति, किन्नौर, कुल्लू, चंबा, शिमला और सिरमौर जिलों की ऊंची चोटियों पर बर्फबारी हुई है। वहीं, राज्य के मध्यम ऊंचाई और मैदानी इलाकों में घनघोर बादल छाए हुए हैं।

पर्यटन स्थलों शिमला और मनाली में भी बादलों का डेरा है और यहां मौसम बर्फबारी के अनुकूल बना हुआ है। रविवार को रोहतांग दर्रा, कोकसर, सिस्सु सहित लाहौल-स्पीति की ऊंची चोटियों पर हल्का हिमपात हुआ है। बर्फबारी से तापमान में गिरावट दर्ज की है। 19 फरवरी को प्रदेश में भारी बारिश और बर्फबारी का रेड अलर्ट जारी किया है।



लाहौल-स्पीति की तिनन घाटी में बिछी सफेद बर्फ की चादर

### प्रदेशभर में तीन दिन खराब रहेगा मौसम

**प्रदेश** में तीन दिन तक भारी बारिश, ओलावृष्टि व बर्फबारी का रेड व येलो अलर्ट रहेगा। कुछ स्थानों पर बिजली चमकने के साथ 40 व 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की आशंका है। पर्वतीय क्षेत्रों में 19 फरवरी से भारी बर्फबारी की संभावना जताई है। 20 व 21 फरवरी को प्रदेश में बारिश व बर्फबारी का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान शिमला, कुल्लू, चंबा, लाहौल-स्पीति और किन्नौर में बर्फबारी के मद्देनजर लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

### मौसम में आए बदलाव से बढ़ा ठंड का प्रकोप

**मौसम** विभाग की मानें तो अगले चार दिन राज्य में अच्छी बारिश और बर्फबारी होने की पूरी संभावना है। मौसम में आए इस बदलाव से राज्य में ठंड का प्रकोप फिर बढ़ गया है। रविवार को लाहौल-स्पीति जिले के कुकुमसेरी में न्यूनतम तापमान -0.3 डिग्री और केलांग में - 0.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### न्यूनतम तापमान

| | |
|---|---|
| शिमला | 7.5 डिग्री |
| सुंदरनगर | 6.3 डिग्री |
| भुंतर | 6.0 डिग्री |
| कल्पा | 1.6 डिग्री |
| धर्मशाला | 6.2 डिग्री |
| ऊना | 6.6 डिग्री |
| नाहन | 9.3 डिग्री |
| सोलन | 5.2 डिग्री |
| बिलासपुर | 6.6 डिग्री |
| कुफरी | 5.9 डिग्री |
| डलहौजी | 7.2 डिग्री |
| नारकंडा | 3.5 डिग्री |
| भरमौर | 7.9 डिग्री |

# देश को बांटने में लगी कांग्रेस : मोदी

## दिल्ली में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में पीएम ने साधा निशाना, कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** के भारत मंडपम में आयोजित भाजपा का दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन के साथ समाप्त हो गया। पीएम ने 64 मिनट के भाषण में कार्यकर्ताओं को ऊर्जा से काम करने का मंत्र दिया। पीएम ने कांग्रेस समेत विपक्ष पर निशाना साधते हुए 10 साल की अपनी सरकार की उपलब्धियां भी बताईं। पीएम ने कहा कि कांग्रेस देश को बांटने में लगी है। कांग्रेस ने सेना पर सवाल उठाए और राफेल की राह में भी रोड़े अटकाए।

**कहा- कांग्रेस ने सेना पर सवाल उठाए राफेल की राह में भी रोड़े अटकाए**

अधिवेशन में यूपीए के 10 साल के कार्यकाल के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था पर एक श्वेत पत्र जारी किया गया। इसके अलावा राम जन्मभूमि पर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन करते हुए भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने श्रीराम मंदिर निर्माण पर प्रस्ताव पेश किया।



### देश के सपने भी विराट होंगे और संकल्प भी विराट होंगे

पीएम मोदी ने कहा कि पिछले 10 साल में भारत ने जो गति हासिल की है, बड़े लक्ष्यों को हासिल करने का जो हौसला पाया है, वह अभूतपूर्व है। यह मैं नहीं, पूरी दुनिया बोल रही है। हर देशवासी को एक बड़े संकल्प के साथ जोड़ दिया है। यह संकल्प है विकसित भारत का। अब देश न छोटे सपने देख सकता है और न छोटे संकल्प ले सकता है। सपने भी विराट होंगे और संकल्प भी। उन्होंने कहा कि हमें विकसित भारत बनाने के लिए लंबी छलांग लगानी है। पीएम ने कहा कि मैं सुख वैभव के लिए जीने वाला व्यक्ति नहीं हूं। मैं भाजपा सरकार का तीसरा टर्म, सत्ता भोग के लिए नहीं मांग रहा हूं। मैं राष्ट्र का संकल्प लेकर निकला हुआ व्यक्ति हूं। अगर मैं अपने घर की ही चिंता करता तो आज करोड़ों गरीबों के घर नहीं बन पाते। उन्होंने कहा कि इस बार भाजपा 400 पार होगी।

**पीएम बोले- विकसित भारत के वादे से विपक्ष घबराता है**

**370 का मील का पत्थर पार करना होगा, हम राजनीति नहीं राष्ट्रनीति के लिए निकले**

दुनिया के कई देश मुझे जुलाई, अगस्त और सितंबर महीने का न्योता देकर बैठे हुए हैं, जबकि अभी पहले चुनाव होने हैं, लेकिन इन देशों को भी पता है कि आएगा तो मोदी ही। आज बीजेपी युवा शक्ति, नारी शक्ति, गरीब और किसान की शक्ति को विकसित भारत के निर्माण की शक्ति बना रही है।

### कार्यकर्ताओं के लिए अगले 100 दिन नई उमंग नए जोश के हैं

**पीएम** ने कहा कि देश के कोने-कोने से जुड़े भाजपा कार्यकर्ताओं का मैं अभिनंदन करता हूं। भाजपा का कार्यकर्ता साल के हर दिन चौबीसों घंटे देश की सेवा के लिए कुछ न कुछ करता ही रहता है। अब अगले 100 दिन नई ऊर्जा, नई उमंग, नए उत्साह, नया विश्वास, नए जोश के साथ काम करने के हैं। आज 18 फरवरी है। देश के नए युवा जो 18 वर्ष के हुए हैं, वे 18वीं लोकसभा का चुनाव करेंगे। अगले 100 दिन हर नए वोटर, हर लाभार्थी, हर वर्ग-हर समाज, हर एक तक पहुंचना है। सबका विश्वास हासिल करना है। सबका प्रयास होगा देश की सेवा के लिए सबसे ज्यादा सीटें भी भाजपा को ही मिलें।

### विद्यासागर जी का समाधि लेना व्यक्तिगत क्षति

**मोदी** ने कहा कि मैं देशवासियों की तरफ से संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 पूज्य विद्यासागरजी महाराज को आदरपूर्वक नमन करते हुए श्रद्धांजलि देता हूं। उनके समाधिस्थ होने की सूचना मिलने के बाद अनुयायी और हम सभी शोक में हैं। मेरे लिए यह व्यक्तिगत क्षति जैसा है। बरसों तक मुझे व्यक्तिगत रूप से अनेक बार उनसे मिलने का अवसर मिला।

### कांग्रेस ने धरती से अंतरिक्ष तक घोटाला किया : शाह

**नई दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह ने भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन को संबोधित करते हुए 56 मिनट के भाषण में मोदी सरकार की 10 साल की उपलब्धि, रामलला की प्राण प्रतिष्ठा, कांग्रेस, परिवारवाद, भ्रष्टाचार, विपक्षी गठबंधन और 2024 लोकसभा चुनाव पर बात की। शाह ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि इन लोगों ने अपनी सरकार रहते जमीन से आसमान और समंदर तक घोटाले किए। कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी गठबंधन बना है। विपक्षी दलों का यह गठजोड़ सिर्फ सात पारिवारिक पार्टियों का गठबंधन है। उन्हें सिर्फ अपने परिवार की चिंता है। जिनका लक्ष्य परिवार के लिए सत्ता हथियाना हो, वह क्या गरीब का कल्याण करेगा? विपक्षी दलों के नेताओं के भाजपा में शामिल होने पर कहा कि देश में 2जी, 3जी और 4जी पार्टियां है। 2जी का मतलब घोटाला नहीं है। 2जी का मतलब दो जेनरेशन पार्टी। चार पीढ़ी तक इनका नेता नहीं बदलता। अगर कोई आगे बढ़ गया तो ये उसका हश्र कर देते हैं। कई सारे ऐसे हश्र किए हुए लोग आज भाजपा में शामिल होकर लोकतंत्र की यात्रा में जुड़े हैं।



**भाजपा का बड़ा फैसला**

### जून तक जेपी नड्डा ही रहेंगे राष्ट्रीय अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** देश में लोकसभा चुनाव की तैयारियां तेज चल रही हैं। सभी पार्टियों ने अपनी कमर कस ली है। वहीं, दिल्ली के प्रगति मैदान में भाजपा के दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन में आखिरी दिन रविवार को जेपी नड्डा को जून 2024 तक राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव लाया गया, जिसको मंजूरी मिल गई है।



अब जेपी नड्डा लोकसभा चुनाव के बाद जून माह तक भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने रहेंगे। गौर रहे कि जेपी नड्डा 2019 में भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष बने थे। हालांकि साल 2020 में जेपी नड्डा ने 2020 में पार्टी अध्यक्ष के पद को संभाल लिया था।

भाजपा के इस ऐलान के बाद अब पार्टी लोकसभा चुनाव बीजेपी अध्यक्ष के नेतृत्व में लड़ेगी। इसके साथ ही इस बार लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने 400 पार का लक्ष्य रखा है।

## न्यूज शॉर्ट्स

### टाइम बम बनाने का ऑर्डर देने वाली मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** मुजफ्फरनगर में पुलिस ने टाइमर बम बनवाने वाली मास्टरमाइंड महिला इमराना को गिरफ्तार किया है। इमराना ने मुजफ्फरनगर दंगे और सीएए के विरोध में हुए बवाल में उपद्रवियों को 100 से ज्यादा बम बांटे थे। शनिवार को यूपीएसटीएफ की टीम ने टाइम बम के साथ जावेद नाम के शख्स को भी गिरफ्तार किया है। उसका संबंध नेपाल से है, फिलहाल एसटीएफ दोनों से पूछताछ कर रही है।

### सपा को झटका, सलीम शेरवानी ने दिया इस्तीफा

**लखनऊ।** पांच बार के सांसद रहे सपा के राष्ट्रीय महासचिव सलीम शेरवानी ने रविवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया। शेरवानी ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर मुसलमानों की उपेक्षा का आरोप लगाया है। अखिलेश को लिखी चिट्ठी में शेरवानी ने कहा कि पीडीए के नाम पर राजनीति हो रही है। मुसलमानों की उपेक्षा के कारण महासचिव पद से इस्तीफा दे रहा हूं। जल्द ही भविष्य का फैसला लूंगा। राज्यसभा के चुनाव में किसी मुसलमान को नहीं भेजा गया। बेशक मेरे नाम पर विचार नहीं होता, लेकिन किसी मुसलमान को भी यह सीट मिलनी चाहिए थी।

### सेब सीजन में शुरू होगा यूनिवर्सल कार्टन का इस्तेमाल



**शिमला।** हिमाचल में इस वर्ष सेब सीजन के दौरान यूनिवर्सल कार्टन का इस्तेमाल शुरू कर दिया जाएगा। इस संबंध में कृषि विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू ने अपने बजट भाषण में भी इसकी घोषणा की थी। अधिसूचना के अनुसार, यूनिवर्सल कार्टन में प्रति पेटी 20 किलो सेब की पैकिंग होगी। इस दिशा में आवश्यक दिशा-निर्देश तैयार करने के लिए सचिव कृषि की अध्यक्षता में दिसंबर 2023 में एक कमेटी का गठन किया जा चुका है। राज्य के बागवान लंबे समय से यूनिवर्सल कार्टन की मांग कर रहे थे। अब इस कार्टन के आने से जहां सभी पेटियों में बराबर का सेब भरा जाएगा वहीं, लंबी दूरी तक सेब भेजना भी ज्यादा सेफ होगा।

## टॉप स्टोरीज

कल से अस्पताल में 9.30 से 12 बजे तक डॉक्टर्स नहीं देखेंगे मरीज ...पेज 3

कीकर-नवगांव पेयजल योजना विवाद भाजपा ने कटघरे में खड़े किए अफसर ...पेज 3

मुख्यमंत्री मधु विकास योजना से जुड़ कर करें बेरोजगारी दूर ...पेज 7

# किसान आंदोलन : हरियाणा में दो किसान नेता गिरफ्तार, शंभू बॉर्डर पर निहंग पहुंचे

**एजेंसी, अंबाला**

**किसान** आंदोलन कूच के लिए निकले किसान पंजाब-हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर डटे हुए हैं। एमएसपी की गारंटी सहित कई मांगों को लेकर केंद्र के खिलाफ मोर्चा खोला हुआ है। वहीं, पंजाब के कुछ जिलों में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी हैं। वहीं, हरियाणा में दो किसान नेताओं को गिरफ्तार किया है। शंभू बॉर्डर पर निहंग पहुंचे हैं।

इस आंदोलन के दौरान अब तक एक किसान और सब इंस्पेक्टर की हार्ट अटैक से मौत हो चुकी है। हरियाणा में भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी ग्रुप) की कुरुक्षेत्र में किसान-खाप पंचायत हुई, जिसमें फैसला लिया गया कि प्रदेश के सभी किसान संगठन और खापें एक साथ आंदोलन करेंगी। लुधियाना में भी संयुक्त किसान मोर्चा की मीटिंग हुई। किसान नेता बलबीर सिंह राजेवाल ने कहा कि 22 फरवरी तक पंजाब के सभी टोल फ्री करवाए जाएंगे। भाजपा के बड़े नेताओं के घरों का घेराव किया जाएगा।



### सात जिलों में इंटरनेट सेवाएं बंद

**केंद्र** सरकार ने पंजाब के सात जिलों पटियाला, संगरूर, फतेहगढ़ साहिब, बठिंडा, मानसा, मोहाली और मुक्तसर के कुछ हिस्सों में 24 फरवरी तक इंटरनेट बंद करावा दिया है। हरियाणा में भी सात जिलों में 19 फरवरी की रात 12 बजे तक इंटरनेट बंद रहेगा। इन जिलों में अंबाला, कुरुक्षेत्र, कैथल, जींद, हिसार, फतेहाबाद और सिरसा शामिल हैं।

# भाजपा में शामिल होंगे विपक्षी दलों के कई बड़े नेता : अनुराग

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और पूर्व केंद्रीय मंत्री मनीष तिवारी के कांग्रेस छोड़ने की अटकलों के बीच केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने दावा किया कि अगले 10 दिनों में कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों के 70 से अधिक बड़े नेता भाजपा में शामिल हो सकते हैं।



भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन के समापन के बाद अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी नीतियों से प्रभावित होकर विपक्षी दलों के 70 से अधिक नेता 20 से 29 फरवरी के बीच भाजपा में शामिल हो सकते हैं। उल्लेखीय है कि कमलनाथ, नकुलनाथ, मनीष तिवारी के भाजपा में शामिल होने की अटकलें हैं। इससे पहले महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने भाजपा का दामन थाम लिया। उनके साथ कुछ विधायक भी पाला बदल चुके हैं।

# युवाओं को भड़का रही भाजपा : राहुल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रयागराज में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा। राहुल ने कहा कि रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में ओबीसी या एसटी/एससी चेहरा नहीं दिखा। क्या आपने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा देखी? क्या आपने वहां कोई ओबीसी या एसटी/एससी चेहरा देखा? इसमें अमिताभ बच्चन, ऐश्वर्या बच्चन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाग लिया।

**रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में ओबीसी या एसटी/एससी चेहरा नहीं दिखा**

राहुल ने कहा कि यह कैसा हिंदू राष्ट्र है, जिसमें 73 फीसदी लोग हैं ही नहीं। ये लोग (भाजपा) चाहते हैं कि आप लोग कभी भी इस देश को कंट्रोल न कर पाओ। आप अपना हक मांगो। उत्तर प्रदेश के युवाओं को भड़काया जा रहा है।



भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी के साथ सीएम सुक्खू।

### वाराणसी में न्याय यात्रा में शामिल हुए मुख्यमंत्री सुक्खू

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू रविवार को वाराणसी में राहुल गांधी की न्याय यात्रा में शामिल हुए। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री शनिवार को ही वाराणसी पहुंच गए। इस दौरान उन्होंने प्रदेश की राजनीति और कांग्रेस के विभिन्न मुद्दों को लेकर राहुल गांधी के साथ चर्चा की। प्रदेश की एकमात्र राज्यसभा सीट के लिए होने जा रहे चुनाव को लेकर भी पूरी स्थिति राहुल गांधी के सामने प्रस्तुत की। साथ ही प्रदेश सरकार की ओर से पेश किए गए बजट को लेकर भी राहुल गांधी को अवगत करवाया है। राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री की ओर से प्रस्तुत बजट की सराहना की है। मुख्यमंत्री के साथ उनके राजनीतिक सलाहकार सुनिल शर्मा भी न्याय यात्रा में शामिल हुए।

**राजनीति** पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी के इस्तीफे से आए भूचाल की आहट शिमला तक पहुंची, अब लगा विराम

# सीएम के फोन से दूर हुई प्रकाश चौधरी की नाराजगी

**अनिल शर्मा, मंडी**

**मंडी** जिले के बल्ह विधानसभा क्षेत्र में पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी के इस्तीफे से आए भूचाल की आहट शिमला तक पहुंच गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्वयं मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हस्तक्षेप कर प्रकाश चौधरी को मिलने के लिए शिमला बुला लिया।

मुख्यमंत्री के फोन से प्रकाश चौधरी के तेवर नरम पड़ गए और कांग्रेस की प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने किलेबंदी करते हुए प्रकाश चौधरी को मनाने के लिए कार्यकर्ताओं को भेज दिया। प्रतिभा सिंह को अध्यक्ष रहते ऑपरेशन लोटस का डर सताने लगा था। लोकसभा चुनाव सिर पर हैं और प्रतिभा सिंह हर हाल में मंडी सीट सहित चारों सीटों पर कांग्रेस को विजय दिलाने का ऐलान कर चुकी हैं। वहीं भाजपा भी ऑपरेशन लोटस के संकेत दे चुकी है। (अनंत ज्ञान)



कांग्रेस में ही रहेंगे पूर्व मंत्री

**इस्तीफा नामंजूर कर दिया संकेत, बल्ह में उनसे बड़ा और कोई नेता नहीं**

### दोनों पार्टियों का मानना प्रकाश चौधरी बड़ा नाम

**पूर्व** मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के समय उन्हें भाजपा में लाने के प्रयास हुए थे और जयराम सरकार के समय भी भाजपा कार्यकर्ता उनसे मिलते रहे। हैरानी की बात है कि यदि भाजपा प्रकाश चौधरी को बल्ह से अपने खेमे में लाने जा रही थी, तो बल्ह में भाजपा का मत प्रतिशत कांग्रेस से ज्यादा क्यों हुआ। खैर, भाजपा और कांग्रेस दोनों ही मानती हैं कि प्रकाश चौधरी जिले में एक बड़ा नाम है, जिसकी मुहर एक बार फिर लग गई।

### बहुमत न होने पर भी जीत का दावा कर रही भाजपा

**राज्यसभा** चुनाव में भाजपा कांग्रेस में से किसका पलड़ा भारी रहता है, यह आने वाला वक्त ही बताएगा, लेकिन बहुमत होने के बाद भी कांग्रेस डरी हुई है। वहीं, भाजपा बहुमत न होने पर भी जीत का दावा कर रही है।

कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रकाश चौधरी का इस्तीफा नामंजूर करते हुए पार्टी ने एक संकेत दे दिया है कि बल्ह में उनसे बड़ा और कोई नेता नहीं है, जिसकी बल्ह सहित जिले को भी जरूरत है। कार्यकर्ताओं की बैठक में प्रकाश चौधरी ने कांग्रेस न छोड़ने का ऐलान कर कहा कि मुझे मुख्यमंत्री और प्रदेशाध्यक्ष से कोई परेशानी नहीं है। भाजपा में जाने का सवाल ही नहीं उठता।

# यशस्वी ने बदला टेस्ट क्रिकेट का इतिहास

### 147 साल में ऐसा करने वाले पहले खिलाड़ी




राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने दूसरी पारी में दोहरा शतक जड़ दिया। उन्होंने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए छक्कों की झड़ी लगा दी। यशस्वी ने इस सीरीज में एक ऐसा कारनामा कर दिया है, जो टेस्ट क्रिकेट के 147 साल के इतिहास में कोई नहीं कर सका था।

### सबसे ज्यादा छक्के जड़ने वाले बल्लेबाज

- 22 छक्के : यशस्वी जायसवाल बनाम इंग्लैंड (2024)*
- 19 छक्के : रोहित शर्मा बनाम साउथ अफ्रीका (2019)
- 15 छक्के : शिमरेन हेमीमीर बनाम बांग्लादेश (2018)
- 15 छक्के : बेन स्टोक्स बनाम ऑस्ट्रेलिया (2023)

### एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के

- 12 छक्के: यशस्वी जायसवाल
- 12 छक्के: वसीम अकरम
- 11 छक्के: नाथन एस्टल
- 11 छक्के: मैथ्यू हेडन
- 11 छक्के: ब्रेंडन मैकुलम
- 11 छक्के: ब्रेंडन मैकुलम
- 11 छक्के: बेन स्टोक्स
- 11 छक्के: कुसल मेंडिस

# नशे के खिलाफ उठ खड़े हों पंचायत प्रतिनिधि

## अनंत ज्ञान से विशेष बातचीत में जोगिंद्रनगर थाना प्रभारी निर्मल सिंह का आह्वान

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

थाना प्रभारी निर्मल सिंह से **विशेष बातचीत**



जोगिंद्रनगर थाना प्रभारी निर्मल सिंह ने अनंत ज्ञान से विशेष बातचीत में कहा कि जोगिंद्रनगर में नशे के कई दुष्प्रभाव समाज में देखने को मिल रहे हैं। नशे से शारीरिक ही नहीं बल्कि आर्थिक और सामाजिक नुकसान भी होते हैं।

नशा करने वाला अपनी जिंदगी तो खराब करता ही है साथ में परिजनों के लिए भी घातक साबित होता है। निर्मल सिंह ने कहा कि नशे का सबसे बड़ा कारण माता-पिता द्वारा बच्चों के लिए समय न निकालना है। उन्हें पता ही नहीं होता कि उनका बच्चा क्या कर रहा है। नशे के व्यापारियों पर पुलिस द्वारा जगह-जगह नकेल कसी जा रही है। निर्मल सिंह ने क्षेत्र के सभी पंचायत प्रधानों, उपप्रधानों व वार्ड पंचों से अपील की है कि नशे के खिलाफ उठ खड़े हों और नशा बेचने वालों की जानकारी पुलिस को दें। जानकारी देने वालों का नाम गुप्त रखा जाएगा और ईनाम भी दिया जाएगा।

### प्रोडक्ट मंगवाने के नाम पर भी ठगी

थाना प्रभारी निर्मल सिंह ने कहा कि बहुत से ऐसे लोग बिना मंगवाए ऑनलाइन प्रोडक्ट लेकर आते हैं और ओटीपी पूछते हैं। ग्राहक उस प्रोडक्ट को कैंसल करवाने के लिए उसी समय ओटीपी देता है, जिसके बाद अकाउंट खाली हो जाता है, इसलिए अनजान को ओटीपी न दें। लोग नंबरों का डाटा एकत्र कर उसे अन्यत्र बेच देते हैं, इसलिए अनजान लोगों को अपना फोन नंबर भी न दें। मोबाइल फोन पर आए किसी भी लिंक और ओटीपी पर क्लिक न करें।

थाना प्रभारी निर्मल सिंह ने बताया कि आजकल ऑनलाइन ठगी के मामले सामने आ रहे हैं, लोग इससे भी सावधान रहें। उन्होंने जोगिंद्रनगर की जनता से अपील की है कि कोई भी अनजान नंबर से कॉल आए तो उसे इग्नोर करें और कभी भी ओटीपी, बैंक अकाउंट डिटेल आधार नंबर किसी के साथ साझा न करें। यदि किसी व्यक्ति के साथ ऑनलाइन फ्रॉड होता है, तो जल्द से जल्द पुलिस थाना में शिकायत दर्ज करवाएं। (अनंत ज्ञान)

# रिवालसर के विकास के लिए बनाया जाएगा मास्टर प्लान

## रिवालसर में राज्य स्तरीय छेश्चू मेले के शुभारंभ पर बोले राजस्व मंत्री नेगी

**टेकचंद, कलखर**



रिवालसर में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय छेश्चू मेले के शुभारंभ पर उपस्थित मुख्यातिथि व अन्य।

राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत मंत्री जगत सिंह नेगी ने रिवालसर में गुरु पद्मसंभव की याद में उनके जन्मदिन पर मनाए जाने वाले तीन दिवसीय राज्य स्तरीय छेश्चू मेले का रविवार को शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि रिवालसर को तीर्थ स्थल और पर्यटन स्थल के तौर पर विकसित करने के लिए मास्टर प्लान बनाया जाएगा। यह मास्टर प्लान अगले तीन महीने के अंदर तैयार कर दिया जाएगा। मास्टर प्लान के तहत यहां की मूलभूत सुविधाओं को विस्तार दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि रिवालसर में मल निकासी के लिए बनाए जा रहे सीवरेज को शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा, ताकि गंदे पानी को पवित्र झील में जाने से रोका जा सके। उन्होंने रिवालसर की उपतहसील को तहसील में बदलने और इलाके में नए पटवार सर्कलों को खोलने की मांग पर कहा कि इसी वर्ष इन्हें खोलने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने सांस्कृतिक गतिविधियों के आयोजन के लिए रिवालसर में मंच बनाने की भी घोषणा की। उन्होंने बताया कि कुछ ही महीनों के अंदर राजस्व अदालतों के माध्यम से 96000 इंतकाल के मामले निपटाए गए हैं। उन्होंने कहा कि रिवालसर तीन धर्मों का धर्म स्थल है और राज्य स्तरीय छेश्चू मेला एक प्रसिद्ध मेला है। यह मेला धार्मिक सौहार्द का अद्भुत उदाहरण है।

उन्होंने छेश्चू मेले की बधाई देते हुए सभी के जीवन में नई खुशियां आने की कामना की और कहा कि हम सब पर गुरु पद्मसंभव का आशीर्वाद बना रहे। उन्होंने कहा कि तिब्बत और भूटान में बौद्ध धर्म को पहुंचाने का श्रेय गुरु पद्मसंभव को जाता है। एपीएमसी अध्यक्ष संजीव गुलेरिया ने मेले का शुभारंभ करने के लिए राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी का धन्यवाद किया। उन्होंने इस अवसर पर उन्हें क्षेत्र की समस्याओं से अवगत करवाया। इस अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि रिवालसर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रिवालसर की छात्राओं तथा किसान महिला मंडल धार द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### एजुकेशन इलेवन ने 60 रन से जीता मैच



स्वीप कार्यक्रम के तहत आयोजित क्रिकेट मैच के दौरान टीम सामूहिक चित्र में।

**गोहर।** स्वीप कार्यक्रम के तहत निर्वाचन विभाग गोहर द्वारा आगामी लोकसभा चुनावों के जन जागरूकता के उद्देश्य से एसडीएम इलेवन और एजुकेशन इलेवन के बीच जाछन एक फ्रेंडली क्रिकेट मैच खेला गया। एसडीएम इलेवन की तरफ से एसडीएम और उपमंडल कार्यालय के अधिकारियों ने भाग लिया और एजुकेशन इलेवन से टीचर, लेक्चर, प्रोफेसर ने भाग लिया। एजुकेशन इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 182 रन बनाए जिसके जवाब में एसडीएम इलेवन सिर्फ 122 रन बनाकर पूरी टीम आउट हो गई। एजुकेशन इलेवन ने यह मैच 60 रन से जीत लिया। निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी व एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट ने कहा कि इन खेल प्रतियोगिता का आयोजन सौ प्रतिशत वोटिंग सुनिश्चित करने के लिए किया जा रहा है। मैच में नायब तहसीलदार इंद्र सिंह, निर्वाचन अधिकारी हुकुम सिंह ठाकुर, कॉलेज प्रोफेसर, टीचर शामिल रहे।

### लडभड़ोल में फायर सबस्टेशन खोलने की मंजूरी

**जोगिंद्रनगर।** प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा शुक्रवार को बजट पेश किया गया, जिसमें जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र के लड़भडोल में फायर सबस्टेशन खोलने की घोषणा की है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री के द्वारा की गई घोषणा और सराहनीय प्रयास के लिए मैं जोगिंद्रनगर की जनता की ओर से मुख्यमंत्री का तहे दिल से धन्यवाद करता हूं। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि ही जोगिंद्रनगर व लड़भड़ोल अस्पताल में डॉक्टरों की नियुक्ति हो गई है जल्दी ही दोनों अस्पतालों में डॉक्टर सेवाएं देंगे।

### पड्डल में सेपक टाकरा के लिए ट्रायल



जिला स्तरीय सेपक टाकरा प्रतियोगिता में उपस्थित खिलाड़ी व आयोजक।

**मंडी।** गुरु गोबिंद सिंह सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल पड्डल में छठी जिला स्तरीय सेपक टाकरा के लिए ट्रायल हुआ। इसमें लगभग 50 बच्चों ने भाग लिया। इस ट्रायल में से पांच खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किए जाएंगे। इसमें सब जूनियर और जूनियर खिलाड़ी लड़के व लड़कियां भाग ले रहे हैं। चयनित खिलाड़ी सब जूनियर, जूनियर राष्ट्रीय सेपक टाकरा प्रतियोगिता जो कि कर्नाटक में 26 से 30 मार्च को होगी उसमें भाग लेंगे। इस मौके पर मुख्य अतिथि डॉ. सुरेंद्र कुमार सेवानिवृत्त सहायक प्रोफेसर कॉलेज बासा, अंजू शर्मा प्रधानाचार्य गुरु गोबिंद सिंह सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल पड्डल, हेम राज, पूर्ण चंद, नरेश कुमार, हेम लता, किरन, अंतरिक्ष आदि मौजूद रहे। पीएन आजाद प्रधान, राज्य संघ ने सफल आयोजन के लिए सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। यह जानकारी अंजू शर्मा महासचिव जिला सेपक टाकरा संघ मंडी ने दी।

### युवा चौपाल अभियान शुरू किया

**मंडी।** भाजपा युवा मोर्चा जिला मंडी ने युवा चौपाल अभियान की कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला की युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष योगेश ठाकुर ने अध्यक्षता की। इस कार्यशाला में विशेष रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील नेगी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में पूर्व में किए गए युवा मोर्चा के कार्यक्रम की समीक्षा व आगामी कार्यक्रमों की योजना बनाई गई। कार्यशाला में युवाओं की समाज व देश के लिए भूमिका किस तरह होनी चाहिए उसकी चर्चा हुई। इस कार्यशाला में जिला प्रभारी देवेंश चंदेल, प्रदेश प्रवक्ता चंदन पंडित, प्रदेश संयोजक आईटी सेल कर्तव्य वैद्य, योगराज डोगरा व अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

### युवक मंडल ने करवाई क्रिकेट प्रतियोगिता

**सरकाघाट।** सत्यम शिवम सुंदरम युवक मंडल लुनाधा द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ स्थानीय पंचायत प्रधान नरेंद्र गौतम द्वारा किया गया। युवाओं मे खेल भावना को कायम रखने, युवा एकता को मजबूत करने व युवाओं को नशे से दूर रखने के उपलक्ष्य से युवक मंडल लुनाधा द्वारा इस क्रिकेट प्रतियोगिता का आरंभ गत वर्ष से किया गया है। युवक मंडल के प्रधान संजीव शर्मा व सचिव शिवेंद्र शर्मा ने नजदीकी पंचायत के युवाओं से इस प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर भाग लें।

### बजट में गारंटियों का जिक्र नहीं: रजत

**मंडी।** कांग्रेस सरकार का दूसरा बजट एक तरफ जहां जन आकांक्षाओं के अनुरूप खरा नहीं उतरा तो वहीं सरकार में पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने ही इसे लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। हिमाचल के इतिहास में पहली बार ऐसा देखा गया है जब सरकार का ही एक मंत्री अपने मुख्यमंत्री द्वारा पेश बजट से नाखुश दिखा और अपनी भड़ास सोशल मीडिया पर निकालकर इसमें संशोधन की मांग कर डाली है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी एवं धर्मपुर से भाजपा प्रत्याशी रहे रजत ठाकुर ने टिप्पणी करते हुए कहा कि जिन गारंटियों पर कांग्रेस सत्ता में आई इस बजट में उन गारंटियों का जिक्र तक नहीं है। दूसरे बजट में भी सरकार ने प्रदेश के युवाओं से लेकर महिलाओं, किसानों से लेकर बागवानों तक को निराश किया है। हिमाचल प्रदेश की जनता कांग्रेस के इस झूठ और गुमराह करने की राजनीति का आने वाले दिनों में कड़ा जवाब देगी।

### द्राहल स्कूल के बच्चों को किया पुरस्कृत

**जोगिंद्रनगर।** द्राहल स्कूल जोगिंद्रनगर में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर ने स्कूल के छात्र-छात्राओं को पुरस्कार बांटे। मुख्यातिथि ने इस दौरान पेश किए गए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ थीम पर आधारित नाटक की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज तक वे जितने भी स्कूलों में गए उन्होंने इससे बेहतर कार्यक्रम नहीं देखा।

## सुंदरनगर के धनोटू पहुंची पैदल तिरंगा यात्रा

**धनोटू।** सामान्य आयोग के गठन की मांग को लेकर सवर्ण समाज के लोग कुल्लू से शिमला की ओर पैदल तिरंगा यात्रा कर रहे हैं। रविवार को यह यात्रा धनोटू चौक पहुंची, जहां हजारों लोगों ने उनका स्वागत कर हरिनाम का संकीर्तन किया। यह यात्रा जितेंद्र चौहान और मदन ठाकुर के नेतृत्व में कुल्लू से शिमला की ओर सामान्य समाज की तीन प्रमुख मांगों को लेकर की जा रही है। जितेंद्र चौहान का कहना है कि उनका संगठन किसी समुदाय या समाज के खिलाफ नहीं है। बल्कि वे सरकार की उन गलत नीतियों के खिलाफ हैं जो समाज को तोड़ती हैं। उन्होंने कहा कि हमारी प्रमुख मांग सामान्य आयोग के गठन की है और दूसरी मांग ईडब्ल्यूएस को केंद्र सरकार के आदेश की तर्ज में बिना किसी छेड़छाड़ कर लागू करने के पक्ष में हैं। तीसरी मांग आयुर्वेदिक खेती करने संबंधी है। कृष्ण चंद महादेविया, राहुल, महेश, विजय, अश्विनी, दीपक ने कहा कि इस यात्रा में मदन ठाकुर और जितेंद्र चौहान अन्न त्याग कर पैदल यात्रा कर रहे हैं। इतनी लंबी यात्रा बिना भोजन के तय करना एक विशाल जज्बे की बात है। सरकार को चाहिए कि वे इन उपयुक्त मांगों को तुरंत स्वीकार करें और सामान्य श्रेणी के समुदायों को भी भरपूर लाभ प्राप्त हो सके। जितेंद्र चौहान ने कहा कि यह यात्रा शिमला जाकर ही थमेगी। यदि सरकार उनकी मांगों को नहीं मानती है, तो वह भूख हड़ताल पर भी जा सकते हैं। विधानसभा का घेराव भी किया जा सकता है। लोगों का कहना है कि सरकार को ऐसी जायज मांगें सहज ही स्वीकार कर लेनी चाहिए, क्योंकि समाज का विकास समान दृष्टि से ही संभव हो सकता है।

## जनता को ठगा गया

**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय सकलानी ने रविवार को मकरीडी में प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि प्रदेश में सत्तासीन सरकार झूठ का पुलिंदा बन कर रह गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता को झूठी गारंटियों के नाम पर ठगा गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हुए आपदा नुकसान का जो आकलन विभिन्न विभागों द्वारा करवाया गया। सरकार उन्हें राहत देने में नाकाम साबित हुई है।

# माणी इलेवन ने जीता गो ग्रीन क्रिकेट कप

**अनंत ज्ञान, बालीचौकी**



गो ग्रीन कप क्रिकेट प्रतियोगिता की विजेता टीम ट्रॉफी के साथ।

दा बिग ग्रीन क्लब बालीचौकी की ओर से आयोजित गो ग्रीन कप 2024 पर माणी की टीम ने कब्जा किया है। 25 जनवरी से चल रही इस प्रतियोगिता का समापन उपमंडल अधिकारी नागरिक मोहन लाल शर्मा ने किया। उन्होंने इस अवसर पर विजेता टीम को कप भी प्रदान किया। उन्होंने आयोजन कमेटी को 3100 रुपए की राशि भी भेंट की। इस अवसर पर ग्राम पंचायत देवधार के प्रधान देवी राम ठाकुर व ग्राम पंचायत माणी के प्रधान धनी राम ने भी आयोजन कमेटी को 1100-1100 रुपए की धनराशि भेंट की। बालीचौकी में रविवार को खेले गए फाइनल मैच में माणी इलेवन ने खलाओ इलेवन की टीम को एक तरफा मुकाबले में शिकस्त दी। 12 ओवर के मैच में माणी की टीम ने पहले खेलते हुए 139 रन बनाए और जिसका पीछा करते हुए विपक्षी टीम ने 12 ओवर में आठ विकेट खोकर मात्र 86 रन बनाए। माणी टीम की ओर से झावे राम ने सबसे अधिक 47 रन बनाए और उन्हें मैन ऑफ द मैच का भी खिताब दिया गया। माणी के बॉबी को प्लेयर ऑफ दा टूर्नामेंट का खिताब दिया गया। दा बिग ग्रीन क्लब के सदस्य, करण शर्मा, पवन शर्मा, बबलू, दलीप ठाकुर, पंकज शर्मा, युगल किशोर, पवन कुमार, विजू ठाकुर इत्यादि ने बताया कि इसमें 32 टीमों ने भाग लिया। इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य संजीव शर्मा व वार्ड पंच गीता शर्मा भी उपस्थित रहीं।

# सांड़ापत्तन पुल डेढ़ वर्ष से तैयार पर नहीं चली आज तक कोई बस

**अनंत ज्ञान, लडभड़ोल**

> क्षेत्रवासियों में सरकार के खिलाफ रोष की लहर

तहसील लडभड़ोल क्षेत्र को धर्मपुर विधानसभा व संधोल को जोड़ने वाले गांव सांड़ा में बने सांड़ापत्तन पुल को बने करीब डेढ़ वर्ष का समय हो गया है, लेकिन यहां से एचआरटीसी के किसी भी रूट को शुरू नहीं किया गया है जिससे लोगों में कड़ा रोष है।

आपको बता दें कि 12 सितंबर 2022 को लगभग 23.18 करोड़ की लागत से बने इस सांडापत्तन पुल को लोकार्पित किया गया था। गांव सांड़ा निवासी रामचंद्र, महेश, संजय, विनोद, धर्म चंद, महेंद्र, विजय कुमार, अशोक कुमार, बंटी, इंद्रपाल आदि का कहना है इस पुल का उद्घाटन हुए करीब डेढ़ वर्ष का समय बीत गया है लेकिन अभी तक कोई भी एचआरटीसी बस इस रूट से नहीं गुजरी है। धर्मपुर, सुजानपुर व हमीरपुर जाने के लिए टैक्सी करके जाना पड़ता है। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग रखी है कि जल्द इस रूट पर बस सेवा शुरू की जाए। इस बारे में प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर ने कहा कि उन्होंने सांड़ा गांव का दौरा किया है। लोगों द्वारा उनके समक्ष इस रूट पर बस शुरू करने की मांग रखी गई है। उन्होंने कहा कि आरएम एचआरटीसी जोगिंदरनगर से उनकी बात हुई है तथा जल्द इस रूट पर बस सेवा शुरू करने का प्रयास करेंगें। जोगिंदरनगर के विधायक प्रकाश राणा का कहना है कि सांड़ापत्तन पुल का उद्घाटन प्रदेश में बीजेपी सरकार के समय में हुआ था, लेकिन आचार संहिता लगने के कारण इस रूट में बस सेवा शुरू नहीं हो सकी थी। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है तथा उनके द्वारा कई बार यह मांग रखी जा चुकी है। आरएम एचआरटीसी जोगिंद्रनगर कुलदीप कुमार का कहना है कि अभी कोई प्रपोजल नहीं आया है तथा जब भी अप्रूवल आएगी कार्रवाई की जाएगी।

## आरोपी रिमांड पर

**सुंदरनगर।** चंडीगढ़-मनाली हाई वे पर 982 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार किए गए कार सवार पुलकित वर्मा पुत्र नारायण सिंह निवासी गांव कुंडला डाकघर ओचघाट जिला सोलन को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 21 फरवरी तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि गत रोज कुल्लू की ओर से आ रही कार की तलाशी लेने पर 982 ग्राम चरस बरामद की थी।

## बैंक शाखा प्रबंधक पर अभद्र व्यवहार के आरोप

**जोगिंद्रनगर।** लडभड़ोल तहसील क्षेत्र की विवाहिता ने शहर के बैंक शाखा प्रबंधक पर अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार महिला दो दिन पहले बैंक संबंधित कार्य के लिए लडभड़ोल के एक बैंक में आई थी। जिस पर वहां के एक आला अधिकारी द्वारा उस महिला के साथ अपशब्दों का प्रयोग किया गया, जिसके चलते महिला द्वारा स्थानीय पुलिस चौकी लडभड़ोल में उक्त शाखा प्रबंधक के प्रति मामला दर्ज करवाया गया है। पुलिस चौकी लडभड़ोल प्रभारी अनिल कटोच ने बताया कि महिला के बयान के आधार पर मामला दर्ज किया गया है और शाखा प्रबंधक से पूछताछ भी की गई है और आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी पधर दिनेश कुमार ने बताया कि लडभड़ोल पुलिस ने महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है और मामले की गहनता से छानबीन की जा रही है।

## अदालत ने ऐतिहासिक फैसला सुनाया: हीरापाल

**सुंदरनगर।** हिमाचल प्रदेश राजीव गांधी पंचायजीराज संगठन के प्रदेश सह संयोजक हीरा पाल ठाकुर ने कहा कि अदालत ने बांड रद्द करके याचिका पर अपना महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। उन्होंने कहा कि यह बांड भाजपा का भ्रष्टाचार और मनी लांड्रिंग के बहुत बड़े कांड के रूप में देश में सामने आने वाला है। ठकुर ने कहा कि 2018 के बाद से गुप्त दानदाताओं ने इन बांडों के माध्यम से राजनीतिक दलों को लगभग 16,000 करोड़ रुपए बताया जा रहा है। जिसका अधिकांश भाग भाजपा को मिला है।

## विश्वास में लिए बिना बना दिए पोलिंग बूथ

**सरकाघाट।** नबाही वार्ड के जिला परिषद सदस्य व विधानसभा चुनावों में निर्दलीय प्रत्याशी मुनीष शर्मा ने कहा कि सरकाघाट प्रशासन ने नए बूथों के गठन में जनप्रतिनिधियों व विधानसभा चुनाव में प्रत्याशियों को विश्वास में नहीं लिया और उनसे कोई राय नहीं ली जिस कारण बूथों के गठन में कई कमियां रह गई हैं। प्रशासन ने दो नए बूथों का गठन किया है। अब सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र में 112 बूथ हो गए हैं। सुलपुर जबोठ पंचायत के सनेहरू गांव को सूलपुर दो बूथ से हटाकर नए सनेहरु बूथ का गठन तो किया लेकिन भांबला पंचायत के रटोली गांव को सनेहरू बूथ में नहीं जोड़ा जबकि रटोली गांव सनेहरू गांव की अपेक्षा सुलपुर एक व सुलपुर दो बूथ से ज्यादा दूर स्थित है। इस निर्णय के कारण रटोली गांव के लोग नजदीक स्थित सनेहरु बूथ के बजाय उसी दिशा में दूर स्थित सुलपुर एक बूथ पर ही वोट डालने के लिए मजबूर रहेंगे।चौक, ब्राड़ता पंचायत के जाजर कुकैन वार्ड के लोगों ने भी पूरी कागजी कार्रवाई कर नए बूथ की मांग रखी थी लेकिन वहां भी नए बूथ का गठन नहीं किया गया।

# डॉ. चंद्रभूषण शर्मा रोटरी के अध्यक्ष बने

## जोगिंद्रनगर में बैठक के दौरान मिली जिम्मेदारी, रणजीत चौहान सचिव नियुक्त

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



जोगिंद्रनगर में रोटरी की बैठक में निर्वाचित अध्यक्ष डॉ. चंद्रभूषण शर्मा और सचिव अधिवक्ता रणजीत चौहान को उनकी ताजपोशी पर बधाई देते अध्यक्ष एनआर बरवाल साथ में हैं रोटरी के सदस्य।

जोगिंद्रनगर रोटरी डिस्ट्रिक के अध्यक्ष की कमान डॉ. चंद्रभूषण शर्मा को सौंपी गई है। उनके साथ अधिवक्ता रणजीत चौहान सचिव का कार्यभार संभालेंगे। जोगिंद्रनगर में साल 2015 से परमार्थ का कार्य कर रहे रोटरी क्लब के अध्यक्ष व सचिव का चयन एक साल के लिए होता है।

मौजूदा अध्यक्ष एनआर बरवाल और सचिव विनोद कुमार ने बताया कि रोटरी की बैठक में सर्वसम्मति से रोटेरियन डॉ. चंद्रभूषण शर्मा को अध्यक्ष की कमान सौंपी गई है। वहीं रोटेरियन अधिवक्ता रणजीत चौहान सचिव का दायित्व संभालेंगे। शनिवार को रोटरी क्लब के नए अध्यक्ष व सचिव की जानकारी देते हुए मौजूदा अध्यक्ष एनआर बरवाल ने बताया कि पहली जुलाई 2025 से नए अध्यक्ष व सचिव अपना कार्यभार संभालेंगे। सचिव विनोद कुमार ने कहा कि इस साल रोटरी के नए लघु उद्योग भी ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। इससे पहले नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ चंद्रभूषण शर्मा और सचिव अधिवक्ता रणजीत चौहान ने बताया कि रोटरी के नियमों के तहत वह नए विकास कार्यों व प्रोजेक्टों को धरातल में उतारने के लिए कार्य करेंगे।

उन्होंने अपनी ताजपोशी को लेकर उपस्थित रोटेरियनों का आभार जताया। बैठक में मौजूद रोटेरियन मेजर ज्ञान चंद बरवाल, डॉ अनिल, रणजीत कटोच, बेली राम वर्मा, पीसी महंत ने पूर्व में प्रस्तावित विकास कार्यों में तेजी लाने पर अपनी बात रखी।

# जयराम सरकार ने ऋण लेकर प्रदेश को किया कंगाल : चौहान

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



भाजपा और विपक्ष यदि हिमाचल की जनता के हितैषी हैं तो केंद्र सरकार से प्रदेश को मिलने वाली 22 हजार करोड़ रुपए की बकाया राशि को दिलाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। यह चेतावनी हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव राकेश चौहान ने दी। उन्होंने कहा कि हिमाचल का बच्चा बच्चा जानता है कि जयराम सरकार ने हजारों करोड़ रुपयों का ऋण लेकर प्रदेश को कंगाल कर दिया है। इतना कर्ज तो जितने भी मुख्यमंत्री हुए उन्होंने भी नहीं लिया था। अकेले जयराम सरकार ने इतना कर्ज लेकर हिमाचल के लोगों के साथ धोखा किया है। इतना पैसा कहां खर्च किया जनता इसका हिसाब मांग रही है। भाजपा बताए कि कहां विकास हुआ। कांग्रेस सरकार ने प्रदेश को कर मुक्त एवं आम लोगों का बजट पेश कर भाजपा और विपक्ष की बोलती बंद कर दी है। आज विपक्ष के नेता वित्त विभाग में काम कर चुके सेवानिवृत्त अधिकारियों ने बजट की काट पूछ रहे हैं, लेकिन किसी के पास इसकी काट नहीं है। केंद्र में भाजपा की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। देश का हर नागरिक महंगाई से परेशान है, मोबाइल रिचार्ज इतने महंगे कर दिए गए हैं कि मोबाइल कंपनियों की चांदी हो रही है।

**मार्गदर्शन** मंडी के करण सिंह ने सोलन में बागवानी के छात्रों को दिए टिप्स

# स्टार्टअप शुरू कर भविष्य बनाएं सुनहरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



स्टार्टअप के बारे में जानकारी देते करण।

हिमाचल प्रदेश के सोलन स्थित यशवंत सिंह परमार बागवानी यूनिवर्सिटी नौणी तथा आईसीएआर यूनिवर्सिटी हैदराबाद द्वारा एग्री स्टार्टअप स्टेकहोल्डर्स कनेक्ट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय में अध्यनरत छात्रों के लिए स्टार्टअप के बारे में था।

इस कार्यक्रम में भारतीय गोवंश के गोबर पर आधारित उत्पाद तैयार कर स्टार्टअप शुरू करने वाले करण सिंह को बतौर स्रोत व्यक्ति आमंत्रित किया गया था। जिला मंडी के सदर विधानसभा क्षेत्र के चलोह निवासी करण सिंह पिछले कुछ वर्षों से भारतीय गोवंश के गोबर पर आधारित विभिन्न उत्पाद तैयार कर स्टार्टअप शुरू कर रखा है। अपने स्टार्टअप के जरिए उन्होंने बेरोजगारों को स्टार्टअप शुरू करने और सरकारी नौकरी के पीछे न भाग कर बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने के टिप्स बताए। गोवंश के गोबर पर जो उन्होंने उत्पाद तैयार किए हैं उससे युवाओं को नए रोजगार के अवसर प्रदान करने के विकल्प भी सामने लाए हैं। करण ने विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्रों को स्टार्टअप शुरू कर सुनहरा भविष्य बनाने के टिप्स दिए। जिला मंडी के लिए यह गर्व की बात है कि करण ने जो कार्य शुरू कर रखा है उसे युवाओं को रोजगार मिल रहा है।

करण सिंह ने बताया कि एशिया की सबसे बड़ी वाईएस परमार बागवानी यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. राजेश्वर सिंह चंदेल और आईसीएआर के डारेक्टर आईसीएआर इंडिया की सबसे बड़ी यूनिवर्सिटी इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में उन्हें स्पेशल लेक्चर के लिए बुलाया गया था। कार्यक्रम में मुख्यातिथि वाईएस परमार बागवानी नौणी यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. राजेश्वर सिंह चंदेल, आईएसएआर यूनिवर्सिटी के मैनिजिंग डारेक्टर सरवन राज, डॉक्टर अरुण चंदन डारेक्टर आयुष विभाग, डॉक्टर वीपी शर्मा डारेक्टर मशरूम रिसर्च भी उपस्थित थे।

न्यूज ब्रीफ

### छह माह में काटे 2388 चालान



**पांवटा साहिब।** क्षेत्रीय परिवहन विभाग व पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई लगातार जारी है। इस बारे में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सोना चौहान ने बताया कि छह माह में 2388 चालान काटे गए हैं, जिनसे 73 लाख 41 हजार 500 लाख रुपए जुर्माना भी वसूला गया है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि आपका जीवन कीमती है। नियमों का पालन करें, ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लग सके। अन्यथा विभाग की कार्रवाई तो लगातार जारी रहेगी।

### नशीली दवाइयों सहित युवक गिरफ्तार



**चंबा।** नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान के अंतर्गत पुलिस दल चंबा को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी, जब पुलिस को अपने गुप्त सूत्रों से जानकारी प्राप्त हुई की एक नशा तस्कर कुछ नशीली दवाइयों की खेप को ठिकाने लगाने की फिराक में है। सूचना के आधार पर पुलिस ने बताए गए ठिकाने पर दबिश देकर युवक को काबू कर उसके कब्जे से कुल 50 कैप्सूल और गोलियां ट्रामाडोल लारौजीपैम, लटीजोलाम एवं तपेंडाजोल दवाइयां सहित काबू करने में सफलता हासिल की। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपी युवक की पहचान 35 वर्षीय विक्रम सिंह पुत्र कैलाश चंद निवासी गांव ठुकरेड़ डाकघर हरदासपुरा तहसील और जिला चंबा के रूप में हुई है। मामले की पुष्टि पुलिस अधीक्षक जिला चंबा अभिषेक यादव ने की है।

### टैंक में डूबने से बच्चे की मौत, मामला दर्ज



**नाहन।** औद्योगिक क्षेत्र कालाअंब के खैरी में अढ़ाई वर्षीय बालक के पानी के टैंक में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने शव बरामद करने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार शिवम कोटस्पिन फैक्ट्री परिसर में उत्तराखंड के अल्मोड़ा का रहने वाला राम सिंह अपने परिवार के साथ रह रहा था। सुबह उसका अढ़ाई वर्षीय बेटा नैतिक उर्फ नक्श परिसर में ही खेल रहा था। फैक्ट्री परिसर के नजदीक पानी के टैंक का ढक्कन खुला होने के चलते बच्चा खेलते-खेलते टैंक में जा गिरा। बच्चे को परिसर में खेलते न देख पिता ने चारों तरफ देखा। अचानक पिता की नजर पानी के टैंक की तरफ गई। बच्चे को टैंक से निकाल लिया गया, मगर तब तक बहुत देर हो चुकी थी। बच्चे की मौत से परिजन रो-रो कर बेहाल हैं। वहीं, कालाअंब थाने में मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

### नाबालिग प्रवासी के साथ दुष्कर्म

**बिझड़ी।** बड़सर क्षेत्र में नाबालिग प्रवासी लड़की के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। लड़की और लड़का दोनों प्रवासी हैं। लड़का गांव त्रिवेणी घाट जिला दरभंगा का रहने वाला है। लड़की के परिजनों ने इसकी शिकायत बड़सर थाने में दर्ज करवाई है। पुलिस ने आरोपी युवक अमरनाथ पुत्र साहनी को पोस्को एक्ट के तहत गिरफ्तार कर मामला दर्ज कर लिया है। एसपी हमीरपुर पदमचंद ने बताया कि लड़की का मेडिकल करवाया जा रहा है।

## सैकड़ों श्रद्धालुओं ने देवताओं का लिया आशीर्वाद, मंदिर के शीर्ष पर कुरुड़ स्थापित करने की निभाई परंपरा

# 45 साल बाद ठूंड के देव जुन्गा मनूनी मंदिर में शांद यज्ञ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, जुन्गा**

देव जुन्गा मनूनी के 22 टीका स्थान ठूंड के प्राचीन मंदिर में 45 वर्षों उपरांत शांद यज्ञ संपन हुआ। इस दौरान हजारों की तादाद में देवता के कल्याणों और श्रद्धालुओं ने देव जुन्गा मनूनी और शांद यज्ञ में अन्य देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त किया।

मंदिर समिति के महासचिव राम गोपाल ठाकुर ने बताया कि इस शांद यज्ञ में तत्कालीन क्योंथल रियासत के राजा एवं चौथे इष्ट राजा खुश विक्रम सेन तथा राजमाता विजय ज्योति सेन के अतिरिक्त माता तारा देवी का त्रिशूल, हनुमान खुशहाला से चौकी सहित चार देवता कनेटी धार देवता घनेणा, देवता जुन्गा भनोग, देवता धनचंद, 24 देवठियों के कारदार भी शामिल हुए। उन्होंने बताया कि इस मंदिर को जीर्णोद्धार करने के उपरांत 45 वर्षों उपरांत शांद यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें मंदिर के शीर्ष पर कुरुड़ स्थापित करने की परंपरा पारंपरिक देव पूजा पद्धति से निभाई गई।

### यहां राजा का स्थान देवताओं से ऊपर

**क्योंथल** रियासत में राजा का स्थान देवताओं से ऊपर माना जाता है, जिस कारण क्योंथल राजा की लोग चैथे इष्ट के रूप में पूजा की जाती है। इस मौके पर चौथे इष्ट एवं राजा खुश विक्रम सेन द्वारा क्योंथल रियासत में देव संबधी पुरानी परंपराओं से सुधार लाकर छूट देने की घोषणा की गई, जिसमें किसी प्रकार की घर में अशुद्धि होने पर पुराने नौ दिन को घटाकर पांच दिन कर दिया गया। अर्थात घर में माहावारी इत्यादि अशुद्धि होने पर जो मंदिर जाने का नौ दिन का परहेज किया जाता था, उसे पांच दिन कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त देव कार्य के भंडारे में कालांतर से न ही दूध का प्रयोग किया जाता था और न ही इस दौरान कुर्सी पर बैठ सकते थे। राजा ने देव कार्य के भंडारे में दूध का इस्तेमाल करने तथा कुर्सी पर बैठने की भी अनुमति प्रदान कर दी गई।



देव जुन्गा मनूनी मंदिर में आयोजित शांद यज्ञ।

### प्राचीन परंपराओं को रखा जाए कायम



**इस** मौके पर राजमाता विजय ज्योति सेन से सभी देव जुन्गा के 22 टीका देवताओं के पुजारियों, देवता के गूर और कारदारों को सलाह दी कि देवता की प्राचीन परिपाटी को कायम रखा जाए। उन्होंने कहा कि समूचे क्योंथल क्षेत्र में लोग देव जुन्गा को अपना कुलइष्ट मानते हैं, परंतु बदलते समय के साथ प्राचीन परंपराएं भी लुप्त होने के कागार पर आ गई हैं। क्षेत्र के लोग अपने देवता की बजाय अब अन्य क्षेत्र के देवताओं में विश्वास करने लगे हैं, जिससे प्रतीत होता है कि हमारी देव परंपराएं लुप्त होने लगी हैं। उन्होंने कहा कि क्योथल में देव जुन्गा के 22 टीका मंदिरों की अलग-अलग समितियां अपने स्तर गठित की गई है। इस मौके पर देव जुन्गा मनूनी समिति के प्रधान कृष्ण दत्त ठाकुर, कोषाध्यक्ष जय सिंह ठाकुर, देवा नरेंद्र शर्मा, नरायण दत्त भंडारी, संजय कुमार बहीदार सहित अन्य कारदार मौजूद रहे ।

## राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर बधाई



शिमला। शिव प्रताप शुक्ल का हिमाचल प्रदेश में राज्यपाल के रूप में एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर रविवार को राजभवन में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजभवन के अधिकारियों व कर्मचारियों ने राज्यपाल को बधाई दी। लेडी गवर्नर एवं राज्य रेडक्रॉस अस्पताल कल्याण शाखा की अध्यक्ष जानकी शुक्ल भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थीं। राजभवन के स्टाफ से संवाद करते हुए राज्यपाल ने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग और सहभागिता के लिए प्रदेशवासियों का आभार व्यक्त किया।

## मंत्री हर्षवर्धन चौहान की विधानसभा का मामला, स्वास्थ्य विभाग के दावों पर सवाल

# एक गरीब परिवार के छह सदस्य बीमार, दो को टीबी

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

शिलाई विधानसभा क्षेत्र की पंचायत अजरौली के गांव कनाड़ी के एक परिवार के छह सदस्य बीमार हैं, जिन में से दो लोगों को क्षय रोग यानी टीबी की बीमारी है। यहां सरकार व स्वास्थ्य विभाग के बड़े-बड़े दावे फेल होते नजर आ रहे हैं।

सबसे बड़ी बात यह है कि यह गांव हिमाचल प्रदेश के उद्योग मंत्री और शिलाई के विधायक हर्षवर्धन चौहान की विधानसभा क्षेत्र के अंतरगत आता है। इस बारे में शिलाई विधानसभा निवासी और समाजसेवी नाथू राम चौहान ने प्रेस वार्ता की, जिसमें उन्होंने कहा कि



मीडिया को परिवार के बारे में जानकारी देते समाजसेवी नाथूराम चौहान व उनके साथी।

परिवार में सात सदस्य हैं, जिनमें से छह सदस्य बीमार हैं और दो सदस्य टीबी यानी क्षय रोग से पीड़ित हैं। उन्होंने कहा कि घर की हालत इतनी खराब है कि पुराना मकान पिछले दिनों भारी बरसात के कारण गिर गया है। सर पर छत नहीं, खाने को अन्न नहीं और फिर भी उनको गरीबी रेखा से ऊपर दर्शाया गया है। नाहन से सैकड़ों किलोमीटर की दूरी पर बसे गांव के ये लोग नाहन अस्पताल आए, परंतु मरीजों को स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिली। नाहन में भी यह कह कर इन लोगों से दूरियां बनाई जा रही हैं कि ये लोग मीडिया में क्यों गए। वहीं, मशक्कत के बाद दो लोगों को अस्पताल में भर्ती किया गया है। टीबी से पीड़ित मरीजों का कहना है कि उनके परिजनों की भी हालत खराब है। उन्हें आशंका है कि टेस्ट करवाने पर वे भी इस बीमारी से पीड़ित पाए जा सकते हैं।

### स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी लोगों पर पड़ रही भारी

**नाथू** राम चौहान ने कहा कि अब शासन-प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की घोर अनदेखी के कारण ये लोग अपनी अंतिम सांसे गिन रहे हैं। सात लोगों के इस परिवार में बुजुर्ग दंपती और उनके बेटे के परिवार के पांच सदस्य शामिल हैं। इनमें से तीन बच्चे हैं।

### बसों में महिलाओं से हो रही छेड़छाड़, कहां करें शिकायत

**हमीरपुर।** बसों में सफर करने वाली महिलाओं और युवतियों से छेड़छाड़ की घटनाएं हो रही हैं, लेकिन इसकी शिकायत किस नंबर पर करें इसकी जानकारी महिलाओं को नहीं है। सरकारी बसों में हेल्पलाइन के संपर्क करने के लिए तो लिखा है, लेकिन महिला हेल्पलाइन नंबर अंकित नहीं किया है और प्राइवेट बसों में तो केवल बस मालिक का ही नंबर अंकित किया है।

हालांकि महिलाओं को गांव स्तर पर आवश्यक हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी जाती है, लेकिन घटना के समय यह नंबर याद नहीं आते। वहीं, डीडीएम हमीरपुर राज कुमार पाठक ने कहा कि बसों में कैमरे लगाए गए हैं, यदि कोई ऐसी घटना होती है इनमें सारी जानकारी उपलब्ध रहती है। महिलाओं की सुविधा के लिए जारी हेल्पलाइन नंबर प्रदर्शित किए जाएंगे, वहीं आरटीओ हमीरपुर अंकुश शर्मा ने बताया कि प्राइवेट बसों में सभी हेल्पलाइन नंबर लगाने के निर्देश दिए जाएंगे।

### जंगल में अवैध रूप से काटे 50 पेड़

**सरकाघाट।** धर्मपुर विस के प्रसिद्ध बाबा कमलाहिया मंदिर और कमलाह फोर्ट में डीपीएफ जंगल में अवैध रूप से लगभग 50 पेड़ काटने का मामला सामने आया है। मामले को लेकर हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा की सहसंयोजक और ग्रयोह वार्ड से जिला परिषद सदस्य वंदना गुलेरिया ने कमलाह पहुंचकर काटे गए पेड़ों का जायजा लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि डीपीएफ जंगल पर बिना अनुमति कुल्हाड़ी चली है। उन्होंने इसकी शिकायत एसडीएम धर्मपुर को की है। जब इस बारे में एसडीएम धर्मपुर राजेंद्र गौतम से बात की गई तो उन्होंने कहा कि तहसीलदार धर्मपुर को मौके पर जाकर जांच करने के आदेश किए हैं, वहीं आरओ कमलाह को जांच अधिकारी लगाया है। वहीं इस मामले में तुरंत कार्रवाई करने को कहा गया है।

### हैप्पी बर्थडे



ठारू के मोक्ष धीमान को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### सालगिरह मुबारक



नगरोटा बगवां के धनी राम व प्रवेश कुमारी को शादी की सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से बधाई।

## पेन डाउन स्ट्राइक : आपातकालीन सेवाओं में देंगे ड्यूटी

# कल से अस्पताल में 9.30 से 12 बजे तक डॉक्टर्स नहीं देखेंगे मरीज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



हिमाचल में डॉक्टर्स की पेन डाउन स्ट्राइक मंगलवार से शुरू हो जाएगी। इस हड़ताल में डॉक्टर सुबह 9.30 से 12 बजे तक मरीज को नहीं देख पाएंगे। वे केवल आपातकालीन सेवाओं में ही ड्यूटी देंगे। हिमाचल मेडिकल ऑफिसर्स एसोसिएशन की प्रदेश कार्यकारिणी की रविवार को हुई वर्चुअल बैठक के बाद यह फैसला लिया गया है।

संघ के अध्यक्ष राजेश राणा, महासचिव डॉ. विक्रम ठाकुर ने इस बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में सभी जिलों के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। हमीरपुर के अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा, महासचिव डॉ. वेंकटेश्वर राणौत, कोषाध्यक्ष डॉ. पंकज पठानिया, प्रदेश सह-सचिव डॉ. मोहित डोगरा ने भी हिस्सा लिया। डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा ने बताया कि बैठक में यह प्रस्ताव रखा गया कि मुख्यमंत्री के साथ बैठक हुए सात दिन बीत गए हैं, लेकिन मिनट्स ऑफ मीटिंग नहीं दिए गए हैं। राज्य, केंद्रीय कार्यकारिणी के साथ चर्चा करने के बाद यह फैसला लिया गया है कि 20 फरवरी से प्रदेश भर में डॉक्टर्स अपनी मांगों को मनवाने के लिए 'पेन डाउन' स्ट्राइक शुरू करेंगे। इस दौरान अपातकालीन सेवाओं को प्रभावित नहीं हो दिया जाएगा। संघ की मांगों के संदर्भ में समितियों को बनाने की बात कही थी, लेकिन जो समितियों बनाई गई हैं। डेढ़ वर्ष से विभागीय प्रमोशन कमेटी खंड चिकित्सा अधिकारियों की पदोन्नति करने में असमर्थ रही हैं। ऑनलाइन माध्यम से एसीआर ली जा सकती हैं। उसके बाद भी डीपीसी के माध्यम से आज तक चिकित्सकों की पदोन्नति नहीं हो पाई है। रोजगार के इंतजार कर रहे चिकित्सक भी विभाग की कछुआ गति का शिकार हो रहे हैं। चिकित्सकों की सीनियोरिटी लिस्ट बनाने के लिए भी कमेटी का गठन किया गया है। लेकिन आठ साल बाद भी सिनियोरिटी लिस्ट नहीं बन सकी है।

# कीकर-नवगांव पेयजल योजना विवाद भाजपा ने कटघरे में खड़े किए अफसर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**



भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विवेक शर्मा ने अर्की में अली खड्ड पर बन रही कीकर-नवगांव उठाऊ पेयजल योजना परिसर में गत दिनों हुई तोड़फोड़ के मामले में दर्ज किए गए मुकदमे को लेकर पुलिस अधिकारियों को कटघरे में खड़ा किया है। उन्होंने कहा है कि बिलासपुर-सोलन जिले की सीमा पर अली खड्ड विवाद ने हिमाचल प्रदेश की प्रशासनिक कार्य प्रणाली पर प्रश्न उत्पन्न कर दिए है।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

उन्होंने कहा कि प्रदेश के नयना देवी के विधायक रणधीर शर्मा, पूर्व विधायक रामलाल, बिलासपुर के विधायक त्रिलोक जम्वाल, पूर्व विधायक बब्बर ठाकुर व संघर्ष समिति, जिसमें प्रधान बीडीसी जिला परिषद के अतिरिक्त वहां के स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ता, कम्युनिस्ट कार्यकर्ता, स्थानीय बुद्धिजीवी व सामाजिक कार्यकर्ता, जिस व्यवस्था का विरोध कर रहे हों आखिर उसे कार्य को निरंतर चलाने के लिए ठेकेदार को पुलिस संरक्षण देना प्रतिनिधियों पर लाठी चार्ज करने का अधिकार स्थानीय डीएसपी के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है।

उन्होंने कहा है कि लाठीचार्ज के डीएसपी को आदेश देने वाला व्यक्ति कौन था, इसका पता चलना आवश्यक है। संघर्ष समिति नयना देवी के विधायक रणधीर शर्मा के माध्यम से उपमुख्यमंत्री जल शक्ति विभाग प्रभारी से ऊना में मिले तो उन्होंने जल शक्ति विभाग के दो बड़े अधिकारियों व एक प्रशासनिक अधिकारी की अध्यक्षता में एक जांच कमेटी गठित करके उसकी रिपोर्ट पर आगामी निर्णय का आश्वासन दिया था। मुख्यमंत्री ने भी इस निर्णय को उचित ठहराया है। इस प्राकृतिक स्रोत के ऊपर वर्तमान में 24 पेयजल स्कीमें व सात सिंचाई की परियोजनाएं कार्यरत हैं। निर्माण कार्य पुलिस संरक्षण में निरंतर चलने के कारण विरोध-प्रदर्शन कर रहे जनप्रतिनिधियों के साथ मारपीट हुई। उन पर लूटपाट व डकैती की धाराओं के मुकदमे दर्ज किए गए हैं। उन्होंने सोलन एसपी से मांग की कि वह मीडिया के माध्यम से आम जन को बताएं कि वहां किस चीज की लूटपाट हुई और डकैती में क्या और कितना माल लूट गया। उन्होंने कहा कि अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने विधानसभा में अपने वक्तव्य में इस प्रकरण में पुलिस अधिकारियों के घायल होने का भी जिक्र किया है। अर्की के विधायक ने क्षेत्र के लोगों के हितों की रक्षा की बात की है, जिस पंचायत नवगांव में यह निर्माण कार्य चल रहा है, यहां की स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों ने इसके विरोध में प्रस्ताव पारित करके जिलाधीश को इस निर्माण कार्य को बंद करने का प्रस्ताव दिया है। सभी विधायक व जनप्रतिनिधियों का अर्की विधानसभा क्षेत्र के लोगों को कोल डैम से जल आपूर्ति का प्रस्ताव सर्व मान्य है फिर यह बाल हठ क्यों।

**प्रदेश प्रवक्ता का दावा - सोलन जिले की नवगांव पंचायत ने योजना का काम रोकने का प्रस्ताव किया है पारित**

# पूर्व कर्मचारी नेता के विरुद्ध कार्रवाई करने के आदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



हिमालयन ब्रह्म समाज की भूमि को धोखाधड़ी तथा हेराफेरी कर कब्जा करने के आरोप में पूर्व कर्मचारी नेता मेला राम संगरोली इत्यादि के विरुद्ध जिलाधीश, शिमला द्वारा कानूनी कार्रवाई का आदेश दिया गया है। उपरोक्त मामले में विशाल शर्मा, धर्मपाल ठाकुर तथा मेला राम संगरोली ने माननीय उच्च न्यायालय, हिमाचल प्रदेश में ट्रस्ट की भूमि विवाद को सुलझाने के लिए याचिका दायर की थी। माननीय उच्च न्यायालय के आदेश पर सर्वप्रथम एसडीएम शिमला (शहरी) से जांच करवाई थी। इसके बाद याचिका कर्ताओं ने जिलाधीश, शिमला से जांच कराने के लिए पुनर याचिका 10-7-2023 दायर की थी, जिस पर माननीय उच्च न्यायालय ने जिलाधीश, शिमला को जांच करने का आदेश दिया था।

जिलाधीश, शिमला ने इस मामले में दिनांक 21 दिसंबर, 2023 को आदेश पारित किया है। इस विषय पर जांच के दौरान उपायुक्त ने पाया कि याचिका कर्ता 2008 से ही इस भूमि को अवैध रूप से हड़पने में प्रयासरत है तथा इन्होंने फर्जी तरीके से ट्रस्ट के कागजों को हथिया कर स्व-घोषित ट्रस्टी बनकर याचिका दायर की थी। गहनता पूर्वक जांच में पाया गया कि विशाल शर्मा ने पूर्व कर्मचारी नेता मेलाराम संगरोली और धर्मपाल ठाकुर के साथ मिलकर कर हिमालय ब्रह्म समाज मंदिर ट्रस्ट शिमला के नाम से फर्जी संस्था बना ली थी तथा इस ट्रस्ट की भूमि पर अवैध रूप से निर्माण कर कुछ भूमि हड़प ली है।

उन्हें आरोपी मानते हुए जिलाधीश ने झूठे कागजात प्रस्तुत करने, गलत तरीके से स्वयं को ट्रस्टी घोषित करने और भूमि हड़पने का आरोपी मानते हुए कानूनी कार्रवाई करने का आदेश दिया। उनके साथ कलकत्ता स्थित तीन संस्थाओं, ब्रह्मों कॉनफेरेंस, कोलकाता, भारतवर्षीय ब्रह्म मंदिर कॉग्रेशन, कोलकाता और द सेंट्रल काउंसिल ऑफ ब्रह्म समाजीस, कोलकाता को हिमालयन ब्रह्म समाज, शिमला ट्रस्ट के कार्यकलाप में किसी भी प्रकार से हस्तक्षेप करने से मना किया है। साथ यह भी पाया गया कि 1886 से चली आ रही 'हिमालय ब्रह्म समाज' संस्था सही हाथों में है और सही ढंग से कार्यरत है।

**हिमालयन ब्रह्म समाज की भूमि को धोखाधड़ी से हथियाने का आरोप**

### लैंड डीमार्केशन करने का आदेश

**वहीं,** एक होटल द्वारा ट्रस्ट की भूमि पर अवैध रूप से कई हरे देवदार वृक्षों को काटने के आरोप पर प्रतिवादी की प्रार्थना पर पुनः लैंड डीमार्केशन करने का आदेश दिया गया है और यदि आरोप सत्य पाए जाते हैं तो उचित कार्रवाई भी की जाएगी।

## सियासत कांगड़ा-चंबा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी के लिए किया आवेदन

# रिटायर्ड एसपी कुलदीप ने ठोंकी चुनावी ताल

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**



बैजनाथ के कुलदीप राणा ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कांगड़ा-चंबा लोकसभा सीट से अपनी उम्मीदवारी जताई है। कुलदीप राणा का संबंध बैजनाथ उपमंडल की चौबीन पंचायत के पट्ट गांव से है। इसी गांव से वर्षों तक कांग्रेस पार्टी में मंत्री रहे स्वर्गीय पंडित संतराम तथा धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा का भी संबंध है। कुलदीप राणा पुलिस विभाग से एसपी सेवानिवृत्त हुए हैं। राजपूत बिरादरी से संबंध रखने वाले पूर्व पुलिस अधिकारी कुलदीप राणा बहुत ही मिलनसार व्यक्तित्व के मालिक हैं। कांग्रेस पार्टी की प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह को किए आवेदन में उन्होंने लिखा है कि वह पूर्व से ही कांग्रेस विचारधारा से संबंध रखते हैं तथा उनका कर्मचारी वर्ग तथा पूर्व सैनिकों से भी अच्छे संबंध है इसलिए उनके आवेदन पर सहानभूतिपूर्वक गौर किया जाए। उन्होंने लिखा है कि अगर उन्हें पार्टी उम्मीदवार बनाती है तो निश्चित ही वे कांगड़ा-चंबा लोकसभा लोकसभा सीट कांग्रेस पार्टी की झोली में डालने के लिए उपयुक्त उम्मीदवार हो सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

### कांगड़ा-चंबा लोकसभा सीट से कुल 13 आवेदन

**कांगड़ा-चंबा** संसदीय क्षेत्र से कुल 13 लोगों ने चुनाव लड़ने के लिए आवेदन किया है। इसमें बैजनाथ से पूर्व पुलिस अधीक्षक कुलदीप राणा के अलावा नूरपुर के कंडवाल गांव के नानक चंद कश्यप, जयसिंहपुर के गाहली के संजय राणा, नगरोटा बगवां के पठियार के सतीश, सिहुंता के हटली गांव के डॉक्टर सुशील कुमार शर्मा, पालमपुर के बाधू समुला के मेजर जनरल धर्मवीर सिंह राणा, जसूर के बोध गांव के सुदर्शन शर्मा, धर्मशाला के दाड़ी के अश्वनी कुमार चौधरी, कांगड़ा के घुरकड़ी के विनय शर्मा, सिविल लाइन धर्मशाला के विक्रम चौधरी, देहरा से प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष डॉक्टर राजेश शर्मा, घुग्घर पालमपुर से केके कटोच और कांगड़ा से नागेश्वर मनकोटिया ने पार्टी टिकट के लिए आवेदन किया है।

### सभी वर्गों के कल्याण पर केंद्रित है बजट



**शिमला।** स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. धनी राम शांडिल ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए प्रस्तुत बजट को भविष्योन्मुखी बताते हुए कहा कि यह विकास केंद्रित निर्णयों से परिपूर्ण बजट है, जिसमें समाज के सभी वर्गों के आर्थिक सशक्तिकरण का विशेष ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि यह बजट प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन को तीव्र गति प्रदान करते हुए राज्य सरकार द्वारा हिमाचल को 31 मार्च, 2026 तक हरित ऊर्जा राज्य का लक्ष्य हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बजट अनुमान पर अपनी प्रतिक्रिया में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यह बजट समग्र व नवोन्मेषी है। उन्होंने बजट के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सराहना की है।

### सीएम का बजट संतुलित और प्रगतिशील



**शिमला।** एचपीसीसी प्रशिक्षण विभाग के अध्यक्ष एवं हिमाचल प्रदेश सहकारी बैंक के निदेशक हरिकृष्ण हिमराल ने सभी वित्तीय बाधाओं और पिछले साल आई अभूतपूर्व प्राकृतिक आपदा के कारण हुए भारी नुकसान के बावजूद एक संतुलित और प्रगतिशील बजट पेश करने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सराहना की। हिमराल ने कहा कि हिमाचल वित्तीय बजट 2024-2025 हिमाचल प्रदेश के प्रगतिशील भविष्य के लिए सुरक्षित, स्मार्ट और सुदृढ़ प्रस्तुति है। विशेष रूप से कृषि, बागवानी, पशुपालन, मत्स्य पालन और सकल घरेलू उत्पाद से प्रति व्यक्ति आय में भूमिका इतनी स्मार्ट है कि राज्य को भारत में सर्वश्रेष्ठ में से एक में लाया जा सकता है। उन्होंने इस जीवंत बजट के लिए मुख्यमंत्री की सराहना की।

## मल्टी टास्क वर्कर का मानदेय नहीं बढ़ाना अफसरों की लापरवाही

# पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने सरकार के बजट पर जताई नाराजगी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा पेश किए गए बजट को लेकर पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने मल्टी टास्क वर्कर का मानदेय नहीं बढ़ाने पर अपनी ही सरकार के बजट पर नाराजगी जताई है, जिसका जिम्मेदार उन्होंने अफसरों को ठहराया है।

विक्रमादित्य सिंह ने फेसबुक पेज पर भी इस बारे में पोस्ट डाली है, जिसमें लिखा गया। बजट में जिन वर्गों का जिक्र छूट गया है। यह अधिकारियों की लापरवाही की वजह से हुआ है। हमने इसका कड़ा संज्ञान लिया है।

इस बारे में मुख्यमंत्री से भी चर्चा की गई है। वह जल्द ही इस विषय में स्थिति स्पष्ट करेंगे। उम्मीद की जा रही है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू इस पर संज्ञान लेंगे और विक्रमादित्य सिंह की बात को बजट में शामिल करेंगे। पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह अपनी बेबाक राय के लिए जाने जाते हैं। कांग्रेस जब विपक्ष में थी और प्रदेश में भाजपा की जयराम सरकार सत्ता में काबिज थी। उस दौरान भी विक्रमादित्य सिंह खुलकर जयराम सरकार की नाकामियों को लेकर बोलते थे। वह सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों के समक्ष अपनी राय रखते थे। प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद अब सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार है, लेकिन विक्रमादित्य सिंह पहले की तरह अब भी बेबाकी से सरकार की कमियों पर सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी राय रखते हैं। सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू की ओर से जब अपने कार्यकाल के दूसरे बजट भाषण में पीडब्ल्यूडी में सेवाएं दे रहे मल्टी टास्क वर्कर के मानदेय को लेकर जिक्र नहीं हुआ, तो विक्रमादित्य सिंह ने सोशल मीडिया के जरिए इस बात को लेकर अपनी नाराजगी जताई है।

## न्यूज ब्रीफ

### युवाओं से राजनीति में आने की अपील


एनएसएस शिविर में स्वयंसेवियों के साथ मुख्य अतिथि व अध्यापक।

**अर्की।** राजकीय महाविद्यालय जयनगर में चल रहे एनएसएस शिविर में युवा जिला उपाध्यक्ष अशोक भारद्वाज ने भाग लिया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य श्याम शर्मा ने मुख्यतिथि को सम्मानित किया। इसके पश्चात एनएसएस प्रभारी मनीज कुमार ने एनएसएस स्वयंसेवियों की दिनचर्या के बारे में जानकारी दी। मुख्यतिथि ने युवाओं को छात्र राजनीति में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी भारत की रीढ़ है। किसी भी देश को बनाने में युवाओं की मुख्य भूमिका होती है। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए बताया कि छात्र राजनीति के साथ-साथ आपको कैसे अपने समाज और संस्कृति के साथ जुड़े रहना है। उन्होंने एनएसएस कैंप में बच्चों के द्वारा की जाने वाली गतिविधियों की सराहना करते हुए भविष्य मे इन गतिविधियों को बनाए रखने के लिए आह्वान किया। उन्होंने महाविद्यालय प्रबंधन को एनएसएस के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। इस मौके पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### बजट में मीडिया की फिर से अनदेखी

**नाहन।** हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत किया गया बजट भले ही सभी क्षेत्र के हित में माना जा रहा हो परंतु हिमाचल प्रदेश सरकार के साथ सरकार की योजनाओं के लिए कंधे से कंधा मिलाकर आम जनों तक पहुंचाने की भूमिका निभाने वाले मीडिया के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं किया गया है। हिमाचल प्रदेश में मीडिया पॉलिसी की मांग लगातार उठाई जा रही है, परंतु हिमाचल प्रदेश सरकार मीडिया कर्मियों के लिए ना तो स्थायी पॉलिसी बना रही है, न ही बजट में आवास व पेंशन की कोई सुविधा दी गई है। सिरमौर प्रेस क्लब नाहन के अध्यक्ष शैलेंद्र कालरा, महासचिव सतीश शर्मा, प्रवक्ता सूरत पुंडीर व पूर्व अध्यक्ष एसपी जैरथ ने कहा कि एक ओर तो सरकार मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ मानती है, तो दूसरी ओर बजट में मीडिया कर्मियों के लिए किसी भी प्रकार का प्रावधान नहीं किया जाता है ।

### उद्योग जगत का बजट में नहीं रखा ध्यान : परमजीत



**बीबीएन।** दून हलके के पूर्व विधायक परमजीत सिंह पम्मी ने प्रदेश सरकार के दूसरे बजट को फेल करार दिया। उन्होंने कहा प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट से लोगों को निराशा ही हाथ लगी। सरकार ने 14 महीने के शासनकाल में 14 हजार करोड़ का कर्ज लेकर भी प्रदेश के लोगों को कुछ नही दे पाई। स्वास्थ्य, शिक्षा, किसान, बागवान, ट्रांसपोर्टर आदि सभी वर्गों को इस बजट से निराशा ही हाथ लगी। उन्होंने कहा कि उद्योग जगत के लगातार हो रहे पलायन को रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया है।

### बजट से कांग्रेस की गारंटियां गायब : रावत

**नाहन/ श्रीरेणुका जी।** भाजपा के जिला सहमीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने कहा है कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने अपना दूसरा बजट प्रस्तुत किया, लेकिन बजट से कांग्रेस पार्टी की गारंटियां गायब हो गई हैं जिससे प्रदेश की जनता को निराशा हाथ लगी है। रावत ने बताया कि प्रदेश में सबसे बड़ा मुद्दा बेरोजगारी है और बेरोजगारी को दूर करने के लिए कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में कहा था कि यदि प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनती है तो हम प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को हर वर्ष एक लाख सरकारी नौकरियां देंगे, लेकिन अभी तक प्रदेश के किसी भी बेरोजगार को सरकारी नौकरी नहीं मिली है, जिससे प्रदेश के युवा अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।

### गुमराह करने वाला सुक्खू का बजट : विनय




**नाहन।** जिला सिरमौर भाजपा अध्यक्ष विनय गुप्ता का कहना है कि हिमाचल में कांग्रेस की सरकार का बजट महिलाओं, किसानों, मजदूरों, कर्मचारियों की आकांक्षाओं पर किसी भी तरीके से खरा नहीं उतरा है। गुप्ता ने कहा कि आत्मनिर्भर हिमाचल के दस मुख्य बिंदुओं की बात करने वाले बजट में मजदूरों, कर्मचारियों की बात तक न करना ही बजट की दिशा और दशा को बताता है। सरकार के एजेंडे से मजदूर कर्मचारी गायब हैं। गुप्ता ने कहा कि निगमों व बोर्डों की ओपीएस बहाली पर खामोशी खलने वाली है व सरकार की दस गारंटियों की वादाखिलाफी है।

### शानदार बजट के लिए सीएम का आभार : सोलंकी



**नाहन।** नाहन के विधायक अजय सोलंकी ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा प्रस्तुत बजट को शानदार और जन हितेषी बताया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा आज प्रस्तुत बजट में हर वर्ग के हितों का ख्याल रखा गया है। सोलंकी ने कहा कि प्रस्तुत बजट में जहां विकास को प्राथमिकता दी गई है, वहीं पर रोजगार के साथ प्रदेश को आर्थिक दृष्टि से मजबूत बनाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हाल में आई प्राकृतिक आपदा की कठिनाइयों को पार करते हुए प्रदेश सरकार ने हिमाचल में विकास की नई दिशा देने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि यह बजट आम जनता का बजट है, जिसमें समाज के हर वर्ग का ख्याल रखा गया है। हम इस शानदार बजट प्रस्तुति के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का नाहन और सिरमौर की जनता की ओर से आभार प्रकट करते हैं।

### केंद्रीय योजनाओं पर लगाया अपना ठप्पा : पॉल




**सोलन।** प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष रतन सिंह पॉल ने तंज कसा कि दिखा रहा है ख्वाब महलों का, खरीद के खिलौना जो दे नहीं सकता। पॉल ने कहा कि दिन-रात प्रदेश के खाली खजाने की दुहाई देने वालों द्वारा प्रस्तुत किया गया यह बजट कहीं प्रदेश के इतिहास में मात्र घोषणाओं का बजट बनकर ही न रह जाए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं पर अपना ठप्पा लगाकर उसे नया नाम देकर प्रदेश में लागू करने की घोषणा और बिना किसी धन आवंटन के जनता को खूबसूरत घोषणाओं के सब्ज़बाग दिखाना केवल यही मात्र प्रदेश सरकार के बजट का सार है।

### बजट में हर वर्ग के हितों का रखा ख्याल : मोहिल



**नाहन।** हिमाचल प्रदेश को-ऑपरेटिव बैंक के जिला निदेशक भारत भूषण मोहिल ने सुक्खू सरकार द्वारा पेश किए गए बजट की सराहना की है। मोहिल ने कहा कि मुख्यमंत्री ने संतुलित बजट पेश कर समाज के हर वर्ग के हितों का ख्याल रखा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने 58,444 करोड़ का बजट पेश किया है, जिसमें हर वर्ग का ख्याल रखा गया है और सभी को राहत पहुंचने की कोशिश की गई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने पंचायतीराज से जुड़े जन प्रतिनिधियों के वेतन में बढ़ोतरी के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा वर्कर, सिलाई अध्यापिकाओं, मिड-डे-मील वर्कर, वाटर कैरियर, मल्टीपर्पज वर्क, पंप ऑपरेटर, पंचायत चौकीदार, राजस्व चौकीदार, लंबरदार, शिक्षकों व आईटी शिक्षकों के वेतनमान में भी बढ़ोतरी की है।

### मुख्यमंत्री के बजट से छात्र खुश : प्रिंस



**पांवटा साहिब।** पांवटा साहिब कॉलेज के एनएसयूआई के कैंपस अध्यक्ष प्रिंस शर्मा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा पेश किए गए बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सीएम ने इस बजट में समाज के सभी वर्गों का ख्याल रखा है। बजट आत्मनिर्भर हिमाचल और युवा पीढ़ी की शिक्षा प्रणाली में महत्वपूर्ण बदलाव है। प्रदेश सरकार ने शिक्षण संस्थानों में रिक्त पड़े सभी पदों को इस वितीय वर्ष में भरने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस बजट में गुणात्मक शिक्षा पर ज्यादा ध्यान दिया गया है। अपना विद्यालय मेरा विद्यालय मेरा सम्मान योजना और पढ़ो हिमाचल जैसे अभियान शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम है। अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की प्रोत्साहन राशि को बढ़ाना भी एक सरहानीय कदम है। विद्यार्थी मुख्यमंत्री के इस बजट से काफी खुश हैं।

# सरकारी योजनाएं प्रदेश को बनाएंगी आत्मनिर्भर : शांडिल

## स्वास्थ्य मंत्री ने कि चार करोड़ रुपए के शिलान्यास और लोकार्पण, सुनीं जनसमस्याएं

अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन




पौधना में लोगों की समस्याएं सुनते और (दाएं) परियोजना का शुभारंभ करते स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल।

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाएं हिमाचल प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाकर देश में विकास का आदर्श बनेंगी। डॉ. शांडिल रविवार को सोलन विधानसभा क्षेत्र की पंचायत पौधना व ग्राम पंचायत देलगी में लगभग 4 करोड़ रुपए की विभिन्न परियोजनाओं के शिलान्यास व लोकार्पण करने के उपरांत उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की समृद्धि के माध्यम से प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। इस दिशा में प्राकृतिक खेती हिमाचल का संबल बनेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने वित्त वर्ष 2024-25 के बजट में जहर मुक्त खेती को बढ़ावा देने की महत्वाकांक्षी योजना की घोषणा की। डॉ. शांडिल ने कहा कि वर्तमान में युवाओं में नशे की आदतें बढ़ती जा रही हैं, जो समाज के लिए एक चुनौती है। नशा युवाओं के भविष्य को अंधकार की ओर ले जाता है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि स्वयं भी नशे से दूर रहें और अपने साथियों को भी नशे से दूर रखें।

शांडिल ने इससे पूर्व पंचायत पौधना के कून में लगभग 10 लाख रुपए से निर्मित होने वाले राजकीय माध्यमिक पाठशाला कून से चायला, कांगुटी संपर्क मार्ग के स्तरोन्नयन कार्य की आधारशिला रखी। उन्होंने पंचायत पौधना के कांगुटी में लगभग 20 लाख रुपए से निर्मित होने वाले जल भंडारण संरचना का शिलान्यास किया। उन्होंने पंचायत देलगी के कोठी में लगभग 1.60 करोड़ रुपए से निर्मित होने वाले कोठी से देलगी मार्ग की आधारशिला तथा 20 लाख रुपए की लागत से निर्मित कोठी से रूग मार्ग का लोकार्पण भी किया। उन्होंने लगभग दो करोड़ रुपए से बनने वाली कोठी-बाड़ा उठाऊ जलापूर्ति योजना का भूमि पूजन भी किया। उन्होंने कहा कि कोठी-बाड़ा उठाऊ पेयजल योजना के निर्मित होने से पंचायत पौधना व देलगी के 7 गांवों के लोग लाभान्वित होंगे। स्वास्थ्य मंत्री ने कोविड के दौरान बंद हुई बस सेवाओं को आवश्यकतानुसार आरंभ करने का आश्वासन भी दिया।

इस अवसर स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मंत्री ने इस अवसर पर स्थानीय ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को इनके निपटारे के निर्देश दिए।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर कर्नल संजय शांडिल, प्रदेश कांग्रेस समिति के महासचिव रमेश ठाकुर, खंड कांग्रेस समिति सोलन के अध्यक्ष संजीव ठाकुर, पंचायत पौधना की प्रधान अनिता, पंचायत देलगी की प्रधान प्रोमिला शर्मा, गपंचायत चामत बडेच के प्रधान गणेश दत्त शर्मा, पंचायत देलगी के उपप्रधान सीताराम, बीडीसी सदस्य सुषमा चौहान, महिला शक्ति सोलन की अध्यक्ष किरण मेहता, खंड कांग्रेस समिति सोलन के सचिव राजेश ठाकुर, उपमंडलाधिकारी कंडाघाट सिद्धार्थ आचार्य, जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित रंजन सहित अन्य गणमान्य व ग्रामीण उपस्थित थे।

### ददाहू पंचायत में आज होगी विशेष ग्रामसभा की बैठक

**श्री रेणुका जी।** नाहन विकास खंड के बीडीओ परमजीत सिंह ने बताया कि सिरमौर के डीसी सुमित खिमटा के आदेश के बाद नाहन विकास खंड की सभी पंचायतों में आज विशेष ग्राम सभाओं की बैठक का आयोजन किया जा रहा है।

ददाहू पंचायत में भी आज 11 बजे ग्राम सभा की बैठक का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना की 16वीं किस्त शीघ्र ही जारी की जाएगी। बीडीओ ने बताया कि 12 से 21 फरवरी तक पात्र किसानों के लिए योजना में पंजीकरण हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है, ताकि पात्र किसानों को इस योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने सभी पात्र किसानों से योजना का लाभ उठाने के लिए विशेष ग्राम सभा की बैठकों में शामिल होने का आग्रह किया है।

## सात दिवसीय सैनधार क्रिकेट टूर्नामेंट का विजेता बना सिंयु


प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्यातिथि जयपाल गर्ग को सम्मानित करते आयोजक।

अनंत ज्ञान, श्री रेणुका जी

परशुराम क्लब के सौजन्य से सैनधार के गांवडा स्कूल में पिछले 7 दिनों से आयोजित की जा रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन ददाहू के व्यवसायी जयपाल गर्ग ने किया।

उन्होंने खेल मैदान में जहां खिलाड़ियों से परिचय लिया, वहीं उन्हें नशा न करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा युवाओं के लिए खेलकूद प्रतियोगिताएं जहां उन्हें स्वस्थ रखती हैं, वहीं गांव में आयोजित होने वाली प्रतियोगिताएं लोगों के लिए मनोरंजन का साधन भी होती हैं। उन्होंने अपनी अपनी ओर से प्रतियोगिता के आयोजकों को 11 हजार रुपए भी दिए। पंचायत प्रधान अमर सिंह ने मुख्य अतिथि जयपाल गर्ग को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

अमर सिंह ने मुख्य अतिथि के दिए गए सहयोग के लिए क्लब व पंचायत की ओर से धन्यवाद किया। इस दौरान अनंत गर्ग को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में क्षेत्र की 48 टीमों ने भाग लिया था। इस दौरान पनार व सिंयु के बीच में खेले गए मैच में सिंयु ने बाजी मारी।

## स्टार्टअप ईको सिस्टम का हिस्सा बने छात्र और शिक्षक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन


स्टार्टअप की प्रदर्शनी का अवलोकन करते नौणी विवि के कुलपति प्रो. राजेश्वर चंदेल।

नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन मेनेजमेंट सेंटर फॉर इनोवेशन एंड एग्रोप्रेन्योरशिप हैदराबाद ने डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के सहयोग से विश्वविद्यालय में एग्री स्टार्टअप स्टेक होल्डर्स कनेक्ट फोस्टरिंग कोलैबोरेशन एंड पार्टनरशिप शीर्षक से कार्यक्रम आयोजित किया। इस आयोजन में विश्वविद्यालय के 200 से अधिक छात्रों और शिक्षकों के साथ-साथ 26 स्टार्टअप और कृषि हितधारकों ने भाग लिया।

इस अवसर पर विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. इंद्र देव ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य शोधकर्ताओं, इनक्यूबेटरों, नीति निर्माताओं, कृषि उद्यमियों, स्टार्टअप, कृषि-उद्योगों, निवेशकों, विस्तार कार्यकर्ताओं, छात्रों सहित विभिन्न हितधारकों को एकजुट कर एक मंच पर लाना है। यह कार्यक्रम स्टार्टअप परिदृश्य के विकास में सामूहिक रूप से योगदान देने के लिए कृषि व्यवसाय और कृषि उद्यमिता के क्षेत्र में नवाचारों, विशेषज्ञता और अनुभवों को प्रस्तुत और आदान-प्रदान करने के लिए एक मंच दिया।

### कुलपति प्रो. राजेश्वर सिंह चंदेल ने वैश्विक रुचि पर डाला प्रकाश

विवि के कुलपति और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. राजेश्वर सिंह चंदेल ने फार्म गेट से हटकर गतिविधियों में वैश्विक रुचि पर प्रकाश डाला। उन्होंने कृषि, बागवानी और वानिकी स्नातकों को नौकरी प्रदाता बनने के लिए स्टार्टअप के अवसर तलाशने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रो. चंदेल ने स्टार्टअप के लिए विकसित हो रही सहायता प्रणाली और नए विचारों को लाभदायक उद्यमों में बदलने के लिए अनुकूल स्टार्टअप वातावरण का उपयोग करने के महत्व पर जोर दिया।

मशरूम अनुसंधान निदेशालय चंबाघाट के निदेशक डॉ. वीपी शर्मा ने विभिन्न मशरूमों का पोषण महत्व पर जोर देते हुए छात्रों से अपने स्वयं के मशरूम उद्यम शुरू करने का आह्वान किया। राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड के निदेशक डॉ. अरुण चंदन का विचार था कि हिमालय क्षेत्र में विभिन्न जड़ी-बूटियों और पौधों का उपयोग करके स्टार्टअप स्थापित करने के लिए व्यापक अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि कोविड के बाद आयुर्वेदिक और हर्बल उत्पादों की मांग में बढ़ोतरी हुई है और उद्योग की जरूरतों को पूरा करने के लिए औषधीय पौधों की गुणवत्ता रोपण सामग्री का बड़े पैमाने पर उत्पादन करने का कार्य विश्वविद्यालय कर सकता है। मैनेज के निदेशक कृषि विस्तार डॉ. सरवनन राज ने बताया कि देश में स्टार्टअप इकोसिस्टम बढ़ रहा है, लेकिन देश में लगभग 5600 कृषि स्टार्टअप ही मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि बागवानी और वानिकी क्षेत्र उभरते उद्यमियों के लिए व्यापक संभावनाएं प्रदान करते हैं क्योंकि इन क्षेत्रों में अभी कम कार्य हुआ है।

डॉ. राज ने कहा कि कृषि स्टार्टअप को विकास भागीदार के रूप में देखा जाता है क्योंकि वे लागत प्रभावी सेवाओं के साथ समाधान प्रदान करने में सहायता करेंगे। इस कार्यक्रम में कुल 26 स्टार्टअप ने अपने कहानी प्रतिभागियों के साथ साझा की और प्रदर्शनी में अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया। इसमें हिमाचल के 22 स्टार्टअप शामिल थे।

## शूलिनी विवि के छात्रों को नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए किया प्रोत्साहित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन


एनएचआरडीएन शूलिनी चैप्टर में बोर्ड बैठक और एचआर कॉन्क्लेव में मौजूद शिक्षाविद।

राष्ट्रीय मानव संसाधन विकास नेटवर्क शूलिनी चैप्टर ने शूलिनी विश्वविद्यालय परिसर में एचआर का नया युग, रुझान, चुनौतियां और अवसर विषय पर 128वीं एनएचआरडीएन बोर्ड बैठक और एचआर कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। यह आयोजन उद्योग-अकादमिक साझेदारी को मजबूत करने और मानव संसाधन प्रथाओं और नवाचारों में नवीनतम प्रदर्शन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

विश्वविद्यालय के चांसलर प्रोफेसर पीके खोसला ने कहा कि व्यापक मानव संसाधन प्रशिक्षण के माध्यम से अपने छात्रों को अत्यधिक प्रतिस्पर्धी नौकरी बाजार के लिए तैयार करने की शूलिनी की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एनएचआरडीएन के साथ चल रही हमारी साझेदारी हमारे छात्रों को उनके संबंधित क्षेत्रों में प्रमुख स्थान हासिल करने के लिए आवश्यक कौशल से लैस करने के हमारे समर्पण का प्रमाण है। कुलपति प्रो. अतुल खोसला ने भौगोलिक उद्यमियों को बढ़ावा देने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए भविष्य के लिए अपना दृष्टिकोण साझा किया।

उन्होंने अनुमान लगाया कि आने वाले वर्षों में भारत वैश्विक कार्यबल में एक प्रमुख योगदानकर्ता बन जाएगा। उन्होंने छात्रों को नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया। शूलिनी विश्वविद्यालय में इनोवेशन और एआई लर्निंग के निदेशक आशीष खोसला ने मानव संसाधन प्रक्रियाओं में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ऑनलाइन टूल के एकीकरण पर एक व्यावहारिक व्याख्यान दिया। एनएचआरडीएन के नेतृत्व से महानिदेशक एनएचआरडीएन धनंजय सिंह और उपनिदेशक, एनएचआरडीएन नलिन रंजन श्रीवास्तव ने भी सम्मेलन में भाग लिया।

कार्यक्रम का समापन शूलिनी विवि के अध्यक्ष अरविंद नंदा के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ। नंदा ने शूलिनी एनएचआरडीएन चैप्टर के आयोजन की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्रेम सिंह के प्रति विशेष आभार जताया।

### युवा कांग्रेस ने किसानों के हित में उठाई आवाज



**अर्की।** हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस ने किसानों के खिलाफ हिंसक रवैये के लिए हरियाणा सरकार और केंद्र सरकार की आलोचना की है। प्रदेश युवा कांग्रेस सचिव व ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के समन्वयक सिरसा हरियाणा शशिकांत ने कहा है कि हरियाणा में किसानों के हित्तों को दरकिनार कर केंद्र व हरियाणा की भाजपा सरकार किसानों पर अत्याचार कर रही है।

किसान हमारे देश का अन्नदाता हैं, उनकी मांगों पर गौर करके उन्हें लागू किया जाना चाहिए। यह देश के लिए एक गंभीर परिस्थिति है, जिसमें किसानों के हितों को कुचला जा रहा है। श्मोदी सरकार ने किसानों की फसलों पर एमएसपी देने का वादा किया था, लेकिन अभी तक उसे लागू नहीं किया है।

### 50 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू कल

**सोलन।** आईएफएम फिनकोच ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड में 30 पदों तथा मुथुट माईक्रोफिन लिमिटेड में 20 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू 19 फरवरी को आयोजित होंगे। यह जानकारी जिला रोजगार अधिकारी सोलन संदीप ठाकुर ने दी। संदीप ठाकुर ने कहा कि उक्त पदों के लिए आवेदक की शिक्षा 12वीं, ग्रेजुएट व आयु 21 से 32 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उम्मीदवार इन पदों की विस्तृत जानकारी विभागीय पोर्टल में प्राप्त कर सकते हैं। जिला रोजगार अधिकारी ने कहा कि 50 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू 20 फरवरी को मॉडल करियर सेंटर बद्दी में प्रातः साढ़े 10 बजे आयोजित किए जाएंगे।

### डॉ. संदीप शर्मा ने संभाला एमएस का पदभार


डॉ. संदीप शर्मा का स्वागत करते मेडिकल कॉलेज के अधिकारी।

**नाहन।** डॉ. वाईएस परमार मेडिकल कॉलेज नाहन में डॉ. संदीप शर्मा ने सीनियर मेडिकल सुपरिंटेंडेंट का कार्यभार संभाल लिया है। डॉ. शर्मा बीएमओ पच्छाद के साथ-साथ मेडिकल कॉलेज के एमएस का भी अतिरिक्त कार्यभार देखेंगे। उन्हें हाल ही में सरकार ने यह जिम्मदारी सौंपी है। मेडिकल कॉलेज में पदभार संभालने के दौरान प्रबंधन की ओर से उनका स्वागत किया गया। उन्हें स्टाफ सदस्यों ने पुष्प गुच्छ भी भेंट किए। मेडिकल कॉलेज में एमएस का कार्यभार इससे पहले डॉ. नवीन गुप्ता देख रहे थे। इस मौके पर डा. संदीप शर्मा ने कहा कि मेडिकल कॉलेज में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं और सुविधाएं देने का प्रयास किया जाएगा। इसके साथ-साथ अस्पताल की समस्याओं को सुलझाने के लिए सभी के सहयोग से नीति बनाई जाएगी। मेडिकल कॉलेज में आने वाले मरीजों का बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं देने के हरसंभव प्रयास होंगे।

### एवीएन स्कूल में मेधावी छात्रों का सम्मान


डॉ. संदीप शर्मा का स्वागत करते मेडिकल कॉलेज के अधिकारी।

**नाहन।** आदर्श विद्या निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल नाहन में वर्तमान सत्र में पाठ्य सहगामी क्रियाओं में अव्वल रहने वाले विद्यार्थियों को विभिन्न वर्गों में पुरस्कार वितरित तरके सम्मानित किया गया। विद्यालय के संस्थापक प्रधानाचार्य केके चंदोला के अनुसार विभिन्न वर्गों जैसे अंतर सदन प्रतियोगिताओं, क्रॉस कंट्री, एथलेटिक्स स्पर्धाओं, चित्रकला प्रतियोगिता, भाषण, वाद-विवाद, रंगोली, एकल एवं सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता, विभिन्न रेसिंग स्पर्धाओं के साथ हिंदी और अंग्रेजी सुलेख, नारा लेखन प्रतियोगिताओं और पूरे सत्र में चलने वाली विभिन्न स्पर्धाओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रधानाचार्य ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की। इस अवसर पर समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### देवधार मंदिर के दूसरे चरण के निर्माण पर चर्चा


बैठक में उपस्थित समिति के पदाधिकारी व ग्रामीण।

**अर्की।** देवधार मंदिर समिति अर्की की बैठक देवधार मंदिर के प्रांगण में हुई, जिसकी अध्यक्षता सुरेंद्र शर्मा ने की। बैठक में मंदिर समिति के अध्यक्ष व सदस्यों के अलावा अर्की नगर के प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। बैठक में देवधार मंदिर के दूसरे चरण के कार्य हेतु चर्चा की गई। समिति के सदस्यों के अलावा अर्की नगर के प्रबुद्धजनों ने इस निर्माण कार्य के लिए अपनी सहमति प्रदान की व जल्द ही दूसरे चरण के निर्माण कार्य को शुरू करने का फैसला लिया गया। इसके अलावा बैठक में मंदिर के हर वर्ष मई माह में होने वाले वार्षिक भंडारे को लेकर भी चर्चा की गई व मंदिर की साफ-सफाई की गई। साथ ही ज्येष्ठ रविवार को मंदिर में शीष नवाने आए लोगों ने मंदिर में भंडारे का भी लुत्फ उठाया। समिति के प्रधान व सदस्यों ने सभी दानी सज्जनों से मंदिर निर्माण के लिए बढ़-चढ़कर दान देने का भी आह्वान किया है ।

**आयोजन** लक्ष्य पब्लिक स्कूल अर्की में जूनियर छात्र-छात्राओं ने दी फेयरवेल

## तुषार व यशिका बने मिस्टर व मिस फेयरवेल

अनंत ज्ञान, अर्की



फेयरवेल पार्टी में टाइटलधारक विद्यार्थी अध्यापकों के साथ।

लक्ष्य पब्लिक स्कूल अर्की में जूनियर छात्र-छात्राओं ने स्कूल बोर्ड की परीक्षा देने की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया। समारोह के मुख्य अतिथि लक्ष्य शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष डॉ. प्रेम गुप्ता रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व वंदेमातरम् से हुआ। इस मौके पर छात्रों ने अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

इस अवसर पर अंजली मिस रोसिंग, आस्था मिस सुपीरियर, भूमिका मिस क्युटिपाई, हर्षित मिस्टर जॉली, हिमांग मिस्टर कुल, काव्या मिस ब्रेनली, मुस्कान मिस स्माइली, शिवांक मिस्टर इनोसेंट, सिमरन मिस फेबुलस, तनिष मिस्टर गेमर, तरुषी मिस गॉर्जियस, तुषार मिस्टर डेशिंग, वर्षा मिस ग्रेसी, यशिका मिस यूनिक, आर्यन भार्गव मिस्टर क्लासी, आर्यन खान मिस्टर लूसिफर चुने गए। इस अवसर पर आर्यन खान मिस्टर पर्सनेलिटी, तरुषी मिस पर्सनेलिटी, आर्यन भार्गव मिस्टर रनरअप, मुस्कान मिस रनरअप व तुषार मिस्टर फेयरवेल, याशिका ठाकुर मिस फेयरवेल चुनी गई। इस अवसर पर मुख्यतिथि द्वारा विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं की गईं। उन्होंने कहा कि आगे आने वाला समय काफी चुनौतिपूर्ण होगा, लेकिन सभी अपना लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत के दम पर मंजिल पा लेंगे। इस मौके पर लक्ष्य स्कूल के एमडी आकाश गुप्ता, प्रधानाचार्य वीना गुप्ता व समस्त अध्यापक उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### गाड़ी तोड़ किया जानलेवा हमला

**डरोह।** भवारना में जान लेवा हमले की वारदात सामने आई है। पुलिस थाना भवारना के एसएचओ केहर सिंह ने बताया कि प्रदीप कुमार निवासी देहण आदि पांच व छह लोगों ने मिलकर विकास कुमार बोदा निवासी की गाड़ी को तोड़ दिया तथा गाड़ी में सवार विनोद कुमार राणा निवासी तमलोह के ऊपर जानलेवा हमला किया। गाड़ी में चार व्यक्ति थे। एसएचओ केहर सिंह ने प्रदीप कुमार व अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### आरोपी तीन दिन के पुलिस रिमांड पर

**गरली।** गरली के गांव सकराला में 17 फरवरी को ईंट-पत्थरों से हमला करके अस्पताल पहुंचाने बाले मा- बेटे को तीन दिन का पुलिस रिमांड मिला है। अब इन्हे अगामी 20 फरवरी को फिर से अदालत मे पेश किया जाएगा। खबर की पुष्टी करते हुए थाना प्रभारी रक्कड़ गुरदेव सिंह ने बताया कि मारपीट करने वाले मां-बेटे को आज देहरा कोर्ट मे पेश किया गया था, लेकिन उन्हें तीन दिन का पुलिस रिमांड मिला है। वहीं, इस हादसे मे 49 वर्षीय देवराज के सिर पर ईंट-पत्थरों से हमला कर बेशुध कर दिया था। वहीं, परिवार के तीनों लोग टांडा मेडिकल कालेज कागंड़ा मे उपचार के लिए दाखिल है।

### जयसिंहपुर स्कूल में सजा विदाई समारोह

**जयसिंहपुर।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जयसिंहपुर में जमा दो के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह के दौरान विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जमा एक के विद्यार्थियों ने जमा दो के सभी विद्यार्थियों को टाइटल प्रदान किए व उपहार प्रदान किए। विदाई पार्टी में माहिर को मिस्टर फेयरवेल चुना गया। तमन्ना को मिस फेयरवेल चयनित किया गया। इसके साथ ही क्रिश ठाकुर को मिस्टर परफेक्ट ओर नंदनी को मिस परफेक्ट, राहुल को मिस्टर हैंडसम और तमन्ना को मिस ब्यूटीफुल चुना गया। प्रधानाचार्य संजीव चोपड़ा ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों से आह्वान किया की जीवन में हमेशा अपने गुरुओं और माता-पिता की आज्ञा का पालन करें।

### सद्गुरु कबीर साहेब का 506वां परिनिर्वाण दिवस 20 को

**डरोह।** उपमंडल धीरा के अंतर्गत सद्गुरु कबीर आश्रम भेड़ू नजदीक न्यूगल पुल (नागनी) में सद्गुरु कबीर साहेब का 506वां परिनिर्वाण दिवस 20 फरवरी दिन मंगलवार को आचार्य सत्यस्वरूप साहेब की अध्यक्षता में मनाया जा रहा है। विदित है कि सद्गुरु कबीर साहेब का निर्वाण वर्ष 1518 में माघ एकादशी के दिन उत्तर प्रदेश के मगहर नामक स्थान पर हुआ था। इस मौके पर कैप्टन हरनाम सिंह अध्यक्ष सद्गुरु कबीर आश्रम कमेटी मरूंह ने कहा कि दीप प्रज्जवलन का बीजक सुबह 10 से 11 बजे तक, भजन प्रस्तुतियां 11 से 12 बजे तक, प्रवचन दोपहर 12 से 1:30 बजे तक, पूजा, भेंट व प्रसाद वितरण 1:30 से 2 बजे तक व लंगर-भंडारा 2 बजे से लेकर शाम तक अटूट चलेगा।

### डॉक्टर सुभाष चंद्र ने संभाला कार्यभार

**जयसिंहपुर ।** सिविल अस्पताल जयसिंहपुर में बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सुभाष चंद्र ने शनिवार को कार्यभार संभाल किया है। डॉक्टर सुभाष चंद्र इससे पहले आईजीएमसी शिमला में कार्यरत थे । डॉ. सुभाष चंद्र इससे पहले नेरवा, ज्वालामुखी अस्पतालों में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं । आदर्श स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा मिलने के बाद सिविल अस्पताल जयसिंहपुर में यह चौथे विशेषज्ञ डॉक्टर हैं । शनिवार को जयसिंहपुर व्यापार मंडल के अध्यक्ष अभिषेक सूद ने भी डॉ. सुभाष से मुलाकात की और जयसिंहपुर अस्पाल में ज्वाइन करने पर उनका स्वागत किया।

### होली चाइल्ड प्ले स्कूल के सालाना समारोह की धूम



होली चाइल्ड प्ले स्कूल कांगड़ा के छात्र स्टाफ सदस्य के साथ सामूहिक चित्र में।

**कांगड़ा।** होली चाइल्ड प्ले स्कूल कांगड़ा ने रविवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम में महर्षि विद्या मंदिर स्कूल की प्रधानाचार्य पूजा शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि और स्कूल के डायरेक्टर धर्मपाल महाजन ने शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर होली चाइल्ड प्ले स्कूल कि प्रधानाचार्य वनिता महाजन ने मुख्यातिथियों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर स्कूल के विभिन्न कक्षाओं के नन्हें बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सवका मन मोह लिया। नन्हे मुन्ने बच्चों की प्रस्तुतियां इतनी बेहतरीन थी कि वहां पर उनके माता-पिता की भी कम से थिरकने लगे। इस मौके पर मुखातिथि ने स्कूल प्रबंधन का धन्यवाद व आभार प्रकट किया। उन्होंने अपने संबोधन में होली चाइल्ड प्ले स्कूल के बच्चों को रंगारंग कार्यक्रम प्रस्ततु करने पर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी। इस मौके पर मुख्यातिथि द्वारा नन्हें बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

### सीएम सुक्खू का बजट सराहनीयः सुरजीत

**डाडासीबा।** किसान सभा रियासत डाडासीबा स्थित सयुल खडड सभा के अध्यक्ष सुरजीत सिंह सपेहिया ने कहा हिमाचल प्रदेश मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा वर्ष 2024 ,25 के लिए विधानसभा में पेश किया गया बजट कई मामलों में सराहनीय है। जैसे 70 साल से अधिक आयु के बुजुर्गो को मुफ्त इलाज करवाने की सुविधा प्रदान करना, किसानों की फसलों को जंगली जानवरों व आवारा पशुओं से बचाने के लिए कंटीली बाढ़ लगवाने के लिए दस करोड़ रुपए का बजट प्रावधान करना अच्छी बात है। किसान सभा डाडासीबा इस बजट का स्वागत करती है।

### विज्ञान और गणित स्पर्धा में छाई आंशि-कीर्ति

**डाडासीबा।** हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा राष्ट्रीय अविष्कार योजना के अंतर्गत वरिष्ठ और माध्यमिक स्तर पर विज्ञान और गणित प्रतियोगिता का जिला स्तरीय का आयोजन डीआईईटी धर्मशाला में किया गया। इसमें कांगड़ा जिला के 22 विद्यालयों ने भाग लिया था। इसमें डाडासिबा सिबा ब्लॉक की व सरकारी माध्यमिक स्कूल निचला भलवाल से दो छात्र आठवीं कक्षा की छात्रा आंशि ठाकुर तथा सातवीं कक्षा की कीर्ति शर्मा ने भाग लिया। यह दोनो छात्र ब्लॉक स्तर पर प्रथम आये थे । इसमें इनका चयन जिला स्तर पर हुआ जहां इन्होंने अपनी कला व ज्ञान का प्रदर्शन किया। विद्यालय के विज्ञान और गणित अध्यापक राजेश चावला के मार्गदर्शन में छात्रों को आयोजन के लिए तैयार किया गया था। विद्यालयों के मुख्य अध्यापिका ललिता कुमारी ने छात्रों को बधाई व भविष्य के लिए कामना की साथ ही कहा की यह प्रतियोगिता काफी उच्चस्तरीय होती है। इसमें हमारे छात्रों का भाग लेना ही सौभाग्य की बात है।

## बजट को लेकर सीएम ने मंत्रियों से नहीं लिए सुझाव : राकेश शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

प्रदेश भाजपा प्रवक्ता राकेश शर्मा ने कहा कि प्रदेश का बजट, मुख्यमंत्री, मंत्रियों और अधिकारियों के सुझावों पर तैयार किया जाता है, लेकिन पिछले कल पेश बजट को लेकर लोक निर्माण विभाग के मंत्री विक्रमादित्य सिंह के बयान से लगता है कि इस बार का बजट अधिकारियों ने ही तैयार किया है। विक्रमादित्य सिंह ने भी अपने बयान में कहा है कि बजट में छूटे वर्गों में अधिकारियों की लापरवाही है। राकेश शर्मा ने कहा कि ऐसे में स्पष्ट है कि सरकार इतनी लापरवाह है कि मंत्रियों से सुझाव न लेकर अधिकारियों से बजट तैयार करवाया गया है।

जबकि मुख्यमंत्री ने इसे पढ़ने का ही काम किया है। रकेश शर्मा ने कहा कि विक्रमादित्य सिंह ने सोशल मीडिया पर डाली पोस्ट में अधिकारियों की लापरवाही पर संज्ञान लेने की भी बात कही है। सरकार के मंत्री ही जब कह रहे हैं कि बजट में अधिकारियों की लापरवाही है। इससे स्पष्ट है कि सरकार ने मंत्रियों से बजट को लेकर कोई सुझाव नहीं लिया है और न ही कोई मंत्रणा की है। राकेश शर्मा ने कहा कि इस पोस्ट से स्पष्ट है कि सरकार के मुखिया और मंत्रियों में कोई तालमेल नहीं है, अधिकारियों के सहारे ही सरकार चल रही है, ऐसे में कई वर्ग निराश हैं, जिन्हें बजट से राहत नहीं मिली है। राकेश शर्मा ने कहा कि वर्तमान प्रदेश कांग्रेस सरकार ने चुनावी वर्ष में जनता को लुभाने के लिए कोरी घोषणाओं वाला बजट प्रस्तुत किया है।

---

धर्मशाला में समग्र शिक्षा के तहत एंटरप्रेन्योरियल माइंडसेट क्लासेस कार्यक्रम के दौरान बोले सीपीएस आशीष बुटेल

# शिक्षा में होगा सुधार, 9560 करोड़ के बजट का प्रावधान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

मुख्य संसदीय सचिव (शिक्षा एवं शहरी विकास विभाग) आशीष बुटेल ने कहा कि राज्य बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए बजट में सर्वाधिक 9560 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

रविवार को धर्मशाला के कॉनिफर होटल में में समग्र शिक्षा के तहत एंटरप्रेन्योरियल माइंडसेट क्लासेस कार्यक्रम का बतौर मुख्यातिथि शुभारंभ करते हुए सीपीएस ने कहा कि युवाओं को रोजगार तथा स्वरोजगार दिलाने के लिए मार्केट डिमांड के अनुरूप प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य में वोकेशनल एजुकेशन पर विशेष बल दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान की स्थितियों को ध्यान में रखते हुए नई शिक्षा नीति के अनुरूप ही बच्चों को पढ़ाया जा रहा है, ताकि विद्यार्थियों का भविष्य बेहतर हो सके। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत, छात्रों को प्रौद्योगिकी-आधारित शिक्षण प्लेटफार्मों के एकीकरण को मान्यता दी जा रही है, ताकि विद्यार्थी अपनी अभिरूचि के अनुसार स्किल को पहचान सकें और उसी क्षेत्र में आगे बढ़ सकें। उन्होंने कहा कि राज्य का कांगड़ा पहला जिला है जहां पर पायलट आधार पर एंटरप्रेन्योरियल माइंडसेट क्लासेस कार्यक्रम आरंभ किया गया है। इससे पहले राज्य परियोजना निदेशक राजेश शर्मा ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी प्रदान की।

उन्होंने कहा कि एंटरप्रेन्योरियल माइंडसेट क्लासेस एक पायलट पहल है, जिसे कांगड़ा जिला के कक्षा 9 से 12 तक के 56,529 छात्रों के लिए तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य हिमाचल प्रदेश के युवाओं को विभिन्न आजीविका विकल्पों में सफलता के लिए आवश्यक कौशल और मानसिकता से लैस करना है। उन्होंने कहा कि एंटरप्रेन्योरियल माइंडसेट क्लासेस के माध्यम से, छात्रों में उद्यमशीलता, अवधारणाओं को सुदृढ़ करने के लिए डिजाइन की गई व्यापक अध्ययन सामग्री प्रदान की जाएगी। इसके अलावा, इस पहल का उद्देश्य शिक्षकों को मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित करके उनको सशक्त बनाना है। इससे दीर्घकालिक रूप से कार्यक्रम की स्थिरता और प्रभावशीलता सुनिश्चित हो सके।



कार्यक्रम के दौरान सीपीएम आशीष बुटेल को सम्मानित करने का दौर।

### बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम किए प्रस्तुत

**इस** अवसर पर एंटरप्रेन्योरियल माइंडसेटर क्लासेस के उद्देश्यों को दर्शाती हुई प्रजेंटेशन भी दी गई। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक तथा विद्यार्थी भी उपस्थित थे।

## बड़ोह में बहू ने पावर ऑफ अटॉर्नी लेकर बेच डाली विधवा सास की जमीन

### प्रताड़ना के बाद वृद्ध महिला ने रेन शेल्टर में लिया आसरा

**स्वामी राम शर्मा, नगरोटा बगवां**

नगरोटा बगवां की बड़ोह तहसील के एक गांव में बहू ने अपनी विधवा सास से जमीन की पावर ऑफ अटॉर्नी लेकर जमीन बेच डाली। सास को जब जमीन बेचने का पता चला तो वह मानसिक रूप से प्रताड़ित होकर कंडी गांव में बने एक रेन शेल्टर में आश्रय लेकर रहने लगी।

वह पिछले दो दिन से कड़क ठंड में वहीं रातें गुजारने को मजबूर हो गई। गुमनामी में जी रही वृद्धा की पुकार आखिर किसी व्यक्ति ने नगरोटा बगवां के एसडीएम मुनीष शर्मा तक पहुंचाई। जब उन्हें इस घटनाक्रम के बारे में पता चला तो वह भी हैरान हो गए। (अनंत ज्ञान)

### एसडीएम ने फरिश्ता बन बचाई वृद्धा की जान

**इस** सारे घटनाक्रम में नगरोटा बगवां के एसडीएम मुनीश शर्मा फरिश्ता बनकर आए और उन्होंने वृद्ध महिला की जान बचाकर नेक कार्य किया। जब उन्हें वृद्ध महिला के साथ हुई ज्यादती का पता चला तो उन्होंने बड़ोह तहसील के तहत आते पटवार वृत्त से भूमि संबंधी जानकारी प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने रविवार को तुरंत एक्शन लेकर नगरोटा बगवां पुलिस थाने की गाड़ी भिजवाकर पीड़ित वृद्ध महिला को दाड़ी स्थित वृद्ध आश्रम भिजवाया। एसडीएम की इस नेक और दरियादिली की दिनभर सोशल मीडिया में भी चर्चा रही। सूत्र बताते हैं कि उक्त पीड़ित महिला के दो बेटे हैं जो शादीशुदा हैं। एक बेटा अपनी बीमारी के कारण टांडा मेडिकल कॉलेज में उपचार करवा रहा है। एसडीएम, मुनीष शर्मा ने बताया कि इस सारे घटनाक्रम की आगामी छानबीन जारी है।



कंडी स्थित रेन शेल्टर में आश्रय लिए पीड़ित वृद्ध महिला।

## दो डॉक्टरों के हवाले गंगथ अस्पताल

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

गंगथ सीएचसी को वर्ष 2020 में सिविल अस्पताल का दर्जा मिलने के बाद 50 बेड का कर दिया गया था। लोगों की अपेक्षा थी कि यहां स्वास्थ्य सेवाएं और सुदृढ होंगी व अतिरिक्त स्टाफ आने से लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होगी। छह डॉक्टरों की पोस्ट होने के बावजूद स्टाफ सिविल अस्पताल में मात्र दो डॉक्टर ही रह गये है। आनन फानन में प्रदेश सरकार के हाल में लिए गए निर्णय से डॉक्टरों के डेपुटेशन कैंसिल करने का असर गंगथ सिविल अस्पताल की कार्यक्षमता प्रभावित हुई है। कुछ समय पूर्व यहां चार डॉक्टर कार्यरत थे। एक डॉक्टर के पीजी पर जाने व दूसरे डॉक्टर के डेपुटेशन कैंसिल होने से हॉस्पिटल का जिम्मा वर्तमान में दो महिला डॉक्टरों के कंधे पर ही रह गया है। वहीं, दिन- रात ड्यूटी करने से डॉक्टरों को अतिरिक्त तनाव व दबाव का कार्य करने का मजबूर होना पड़ रहा है । गौरतलब है कि इस कथित सिविल अस्पताल पर गंगथ, रप्पड़ ,भलाख, डागला, अनोह, चूरूड़ी, घेटा, डागला, सहित अनेक पंचायतों के लोग उपचार हेतु इस अस्पताल पर आश्रित हैं।

गंगथ के पंचायत प्रधान सुरिंद्र भल्ला, भलाख पंचायत के प्रधान झंडू राम, रप्पड़ पंचायत के प्रधान शारदा देवी ,अटाहड़ा पंचायत के प्रधान रशपाल पठानिया आदि ने प्रदेश सरकार व स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि गंगथ अस्पताल में डॉक्टरों के पद शीघ्र भरे जाए।





गंगथ अस्पताल

### जल्द मांगा समस्या का समाधान

**जिलाध्यक्ष** डॉक्टर एसोसिएशन, कांगड़ा डॉ. सन्नी धीमान ने कहस कि सरकार जल्द से स्वास्थ्य संस्थानों में रिक्त पड़े पदों को भरे। नूरपुर ब्लॉक के गंगथ में चार पद रिक्त है। वहीं, अन्य तीन पीएचसी में तीन डॉक्टरों के पद खाली है। दिन रात कार्य करने से डॉक्टरों के मानसिक व शारीरिक क्षमता प्रभावित हो रही है।

### जल्द भरे जाएंगे रिक्त पद

**विधायक** इंदौरा मलेंद्र राजन ने कहा कि गंगथ अस्पताल में रिक्त चल रहे पदों को शीघ्र भरने का प्रयास किया जाएगा। प्रदेश सरकार लोगों को उचित स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए वचनबद्ध है।

## बडलठोर की रुचि शर्मा बनी सीनियर नर्सिंग ऑफिसर

**शालनी शर्मा, रक्कड़**

जिला कांगडा स्थित ब्लॉक खंड परागपुर के अंतर्गत गांव निचली बढल से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की 29 बर्षिय बेटी रुचि शर्मा रायपुर में सिनियर नर्सिंग ऑफिसर बनकर एक नई मसाल कायम की है। जोकि देवभूमि हिमाचल के लिए बड़े गर्व की बात है। करीब 20 वर्ष पहले बाप का साया सिर से उठ जाने के बाद भी रुचि शर्मा की इस तैनाती ने साबित कर दिया कि भविष्य उज्ज्वल बनाने के लिए चाहे कितनी भी कठोर मेहनत क्यो न करना पड़े आखिर एक न एक दिन मजिंल खूद व खूद कदम चुमती है। वहीं, रुची शर्मा की माता सुनीता देवी एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता है। वहीं, सुनीता देवी ने बताया कि दादा-दादी की मदद से उन्होंने बच्चों का पालन पोषण तो कर लिया, किंतु बच्चों की उच्च शिक्षा के दौरान ही दादा दादी का भी निधन हो गया। सुनीता देवी का कहना है उनकी बड़ी बेटी रुचि शर्मा बचपन से ही पढाई मे बहुत तेज थी। जिस, बजह से पीडित मां ने बड़ी ही कठिनाई और कर्ज लेकर रुचि शर्मा की पढ़ाई पूरी करवाई। वहीं, रुचि शर्मा सिनियर नर्सिंग आफिसर बनकर अपने दादा किशन चंद शर्मा, दादी सत्या देवी, पिता स्व. सुरेंद्र कुमार शर्मा, माता सुनीता देवी का नाम रोशन किया। (अनंत ज्ञान)



## हक के लिए लड़ने को मजबूर पौंग बांध विस्थापित

### संयुक्त प्रेसवार्ता के दौरान बोले पौंग बांध विस्थापित संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष अश्विनी कुमार

**अनिल छांगू, जवाली**

विस्थापन के 60 साल उपरांत भी पौंग बांध विस्थापित अपने हक की लड़ाई लड़ने को मजबूर हैं तथा अपने हक की लड़ाई लड़ रहे हैं। यह बात पौंग बांध विस्थापित संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष अश्विनी कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष प्यारे लाल सीनियर वाइस प्रेसिडेंट विशंभर सिंह पंगडोत्रा ने संयुक्त प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय के 26 जुलाई 1996 को विस्थापितों के हक में दिए गए आदेशों के बाद भी न्याय नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि राहत एवं पुनर्वास उपायुक्त राजा का तालाब द्वारा विस्थापितों को जैसलमेर में मुरब्बे आवंटित किए जा रहे हैं जबकि वहां पर रहने के लिए कोई भी मूलभूत सुविधा नहीं है। अश्विनी कुमार शर्मा व प्यारे लाल ने कहा कि वर्ष 2021 में राहत एवं पुनर्वास उपायुक्त राजा का तालाब ने रिपोर्ट दी थी कि जैसलमेर में कोई भी मूलभूत सुविधा नहीं है तथा वहां पर विस्थापितों को मरब्बे न दिए जाएं। लेकिन मौजूदा समय में कार्यरत डीसी-आर एंड आर राजा का तालाब द्वारा इस रिपोर्ट को नजरअंदाज करके विस्थापितों को जैसलमेर में मरब्बे आवंटित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विस्थापितों के लिए जिला गंगानगर में 2.20 हेक्टेयर जमीन रिजर्व है लेकिन इसमें से 70 हजार एकड़ भूमि ही आवंटित की गई है। जबकि बाकी भूमि पर वहां के भू माफिया का कब्जा है। 1188 मरब्बे भी इसी भूमि का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि डीसी आर एंड आर की राजस्थान सरकार के साथ सांठगांठ लग रही है और यही कारण है कि जबरन ही विस्थापितों को जैसलमेर में मरब्बे दिए जा रहे हैं। जैसलमेर में पीने का पानी, सिंचाई ले लिए पानी, सड़कों का कोई साधन नहीं है। उन्होंने कहा कि हाई पावर कमेटी की रिपोर्ट्स को भी उपायुक्त राहत एवं पुनर्वास राजा का तालाब नहीं मान रहे हैं। उन्होंने कहा कि उपायुक्त राहत एवं पुनर्वास राजा का तालाब ने अगर अपनी मनमर्जी को जारी रखा तो समिति उनके खिलाफ मोर्चा खोलने को बाध्य होगी। किसी भी सूरत में जैसलमेर में मरब्बे मंजूर नहीं किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हमने डैम केज लिए अपनी बेशकिमती जमीनों को बलि दी थी। लेकिन अब हम मूलभूत सुविधाओं से वंचित जमीन क्यों लें। करार अनुसार गंगानगर में ही जमीन दी जाए। इस मौके पर कमेटी सदस्य सीनियर वाइस प्रेसिडेंट विशंभर सिंह पगडोत्रा, उत्तम चंद, प्रताप सिंह, राजिंद्र कुमार, जगरूप सिंह, जसवंत सिंह इत्यादि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)



### जैसलमेर में मुरब्बे मंजूर नहीं

**उन्होंने** कहा कि उपायुक्त राहत एवं पुनर्वास राजा का तालाब ने अगर अपनी मनमर्जी को जारी रखा तो समिति उनके खिलाफ मोर्चा खोलने को बाध्य होगी। किसी भी सूरत में जैसलमेर में मुरब्बे मंजूर नहीं किए जाएंगे।

### लाखामंडल पंचायत के तीन वार्डों में कूड़ा-कर्कट किया एकत्रित

**नगरोटा बगवां।** नगरोटा बगवां विधानसभा क्षेत्र में सटे लाखामंडल पंचायत में जगोरी संस्था द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत पंचायत के तीन वार्डो में कूड़ा-कर्कट इकठ्ठा करके उसे एक जगह रखा गया। इस अभियान में एक अन्य संस्था वेस्ट वॉरियर ने भी भाग लिया और एकत्रित सुखे कचरे को पुनः इस्तेमाल करने के लिए इसे धर्मशाला स्थित अपनी संस्था में ले गए। इस मौके पर 135 लोगों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित करवाई। गांव के पंचायत प्रतिनिधियों ने भी इस अभियान में भरपूर भाग लिया। पंचायत प्रधान नीरज द्वारा गांव को भविष्य में भी इसी तरह स्वच्छ रखने के लिए लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर जगोरी के कार्यकर्ताओं ने लोगों को प्रकृति को स्वच्छ रखने के लिए जागरूक किया और गाने के माध्यम से प्रकृति और मनुष्य के मिलन के बारे में प्रस्तुति दी।



### सीएम का बजट लिखेगा नई गाथा : अश्वनी

**गरली।** संयुक्त सचिव कांग्रेस सेवा दल अश्वनी शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अगुआई में पेश किया गया बजट प्रदेश विकास की नई गाथा लिखेगा। वहीं, सत्ता हाथ से जाने के बाद भाजपा नेता बौखला उठे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की ओर से पेश किए गए बजट में हर वर्ग के हितों का ध्यान रखा गया है। बजट को लेकर भाजपा नेताओं की बोलती बंद हो चुकी है। उन्होंने कहा कि ओर से किसान, युवा, कर्मचारियों, महिलाओं सहित अन्य वर्गो को देखते हुए बजट प्रस्तुत किया। इसका लाभ प्रदेश की जनता को मिलेगा। वहीं, विकास कार्यो को भी प्राथमिकता दी गई है। अशवनी शर्मा ने कहा सीएम सुखविंद्र सिह सुक्खू ने जिला कागंड़ा का विशेष ध्यान रखते हुए हिमाचल का सबसे बड़ा चिड़िघर उप मंडल देहरा के गांव बनखंडी में बनाने के लिए पहल की है। इसके अलावा यहां पृयटको को बढ़ावा देने के उदेश्य से कई लाभकारी घोषणाएं की है। उन्होंने कहा कि सरकार का बजट ऐतिहासिक है और भाजपा नेता बजट देखकर परेशान हैं। उन्होंने कहा कि हर वर्ग को इसका लाभ मिलेगा।



**गुड न्यूज** नगर निगम के तहत वार्ड-14 सरस्वती महिला मंडल भवन का कार्य 12 साल से था अधूरा, लोगों में खुशी की लहर

# सरस्वती महिला मंडल भवन को मिलेंगे तीन लाख रुपए

**कपिल पंडित, धर्मशाला**

धर्मशाला नगर निगम के तहत वार्ड-12 के सरस्वती महिला मंडल भवन निर्माण के लिए तीन लाख रुपए मिलेंगे। इस बात की घोषणा धर्मशाला के स्थानीय विधायक सुधीर शर्मा ने की है।

वार्ड-12 की महिलाओं के लिए बनने वाला उक्त महिला मंडल भवन वार्ड-14 में बनाया गया है जिसका निर्माण कार्य करीब 12 वर्ष पूर्व शुरू हुआ था लेकिन इतने लंबे समय के बाद भी यह महिला मंडल अधूरा था। अब 3 लाख रूपए की धनराशि मिलने से उक्त महिला मंडल भवन के अधूरे कार्य को पूरा किया जा सकेगा। गौरतलब है कि इस मामले को अनंत ज्ञान अखबार ने, महिला मंडल भवन है या यह पशु मंडल भवन, शीर्षक से प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर पर संज्ञान लेते हुए मौजूदा विधायक ने उक्त धनराशि जारी करने का एलान किया है। गौरतलब है कि धर्मशाला नगर निगम के अंतर्गत वार्ड-14 अप्पर दाड़ी में महिला मंडल भवन का निर्माण शिलान्यास करीब 12 वर्ष पूर्व हुआ था। शिलान्यास वर्ष 2012 में तत्कालीन विधायक एवं मंत्री किशन कपूर ने किया था। भाजपा के सत्ता से जाने के बाद कांग्रेस सरकार बनी, कांग्रेस के बाद भाजपा और अब तीसरी बार कांग्रेस पार्टी की सरकार बन गई है लेकिन उक्त महिला मंडल का भवन नहीं बन पाया। इस आधे-अधूरे महिला मंडल भवन में अब स्थानीय लोग पशुओं को बांध कर इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। सरस्वती महिला मंडल के लिए यह महिला मंडल भवन स्वीकृत हुआ था। महिला मंडल में करीब 29 सदस्य हैं। सरस्वती महिला मंडल की सदस्यों ने इसके निर्माण के लिए विभिन्न माध्यमों से मांग उठाई लेकिन लंबा अरसा बीतने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं पाई। उक्त धनराशि जारी होने पर अब महिला मंडल सदस्यों ने राहत की सांस ली है। सरस्वती महिला मंडल प्रधान प्रकाश देवी ने विधायक सुधीर शर्मा को धनराशि जारी करने के लिए धन्यवाद किया है। (अनंत ज्ञान)

अनंत ज्ञान इंपैक्ट



दाड़ी में बना सरस्वती महिला मंडल भवन।



महिला मंडल भवन है या पशु मंडल भवन

2012 में शुरू हुए सरस्वती महिला मंडल भवन का कार्य 12 साल बाद भी अधूरा

लोग पशुओं को बांधकर कर रहे यूज

अनंत ज्ञान ने प्रमुखता से उठाया था मामला।

### किशन कपूर ने किया था शिलान्यास

**अप्पर** दाड़ी में महिला मंडल भवन का निर्माण शिलान्यास करीब 12 वर्ष पूर्व हुआ था। शिलान्यास वर्ष 2012 में तत्कालीन विधायक एवं मंत्री किशन कपूर ने किया था।

## न्यूज ब्रीफ

### सामाजिक, आर्थिक योजनाओं की होगी समीक्षा

**धर्मशाला।** उपायुक्त हेमराज बैरवा ने बताया कि राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग, भारत सरकार की उपाध्यक्ष अंजना पंवार का 22 फरवरी को कांगड़ा जिला का प्रवास है। इस दौरान सफाई कर्मचारियों उनके आश्रितों के सामाजिक आर्थिक एवं शैक्षणिक जीवन का अध्ययन करने तथा उनके पुनर्वास के लिए स्वरोजगार योजना की समीक्षा की जाएगी। उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को पूर्ण विवरण के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही नगर निगम प्रशासन को सफाई कर्मचारियों से संबंधित संगठनों के प्रतिनिधियों को भी बैठक में आमंत्रित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग को वस्तु स्थिति से अवगत करवाया जा सके।

### 24 व 25 को यहां-यहां बंद रहेगी बिजली

**बैजनाथ।** 132/33 केवी सब-स्टेशन दैहन में मरम्मत कार्य के चलते 24 तथा 25 फरवरी को विद्युत उपमंडल पपरोला के अंतर्गत 11 केवी पपरोला फीडर, अल्हिलाल फीडर, एमईएस फीडर और मझेरणा फीडर के तहत आने वाले पपरोला मेंन बाजार, नवोदय विद्यालय, कंडी, आयुर्वेदिक कॉलेज, खतरेहड़, मझेरणा रोड, उतराला रोड, पपरोला, बुरली कोठी, मझेरणा, चकोल बेहड़ु, रक्कड़, सगुर, टिककरी, ठारू, पंतेहड़, कुकैना, टाशीजोंग, तारागढ़, झिकली भेठ, घोडीपीठ, अवैरी, पढीयारखर, नोरी, जंडपुर, त्रेहल, सुंगल, बनूरी, कंडवाडी, रजेहड़, ग्वाल टिक्कर, ननाहर तथा आसपास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति नौ से शाम पांच बजे तक बंद रहेगी। सहायक अभियंता मोहित ठाकुर ने सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### परागपुर में 68 लोगों ने किया रक्तदान



कार्यक्रम के दौरान रक्तदान करते स्वयंसेवी।

**परागपुर।** श्री सत्य साई सेवा समिति जिला कांगडा के सौजन्य से रविवार को राधा कृष्ण मंदिर परागपुर में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें हार दयाल पंचायत के सुभाष ठाकुर व उनके बेटे सक्षम ठाकुर सहित उपमंडल भर के 68 लोगों ने अपना रक्तदान करके इस मूहिम को सफल बनाया। समिति जिला अध्यक्ष शेष भूषण की अध्यक्षता मे आयोजित हुए इस महायज्ञ में बतौर चीफ गेस्ट स्टेट चैयरमैन नीरज शर्मा ने शिरकत की। जबकि इस दौरान क्षेत्र के वरिष्ठ बायोवृद्ध नागरिक बृज मोहन सूद एडवोकेट अजय ठाकुर, अनुराग सूद, राजेंद्र कुमार, अमित बालिया, रविंद्र शस्त्री, मुनीष आदि कई गणमान्य लोग माजूद रहे।

### महेश ठाकुर होंगे बीडीओ रैत, संभाला कार्यभार



**कांगड़ा।** विकास खंड रेत मैं खंड विकास अधिकारी महेश ठाकुर ने कार्यभार संभाल लिया है । महेश ठाकुर विकासखंड रैत के 43वें खंड विकास अधिकारी बने हैं। इससे पूर्व कंवर सिंह विकास अधिकारी थे, जिनका तबादला जिला चंबा में हो गया। है। महेश ठाकुर का कहना है कि उनकी प्रथम प्राथमिकता प्रदेश सरकार की योजनाओं को घर-घर पहुंचना है तथा मनरेगा के कार्यों को पूर्ण करना है।सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं का लाभ आम जनता को मिले। उन्होंने कहा कि विकास खंड के तहत आने वाली सभी पंचायतों का समय समय पर दौरा करके पंचायतों मे हो रहे विकास कार्यों का जायजा लिया जाएगा।

## कांगड़ा जिले के सैकड़ों किसान उठा रहे योजना का लाभ, 1600 रुपए में मिलती है मधुमक्खी कॉलोनी

# मुख्यमंत्री मधु विकास योजना से जुड़ कर करें बेरोजगारी दूर

**कपिल पंडित, धर्मशाला**

जिला कांगड़ा के सैकड़ों किसान व्यावसायिक तौर पर मधुमक्खी पालन कर अपनी अर्थिकी मजबूत कर रहे हैं।

शहद के व्यावसायिक उत्पादन में क्रांति लाने के लिए प्रदेश सरकार और उद्यान विभाग युवाओं को मधुमक्खी पालन और उत्पादन को प्रोत्साहित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री मधु विकास योजना से जुड़ कर युवा बीकीपिंग को व्यवसाय के रूप में अपनाकर अच्छी आय अर्जित कर सकते हैं। इस योजना के तहत मधुमक्खी पालन बढ़ाने के लिए 80 प्रतिशत लागत राशि या 1600 रुपए प्रति मधुमक्खी कॉलोनी दी जाती है जोकि 50 मधुमक्खी कॉलोनियों या यूनिट तक होती है। मधु विकास योजना के तहत प्रदेश के हर ब्लॉक मुख्यालय पर विभाग की ओर से एक-एक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाता है, जहां मधुमक्खी पालन और योजना के बारे में जानकारी प्रदान की जाती है। घरों में देसी मधुमक्खी पालने वाले को भी प्रति छत्ता 1000 रुपए दिए जाते हैं। शहद की इकाई स्थापित करने के लिए परियोजना की लागत का 100 प्रतिशत मधुमक्खी वनस्पतियों के रोपण के लिए भी प्रदान किया जाता है। मधु विकास योजना का लाभ लेने के लिए लाभार्थी ब्लॉक में इस योजना का फॉर्म भर कर दस्तावेजों के साथ जमा करवा सकता है। योजना के तहत ट्रेनिंग के दौरान किसानों को ट्रेनिंग भत्ता भी प्रदान किया जाता है। उपनिदेशक उद्यान विभाग जिला कांगड़ा डॉ. डीआर वर्मा ने बताया कि जिला कांगड़ा के कई किसान व्यवसायिक तौर पर मधुमक्खी पालन से जुड़े हुए हैं और अच्छा लाभ अर्जित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि किसानों को विभाग की ओर से समय-समय पर प्रशिक्षण दिया जाता है और साथ ही शहद की मार्केटिंग में भी मदद प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि मधुमक्खी पालन बेरोजगार युवाओं के लिए एक अच्छा रोजगार का साधन बन सकता है। उपनिदेशक ने कहा कि वह विभाग की अधिकारिक वेबसाइट पर योजना की अधिक जानकारी ले सकते हैं, इसके अतिरिक्त उद्यान विभाग में भी संपर्क कर सकते हैं। (अनंत ज्ञान)



### समय-समय पर दिया जाता है प्रशिक्षण

**उपनिदेशक** उद्यान विभाग जिला कांगड़ा डॉ. डीआर वर्मा ने कहा कि जिला कांगड़ा के कई किसान व्यवसायिक तौर पर मधुमक्खी पालन से जुड़े हुए हैं और अच्छा लाभ अर्जित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि किसानों को विभाग की ओर से समय-समय पर प्रशिक्षण दिया जाता है और साथ ही शहद की मार्केटिंग में भी मदद प्रदान की जाती है।

### जुगियाल-जक्ख से निकाली शोभायात्रा

**शाहपुरकंडी।** श्री गुरु रविदास जी महाराज के 647वें प्रकाश उत्सव के मौके पर आज श्रीगुरु रविदास धार्मिक सभा जुगियाल-जक्ख से विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया जो विभिन्न गांव से होती हुई गांव-घोह में पहुंची। जहां श्री गुरु रविदास धार्मिक सभा के सदस्यों एवं समूह संगत की ओर से प्रभात फेरी का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर पंजाब के कैबिनेट मंत्री लालचंद-कटारूचक विशेष तौर पर उपस्थित हुए। उन्होंने गुरु घर के निर्माण कार्य के लिए दो लाख की राशी देने की घोषणा की। उन्होंने आई हुई संगत को श्री गुरु रविदास जी महाराज के 647वें प्रकाश पर्व पर बधाई देते हुए कहा कि हमें गुरु महाराज जी के बताएं मार्ग पर चलने का प्रयास करना चाहिए। इस मौके पर कमेटी की ओर से उन्हें सिरोपा एवं पुष्प माला भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रविदास धार्मिक समाज के प्रधान जागीर सिंह, बलबीर सिंह, राणा साहिब, जनरल सेक्टरी नबीन कुमार, कैशियर मनजिंद्र सिंह, लखविंद्र सिंह, मनदीप, मंगल सिंह, विक्की, विजय, रोकी, राजीव, दिनेश सहित भारी संख्या में संगत उपस्थित रही।



भवारना। स्वामी विवेकानंद ग्रुप ऑफ इंस्टिच्यूट चंडीगढ़ और मदर टेरेसा समाज सेवा संस्था भवारना की ओर से रोशन पैलेस में जमा दो कक्षा की करियर काउंसलिंग का सेमिनार करवाया गया। इस सेमिनार में रिटायर प्रिंसिपल सुरेश जम्वाल ने बतौर चीफ गेस्ट शिरकत की। मदर टेरेसा समाज, सेवा की अध्यक्षा बबली शर्मा और कॉलेज के एडमिनिस्ट्रेशन हैड अक्षय भी इसमें मौजूद रहे।

### जयसिंहपुर कॉलेज में छात्रों को दिए करियर पर टिप्स

**प्रवीण मिश्रा, जयसिंहपुर**

18 फरवरी को कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय, जयसिंहपुर से वाणिज्य विभाग के प्रो रविंद्र जग्गी, कला संकाय विभाग के प्रो विकास कलोत्रा और विज्ञान विभाग के प्रो सुमिक्सल सूद ने जयसिंहपुर क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में छात्रों को महाविद्यालय में आने वाले सत्र में विभिन्न विभागों में होने वाली प्रवेश प्रक्रिया हेतु जानकारी प्रदान की।

इसके साथ साथ शिक्षा व उच्च स्तरीय शिक्षा का हमारे जीवन में क्या महत्व है यह भी समझाया। महाविद्यालय में विभिन्न संकायों में होने वाली गतिविधियों के साथ साथ छात्रों के मानसिक व शारीरिक विकास हेतु दी गई सुविधाओं जैसे की जिम, योग, विभिन्न प्रकार के खेलकूद इत्यादि के बारे में भी जानकारी साझा की। समय समय पर होने वाले कला, सांस्कृतिक, इत्यादि कार्यक्रमों के बारे में भी विस्तार पूर्वक बताया। महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय प्रो. उपेंद्र शर्मा ने इस तरह के कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम आगे भी जारी रखे जाएंगे। (अनंत ज्ञान)




### कृषि सेवा सहकारी सभा कस्बा स्यूल के चुनाव 27 को

**डाडासीबा।** डाडासीबा तहसील के अंतर्गत आने वाली दी कस्बा स्यूल कृषि सेवा सहकारी सभा के प्रधान व अन्य कार्यकारिणी सदस्यों के चुनाव 27 फरवरी को होने सुनिश्चित हुए हैं। यह जानकारी सभा के सचिव दिलबाग सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि नामांकन 12 फरवरी को भरे जाएंगे। सभी सभा सदस्यों से निवेदन है कि वह चुनाव प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर भाग ले।

## सुक्खू सरकार का बजट तारीफ के लायक नहीं : चक्षु

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



कांग्रेस ने सत्ता में आने से पहले फिर झूठ बोला और सत्ता में आने के बाद पहले बजट में किए गए वादे के अनुसार कार्य नहीं हो पाए हैं। अब दोबारा झूठ बोलकर गुमराह किया जा रहा है। हिमाचल प्रदेश भाजपा मीडिया सह-प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु ने कांग्रेस सरकार के दूसरे बजट को सिरे से खारिज किया है। चक्षु ने कहा कि बजट में फिर से झूठ बोलने और लोगों को गुमराह करने का प्रयास किया है। कांग्रेस ने सत्ता में आने से पहले झूठ बोला और सत्ता में आने के बाद पहले बजट में किए गए वायदे के अनुसार कार्य नहीं हो पाए हैं। अब दोबारा झूठ बोलकर गुमराह किया जा रहा है। विश्व चक्षु ने कहा कि लोकसभा चुनाव से ठीक पहले भी गुमराह करने के लिए प्रयास किया गया। किसी भी वर्ग को राहत नहीं दी गई है। हिमाचल की जनता इस बजट को पूरी तरह से नकारेगी। कर्मचारी हितैषी कहने की बात कही गई, लेकिन ऐसा कुछ नहीं है। एडवोकेट चक्षु ने कहा कि ओपीएस का भी बजट में कोई जिक्र नहीं है। 50 प्रतिशत लास्ट पेड ड्रोन पेंशन सुविधा को कम करने की दिशा में काम हो रहा है। इसे 30 फीसदी करने की योजना चल रही है। 14 माह में कांग्रेस सरकार ने 14 हजार करोड़ रुपये ऋण लिया है। दूध की कीमतें नहीं मिल पाई हैं। हजारों खुले हुए संस्थान बंद किए हैं।

### ग्रामीण हिमाचल की समृद्धि सुनिश्चित करेगा सरकार का बजट

**देहरा।** मत्स्य पालन पार्टी विंग के समन्वयक नरदेव कंवर ने कहा कि सरकार का बजट ग्रामीण हिमाचल की समृद्धि सुनिश्चित करेगा और किसान व बागवानों को इससे बड़े स्तर पर लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देते हुए इसे स्वरोजगार से जोड़ने की पहल के दृष्टिगत राजीव गांधी प्राकृतिक खेती स्टार्ट-अप योजना के तृतीय चरण में कई उपाय प्रस्तावित हैं। यह मुख्यमंत्री की दूरदर्शी सोच के अनुरूप है जिन्होंने युवाओं को रोजगार व स्वरोजगार से जोड़ने के लिए 680 करोड़ रुपये की यह योजना आरम्भ की है। इससे किसानों की आय में बढ़ोतरी के साथ ही बड़े स्तर पर कृषक वर्ग रसायनमुक्त खेती के प्रति प्रोत्साहित होगा। उन्होंने कहा कि बागवानी क्षेत्र में 12 करोड़ रुपये की लागत से एक उत्कृष्टता केंद्र स्थापित होने से यह बागवानी उत्पादों की गुणवत्ता, दक्षता, पर्यटन और विपणन से संबंधित बागवानों की विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा करने के दृष्टिगत एक संसाधन केंद्र के रूप में कार्य करेगा। उन्होंने बजट में घोषित डिजिटल मीडिया पॉलिसी-2024 की सराहना की।

## पकलोह स्कूल में सालाना समारोह की धूम, छात्रों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी**

विधायक संजय रतन ने रविवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पकलोह के वार्षिक उत्सव में मेधावी बच्चों को पुरस्कृत किया इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर प्रतिभा के जौहर दिखाए। विधायक संजय रतन ने बतौर मुख्यातिथि बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार शिक्षा के व्यापक सुधार के कारगर कदम उठा रही है तथा बजट शिक्षा क्षेत्र को विशेष प्राथमिकता दी है, ताकि युवा पीढ़ी का भविष्य बेहतर हो सके। विधायक संजय रतन ने कहा कि आज के ग्लोबल विश्व में यह अनिवार्य शर्त है कि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे भी विश्व की नवीनतम तकनीक से घर बैठे जुड़ सकें तथा आने वाले समय में दुनिया में कहीं भी अपनी क्षमता के आधार पर रोजगार एवं स्वरोजगार प्राप्त कर सकें।

उन्होंने कहा कि सरकार ने पहली कक्षा से ही अंग्रेजी माध्यम का विकल्प दिया है। विभिन्न शोध यह स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं कि भाषाएं सीखने का सबसे अच्छा समय 12 वर्ष की आयु तक होता है। अत: पहली कक्षा से ही अंग्रेजी माध्यम का विकल्प समय की मांग है।

इस निर्णय से प्रदेश के सभी बच्चों को और विशेष रूप से गांव के बच्चों को लाभ होगा पूरे प्रदेश में शिक्षण संस्थानों को चरणबद्ध तरीके से पूर्व निर्धारित मापदंडों के अनुसार उत्कृष्ट संस्थानों के रूप में विकसित किया जाएगा। वर्ष 2024-25 में 850 शिक्षण संस्थानों को उत्कृष्ट संस्थान बनाए जाने का लक्ष्य बजट में निर्धारित किया गया है। विधायक ने विद्यार्थियों द्वारा अर्जित उपलब्धियां की सराहना करते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि चूंकि किसी भी विषय में और अधिक सुधार की गुंजाइश अवश्य रहती है। ऐसे में विद्यार्थियों को एकाग्र चित से निष्ठा पूर्वक मेहनत कर अपने आप को और सशक्त बनाना चाहिए। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने स्कूल को सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए 11000 रुपए की राशि भी प्रदान की।




कार्यक्रम में पहुंचने पर विधायक संजय रतन को सम्मनित करती छात्राएं।

## त्रिस्तंभ आहार, निद्रा, ब्रह्मचर्य का महत्व

**अनंत ज्ञान विशेष**

हेल्थ टिप्स



**डॉ. रामस्वरूप चांद**
(बीएएमएस,डीएनएनवाई)
( नगरोटा बगवां)

आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के मुख्य उद्देश्य 'स्वस्थस्य स्वास्थ्य रक्षणम, आतुरस्य रोग प्रशमनं च' अर्थात स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा करना और रुग्ण व्यक्ति को रोगमुक्त करना, की पूर्ति हेतु जहां बीमारियों का इलाज किया जाता है, वहीं पर बीमारियों से बचकर शरीर को रोगमुक्त कैसे रखा जाता है, इसका भी विस्तृत वर्णन किया गया है। शरीर को स्वस्थ और रोगमुक्त रखने के लिए हमारी दैनिक चर्या में तीन बातें यथा आहार (खाद्य पदार्थो), निद्रा(नींद) और ब्रह्मचर्य(नैतिक आचरण) का बहुत महत्व होता है।

आयुर्वेद में स्वास्थ्य रक्षण जिसे हम आधुनिक परिवेश में प्रिवेंटिव व सोशल मेडिसिन भी कह सकते हैं के लिए बृहत वर्णन किया गया है। इसके अंतर्गत क्या खाएं, कैसे आराम करें और किस प्रकार का व्यवहार करें, यह सारी बातें वैज्ञानिक तरीकों से बताई गई हैं। इन्हीं तीन बातों पर आचरण करने को स्वस्थ और सुखी जीवन का आधार स्तंभ कहा जाता है, इसी को आयुर्वेद में त्रिस्तंभ के नाम से वर्णित किया गया है।आज के व्यस्त जीवन चक्र में इन तीन मूल सिद्धान्तों पर अम्ल कर शरीर को स्वस्थ रखा जा सकता है। त्रिस्तंभों में हम सर्वप्रथम आहार की चर्चा करते हैं।शरीर को ऊर्जावान बनाए रखने के लिए आहार की आवश्यकता रहती है। हम तीनों प्रहर जो भी खाते पीते हैं,उसका सीधा सीधा प्रभाव शरीर की क्रियायों पर पड़ता है। अत: यह अति आवश्यक होता है कि जो भी खाया पिया जाए उससे शारीरिक ऊर्जा में बढ़ोतरी हो। भोज्य पदार्थों में उचित मात्रा में प्रोटीन, कार्बोहायड्रेट, विटामिंस, फैट व प्रचुर मात्रा में आयरन, कैल्शियम और एंजाइम्स होने चाहिए।

भोजन में ज्यादातर सुपाच्य पदार्थों का प्रचुर मात्रा में प्रयोग और गरिष्ठ पदार्थों से परहेज रखना चाहिए। आधुनिक समय के दृष्टिगत समान्यता भोजन को तीन प्रकारों में रख सकते हैं। 1) मांसल और सौष्ठव बढ़ाने वाला, 2)ऊर्जावान और ताकत बढ़ाने वाला, 3) सुपाच्य और बीमारियों से बचाने वाला। पहली प्रकार के भोजन की आवश्यकता किशोरवय युवाओं,वेट लिफ्टर व बॉडी बिल्डर को रहती है, जिसमें प्रोटीन, फैट्स व विटामिन्स की भारी मात्रा शामिल रहती है।

दूसरे प्रकार के भोजन की खिलाड़ियों, किसान मजदूरों और दिनभर मेहनत करने वाले लोगों को पड़ती है। इसमें कार्बोहायड्रेटस, फैट्स, विटामिंस की मात्रा ज्यादा रहती है। तीसरी प्रकार में सूप, जूस, उबली सब्जियां, सत्तू, सादा भोजन शामिल रहता है।

### दस मिनट टहलें जरूर

**आहार** को वर्तमान संदर्भ में चार काल में बांट सकते हैं, यथा प्रातः काल, मध्यकाल, सायंकाल और रात्रिकाल। इस को हम नाश्ता या अल्पाहार,लंच या दोपहर का भोजन, सांय का अल्पाहार और डिनर या रात्रिभोज भी कहते हैं। नाश्ता सुबह उठने से तीन से चार घंटे बाद, उसके चार घंटे बाद लंच, उसके तीन घंटे बाद सायं का अल्पाहार और उसके तीन से चार घंटे बाद रात्रि भोज कर लेना चाहिए। रात्रि भोज और सोने के बीच कम से कम दो घंटे का अंतर पाचन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। मुख्य भोजन यथा लंच और डिनर के बाद कम से कम दस मिनट टहलना आवश्यक होता है।

### निद्रा का बहुत महत्व है

**आयुर्वेद** में स्वास्थ्य की दृष्टि से निद्रा का बहुत महत्व है। निद्रा के तीन प्रकार मुख्यतः जाने जाते हैं।यथा अल्पनिद्रा, योगनिद्रा और दीर्घनिद्रा। रोजमर्रा रात को ली जाने वाली नींद को अल्पनिद्रा कहते हैं। अर्थात जो नींद शरीर को आराम देने के लिए अल्प काल के लिए अर्थात छह-आठ घंटे के लिए ली जाती है, उसे अल्पनिद्रा कहते हैं। इसी प्रकार जब व्यक्तिविशेष की आत्मा सांसारिक बंधनों से मुक्त होकर ब्रह्मलीन हो जाती है, अर्थात मृत्यु हो जाती है तो उस अवस्था को दीर्घनिद्रा का नाम दिया गया है।

### संयम से रहना ही असली ब्रह्मचर्य

**ब्रह्मचर्य** का तात्पर्य पूर्व की भांति नहीं माना जाना चाहिए कि जब व्यक्तिविशेष गृहस्थ जीवन का परित्याग कर कोपीन धारण कर आजीवन ब्रह्मचारी रह कर जीवन जीते थे। बल्कि वर्तमान संदर्भ में ब्रह्मचर्य का अर्थ यह माना जाना चाहिए कि सदाचारी रहते हुए अपने कर्तव्यों यथा परिवार का लालन पालन, बच्चों की पढ़ाई लिखाई, माता पिता व बुजुर्गों की सेवा, समाज सेवा, राष्ट्र सेवा की जाए। संयम में रहते हुए ऐसे कार्य किए जाएं। इसमें संस्कारो की झलक मिले। ब्रह्मचर्य का आज के समय और भी महत्व बढ़ जाता है जब हमारा युवा नशे के मक्कड़जाल में फंस रहा है। समाज में हर तरह की कुरिती अपने पांव पसार रही है। इसलिए संयम से रहना ही असली ब्रह्मचर्य है।

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेष** :शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। बुद्धि कौशल से किया गया कार्य व्यावसायिक सफलता देगा।

**वृषभ** : आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। गृह कार्य में व्यस्त रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय होगा और जीवनसाथी का मिलेगा सहयोग।

**मिथुन** : उपहार या सम्मान में वृद्धि होगी। व्यक्ति विशेष का सहयोग रहेगा। परिवारिक रिश्तों में मजबूती आएगी।

**कर्क** : आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। रिश्तों में मधुरता आएगी। स्वास्थ्य और प्रतिष्ठा के प्रति सचेत रहें।

**सिंह** : भावुकता पर नियंत्रण रखें। मन अशांत होगा। सूर्य को जल दें। मन को नियंत्रण रखने का प्रयास करें।

**कन्या** : उदर विकार या त्वचा का रोग की संभावना है। स्वास्थ्य और प्रतिष्ठा के प्रति सचेत रहें। आर्थिक मामलों में जोखिम न

**तुला** : पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। व्यावसायिक योजना फलीभूत होगी। दूसरों से सहयोग लेने में सफल होंगे।

**वृश्चिक:** जीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। शासन सत्ता का सहयोग रहेगा। किसी कार्य के संपन्न होने से आपके प्रभाव तथा वर्चस्व में वृद्धि होगी।

**धनु** : भाग्यवश सुखद समाचार मिलेगा। निजी संबंध प्रगाढ़ होंगे। किसी कार्य के संपन्न होने से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मकर** : शासन सत्ता का सहयोग रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। यात्रा देशाटन की स्थिति उत्साहवर्धक होगी।

**कुंभ** : बुद्धि बल से रुका हुआ कार्य संपन्न होगा। समय को नष्ट न करें। व्यावसायिक दिशा में ही अधिक से अधिक समय दें।

**मीन** : व्यर्थ के तनाव स्वयं को कमजोर कर रहे हैं। उनसे मुक्त रहने के लिए अपने आराध्य या धर्म के उपदेशों को सुनें।

### आज का पंचांग

(19 फरवरी, 2024)

**विक्रमी संवत** : 2080, **शक संवत** :1945 (शोभकृत), **मास** : माघ, **तिथि** : **दशमी** (08:52): **नक्षत्र** : मृगशिरा (10:33), **पक्ष** : शुक्ल (12:00), करणः वणिज (09:21) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित, राहुकाल 12:12 - 12:57।

### विशेष दिन

- 19 फरवरी को छत्रपति शिवाजी जयंती ।
- 20 फरवरी को जया होगी एकादशी।

**आस्था** | पुजारियों ने विधायक संजय रतन सहित डाली यज्ञशाला में पूर्णाहुति

## ज्वालामुखी मंदिर में गुप्त नवरात्र का समापन

**पंकज सोनी, ज्वालामुखी**

विश्वविख्यात शक्तिपीठ ज्वालामुखी मंदिर में विश्व कल्याण व विश्व शांति के लिए नौ दिन से चल रहे माघ मास गुप्त नवरात्र का आज विधिवत पुर्णाहुति के साथ समापन किया गया।

विधायक संजय रतन ने भी यज्ञशाला में हवन की आहुतियां डाली व पूर्णाहुति में भी साथ रहे। मंदिर अधिकारी अनिल सौंधी व तहसीलदार मनोहर लाल शर्मा, नगर परिषद अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा, न्यास सदस्य दिव्यांशु भूषण दत्त, उदय शंकर आदि भी इस मौके पर उपस्तिथ रहे। आचार्य व पुजारी न्यास सदस्य अविनेद्र शर्मा ने विधायक व पुजारी व विद्वानों का हवन संकल्प व तर्पण का समापन करवाया। विधायक संजय रतन ने कन्या पूजन व प्रसाद के बाद सभी अनुष्ठान पर बैठे पुजारियों पंडितों को दक्षिणा दी। आचार्य व पुजारी अविनेद्र शर्मा ने बताया कि इन गुप्त नवरात्र में गणपति, गायत्री, बटुक भैरव, ज्वालामुखी मूल मंत्र का लाखों की संख्या में जप किया गया। इसके साथ दुर्गा सप्तशती के शत पाठ भी किए गए और आज दशांश हवन यज्ञ करके पुर्णाहुति के साथ सभी जप पाठ का समापन किया गया।

उन्होंने बताया कि मां के आशीर्वाद से विश्व में शांति व जनकल्याण की भावना हो इसी उद्देश्य की कामना के लिए यह अनुष्ठान किया गया। विधायक संजय रतन ने नवरात्र के समापन के लिए सभी का धन्यवाद किया और माता से प्रार्थना की विश्व का कल्याण हो। (अनंत ज्ञान)



यज्ञशाला में पूजा-अर्चना करते विधायक संजय रतन।

### सेवानिवृत्त ग्रेफ सैनिकों की बैठक 25 को

**कांगड़ा।** सेवानिवृत ग्रेफ सैनिकों की बैठक 25 फरवरी को सुबह 11 बजे एसोसिएशन कार्यालय रैत में होगी। एसोसिएशन के महासचिव भोलानाथ आहलूवालिया ने सभी पूर्व सैनिकों से अनुरोध है कि बैठक में शामिल होने की कृपा करें। उन्होंने बताया कि हमारे पांच उच्चस्तरीय सेवानिवृत्त अधिकारी ने नौ फरवरी को सचिव एमओडी से मिले तथा ग्रेफ को ईसीएचएस की सुविधा देने हेतु चर्चा की जो पूर्णता सकारात्मक रही। उन्होंने बताया कि सचिव महोदय ने ग्रेफ को ईसीएचएस की सुविधा प्रदान करने पर अपनी सहमति जताई है। अत: इस संदर्भ में विस्तृत जानकारी बैठक में प्रस्तुत की जाएगी।

अगर तुम सूरज की तरह चमकना चाहते हो, तो सूरज की तरह जलना सीखो।
-डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम



## सुक्खू सरकार ने पशुपालकों का रखा खास ख्याल

**सुक्खू** सरकार ने इस बार बजट 2024-25 में पशुपालकों का खास ख्याल रखा। दूध पर एमएसपी यानी मिनिमम सपोर्ट प्राइस, जिसे न्यूनतम समर्थन मूल्य भी कहते हैं, बढ़ाकर ऐतिहासिक फैसला किया है। दूध पर एमएसपी देने वाला हिमाचल पहला राज्य बन गया है। इससे पहले किसी भी राज्य ने दूध पर एमएसपी नहीं दिया था।

निश्चित रूप से सरकार के इस फैसले से पशुपालकों की आर्थिक स्थिति और बेहतर होगी। हिमाचल के पशुपालक चारे की बढ़ती कीमतों, पशुओं के रख-रखाव और खान-पान की बढ़ती लागत के चलते लंबे समय से दूध पर एमएसपी की मांग कर रहे थे, जिसे सुक्खू सरकार ने पूरा कर सार्थक पहल की है।

सरकार ने यह फैसला पशुपालकों के हित में लिया है, जिसका लाभ पशुपालकों को मिलेगा। देश में इन दिनों किसान आंदोलन की गूंज हर तरफ सुनाई दे रही है, ऐसे में किसानों के लिए नई पहल करने से उन्होंने लोकसभा चुनाव से पहले मास्टर स्ट्रोक खेल दिया है। हालांकि विपक्ष इस फैसले की काफी आलोचना करेगा और इसे सार्थक होने के पीछे कई तर्क भी देगा, लेकिन राजनीति में जिसने पहले आगे बढ़कर कोई भी कदम उठाया है, इतिहास गवाह है उसका फायदा उसी पार्टी को मिलता है। बाकी दल बाद में लकीर ही पीटते रहते हैं। देश के किसान आजकल दिल्ली कूच के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं, लेकिन पहरा इतना कड़ा है कि वह चाहते हुए भी वहां नहीं पहुंच पा रहे हैं।

किसान फसलों पर एमएसपी सहित अपनी बारह मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। इस बीच एमएसपी को लेकर एक बड़ा फैसला आना सबको हैरान कर रहा है। हालांकि यह एमएसपी सिर्फ दूध पर बढ़ी है, जिसका फायदा सिर्फ हिमाचल के पशुपालकों को ही मिलेगा, लेकिन इस फैसले की चर्चा पूरे देश में है। आने वाले समय में दूसरे राज्य भी इस फैसले को सामने रखकर दूध पर एमएसपी देने के बारे में जरूर सोचेंगे।

पशुपालक सरकार के इस फैसले को सही बता रहे हैं और बहुत खुश हैं। देश की एक बड़ी आबादी आज भी खेती पर निर्भर है। खासकर देश के ग्रामीण इलाकों में बड़े स्तर पर खेती की जाती है। खेती के साथ किसान अतिरिक्त आय के लिए पशुपालन भी करते हैं। कमाई के लिहाज से पशुपालन बेहतर कारोबार माना जाता है।

दूध पर एमएसपी तय करना आसान नहीं था, लेकिन मुख्यमंत्री सुक्खू ने प्रदेश की माली हालत के बावजूद यह महत्वपूर्ण फैसला लिया है। सुक्खू व्यवस्था परिवर्तन का नारा अक्सर देते रहते हैं और अपने क्रांतिकारी फैसलों से सबको चकित भी करते रहते हैं। हिमाचल सरकार ने पशुपालकों की समस्या को ध्यान में रखते हुए गाय के दूध पर एमएसपी 38 से बढ़ाकर 45 रुपए प्रति लीटर और भैंस के दूध पर 38 से बढ़ाकर 55 रुपए प्रति लीटर कर वाकई सराहनीय काम किया है। दूध उत्पादन को प्राकृतिक खेती से जोड़कर किसानों की आय में वृद्धि जरूर होगी।

# मनमर्जी शादियों का ताउम्र सामाजिक दंश झेलते मां-बाप

**भारतीय** समाज का संपूर्ण ताना-बाना परंपरागत जीवन की आधारशिला है। शादी ब्याह का प्रचलन पुरातन सामाजिक नातेदारी व्यवस्था के द्वारा लाए गए वर-वधु के चुनाव के माध्यम से प्रासंगिक होते रहे हैं। उस वक्त संयुक्त पारिवारिक प्रणाली की रजामंदी व बड़े बुजुर्गों की पारखी नजर, संस्कार, परिवार के आचार-विचार, पुश्तैनी आधार के अनुसार ही लड़की के विवाह को तय किया जाता था। आधुनिक शादियों में इस तरह प्रचलन अपने स्वरूप को तोड़ता नजर आ रहा है।

पुरातन शादी विवाह के फैसले में माता पिता के अंतिम निर्णय पर ही चुनाव होता था। इस विवाह के हो जाने के उपरांत माता-पिता के घर खुले दिल व मुस्कान के साथ-साथ लड़कियां मेहमान आती थीं। मां-बाप भी लड़की के घर हर सुख-दुख में शामिल होकर भागीदार बनते थे। किसी भी तरह के पारिवारिक टकराव मिल बैठकर सुलझाए जाते थे। जीवन सरल, मजबूत रिश्तों के आधार पर धीरे-धीरे आगे के यात्रा में तलीन होता था। इंटरनेट युग के चरमोत्कर्ष व सूचना क्रांति, शिक्षा के प्रसार के साथ ही यह पुरानी वर्जनाएं टूटकर छिन-भिन्न होकर विखंडित हो चुकी हैं। अब रिश्ते खुले, बिना सोचे-समझे, अवसरवादी, अपरंपरागत, मनमर्जी के स्थापित किए जा रहे हैं।

लड़का-लड़की विद्यालय, कॉलेज काल में ही अपने करियर, रोजगार को द्वितीय स्थान पर रख, प्रथम प्राथमिकता के रूप में शादी को तब्बजो देकर अपनी इतिश्री कर देते हैं। हर मां-बाप अपने बच्चों को सफल और ऊंचे पायदान पर देखना चाहते हैं, इसलिए आज के समय में लड़का हो चाहे लड़की, कानून दोनों को समानता का अधिकार देता है, लेकिन इस कानून से भी ऊपर एक कानून है, वह है सामाजिक कानून, जो कि सर्वोपरि है। मां-बाप जिस सपने, पढ़ाई के लिए उन्मुक्त वातावरण प्रदान करने के साथ-साथ लड़की की शादी के सपने देखते हैं, वे पल भर में उस वक्त खाक हो जाते हैं, जब लड़की अपने मां पिता को बिना पूछे वर का चुनाव कर छिपकर, भागकर मंदिर या कोर्ट मैरिज कर लेती है।

मां-बाप उस मनमर्जी के दंश को ताउम्र नहीं भूल पाते। परिवार, समाज में इस तरह के रिश्ते कानूनी रिश्तों की मान्यता के बाबजूद, उन मां-बाप को हेय दृष्टि से देखकर कलंकित कर बैठते हैं। समाज मां-बाप के संस्कार, परवरिश के ऊपर उंगली उठाता है। मां-बाप कभी भी अपने बच्चों का बुरा नहीं चाहते, फिर भी जिस लड़की, लड़के को अठारह, इक्कीस साल तक खून पसीने की कमाई से पाल-पोष बड़ा किया होता है। क्या इस बात से दोनो मां-बाप का अपनी बेटियों से कोई सरोकार नहीं है। लड़की-लड़का अभी पूर्ण परिपक्व नहीं होते, उनका आर्थिक आधार उत्कर्ष पर होता है। प्यार करना अच्छी बात है, लेकिन इस प्यार और जीवन के वास्तविक उतार-चढ़ाव के संघर्ष के बीच की खाई एवं मां-बाप को अपनी जिद्द के कारण उस खुशी से हमेशा वंचित कर देना इसका दूसरा पहलू भी है।

विरोध मनचाही शादी करने का नहीं, विरोध है मां-बाप के संवेदनशील हिस्से को आहत करने का, क्योंकि उस रिश्ते को मां-बाप की नजर में लाकर उनकी सहमति, आज्ञा



लेखक : ठाकुर तारा
समाजशास्त्री, सुंदरनगर

लेकर, अच्छा-बुरा सोचकर समस्त परिवार को उस खुशी में शामिल कर जो खुशी मिलती है, शायद वह खुशी मां-बाप को दुनिया की कोई भी अन्य दूसरी खुशी नहीं दे सकती। कितनी खुदगर्ज है इंसानियत, जिस मां-बाप ने नन्हे बच्चे के रूप में पालन-पोषण कर हर ख्वाहिश पूरी कर अपने हिस्से का समय, सच्चा प्यार निस्वार्थ भाव से अपने बच्चों पर लुटाया है, वह चंद दिनों के प्यार व आकर्षण में पागल होकर अंधे बन जाते हैं और सालों के मां-बाप के दुलार को भूल कर उनकी आंखों से बिना पूछे ओझल हो जाते हैं।

अगर शादी अंतरजातीय, बेमेल रूप से हुई, तो जाति का दबाव लड़की और परिवार वालों को जीने नहीं देता। इस तरह से मां-बाप का दिल अपनी लड़की के प्रति पसीज कर अगर उनके मन में दरियादिली भी झलक जाए तो लड़की का परिवार सामूहिक रूप से लड़की और अपने समाज के लोगों से बाहर एकांत स्थान पर शर्म के डर से छुपकर मिलता है। कहीं समाज जाति के लोग उन्हें देख न लें। प्यार हुआ, तैश में आकर रिश्ते को आगे बढ़ाया, कसमें वादे खाकर, भागकर छुपकर, मां-बाप को दरकिनार कर शादी कर ली। क्या अब दोनों की मुराद पूरी होना ही जीवन का अंतिम लक्ष्य था। नहीं यह सिर्फ इन दोनों युगलों की जीत हुई, मां-बाप की परवरिश और निर्णय को हराकर कितने दिनों तक एक दूसरे के साथ खुश रहेंगे। घूम फिर लिए एक दो साल, पहली सालगिरह, दूसरी सालगिरह भी बना ली।

जीवन की कठिनाइयां जीवन के संघर्ष, आर्थिक जीवन को संबल मनाने की कठिन जद्दोजहद। फिर एक-दूसरे को प्राप्त करने के बाद इन संघर्षों के जीवन में आने से प्रेमिका के रूप में लड़की अपने प्रेमी की आंखों में वैसी ललक, वैसा पागलपन, वैसी आशा, उमंगें सपने देखना चाहती है, लेकिन इस जीवन की वास्तविकता और अथाह संघर्षों के टूट पड़ने से वे सारी बातें जीवन से दरकिनार हो चुकी होती हैं। फिर आपसी संघर्ष व उम्मीदें टूटने से लड़ाई-झगड़े का जन्म, विभिन्न पारिवारिक कलह एवं दुख आने शुरू हो जाते हैं।

इन दुखों में पिसती एक लड़की जो कभी वास्तविकता को नहीं जानती थी, केवल लड़के के प्रेम में दंभ भरकर उसके पीछे पागल थी। उसे कहीं न कहीं अपने मां-बाप के निस्वार्थ भाव से किए जाने वाले प्रेम की याद आती है। प्रेम विवाह सिर्फ लड़के मात्र तक सीमित नहीं है। यह लड़के के परिवारजनों के द्वारा स्वीकृत किए जाने के सरोकारों से भी जुड़ा है। क्या लड़के के परिवारजन इस रिश्ते को खुले दिल से स्वीकार कर पा रहे हैं या नहीं। लड़की रोती, बिलखती आंखों से अपने बचपन के दिनों और गलतियों को याद करती हुई सिरह उठती है। कमोबेश उस वक्त मां बन चुकी होती है। इस उम्मीद और बच्चों को देखकर उनके सुनहरे भविष्य को आधार मानकर आगे का कठिन, दुष्कर जीवन यापन करती है। मां-बाप के निर्णय को ठुकराकर, भागकर समाज द्वारा मां-बाप को अपमानित कर पुनः यह बेटी और मां-बाप का रिश्ता नहीं जुड़ पाता। क्योंकि कहते हैं रिश्तों की डोर कच्ची होती है, एक बार टूट जाए, फिर उस मजबूती से नहीं जुड़ पाती।

इस विवाह को रूढ़ीवादी सोच रखकर नहीं तौला जा रहा, बल्कि यह वास्तविकता और संवैधानिक कानून को अलग एक कोने पर रखकर सामने लाने की कोशिश है, क्योंकि कानून की नजर में भावनात्मक संवेदनाओं को कभी भी पैरोकारी नहीं मिली है। सदैव भावना हारी है और कानूनी तर्क के आधार पर कानून ने समाज, परिवार को परास्त किया है। इस दुख को कानून कभी भी हिम्मत नहीं दे सकता। इसे सिर्फ मां-बाप की संवेदनशीलता ही महसूस कर सकती है, जिन्होंने अपनी जवान बेटियों को अपने हृदय से जुदा होते हुए देखा है। हर बेटी को जीत और जीवन का सुख उसकी मर्जी से विवाह करने से नहीं मिल सकता, उसे अगर सच्ची जीत व खुशी हासिल करनी है तो वह सिर्फ और सिर्फ मां-बाप के निर्णय में छिपी हुई है। जहां दोनों के विवाह के चुनाव के संयुक्त निर्णय शामिल होंगे।

नजरिया

# दुनियाभर में बढ़ रही है गरीबों की संख्या

**सामाजिक** असमानता की खाई निरंतर बढ़ रही है, जिससे आम आदमी की आय में बेहद कम बढ़ोतरी हो रही है, जबकि अमीर वर्ग की संपत्ति कई गुना बढ़ी है। न केवल भारत, बल्कि दुनिया के कई देशों में आर्थिक असमानता की खाई लगातार चौड़ी हो रही है। गरीबी उन्मूलन के लिए कार्यरत गैर सरकारी संगठन 'ऑक्सफैम इंटरनेशनल' ने पिछले महीने विश्व आर्थिक मंच की बैठक में आर्थिक असमानता पर अपनी वार्षिक रिपोर्ट जारी करते हुए बताया था कि पिछले कुछ वर्षों के दौरान अमीरी और गरीबी की खाई पूरी दुनिया में तेजी से बढ़ी है।

ऑक्सफैम की रिपोर्ट में कई चिंताजनक बातें उभर कर सामने आई थीं। रिपोर्ट में कहा गया था कि आर्थिक असमानता के दृष्टिगत पिछले कुछ वर्ष बहुत खराब साबित हुए हैं और विगत चार वर्षों के दौरान कोरोना महामारी, युद्ध और महंगाई जैसे पैमानों ने विश्वभर में अरबों लोगों को गरीब बनाया है। 2020 के बाद से अब तक दुनिया में करीब 5 अरब लोग गरीब हुए हैं। रिपोर्ट में चिंता जताते हुए कहा गया था कि एक ओर जहां गिने-चुने लोगों की बेतहाशा कमाई हो रही है, वहीं दूसरी ओर अरबों लोग गरीब होते जा रहे हैं।



लेखक : योगेश कुमार गोयल
स्वतंत्र टिप्पणीकार

रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया के शीर्ष 5 अमीरों की दौलत बीते चार वर्षों के दौरान 405 अरब अमेरिकी डॉलर से दोगुनी से अधिक बढ़ कर 869 अरब अमेरिकी डॉलर हो गई, जिसका स्पष्ट अर्थ है कि इन चार वर्षों के दौरान इन पांच सबसे अमीर लोगों की हर घंटे 14 मिलियन डॉलर (करीब 116 करोड़ रुपए) की कमाई हुई।

ये बढ़ती दूरियां और बढ़ती असमानताएं महिलाओं और बच्चों को सबसे ज्यादा प्रभावित करती हैं। बहरहाल, विश्व के कई अन्य देशों के साथ भारत में भी बढ़ती आर्थिक असमानता काफी चिंताजनक है क्योंकि बढ़ती विषमता का दुष्प्रभाव देश के विकास और समाज पर दिखाई देता है और इससे कई प्रकार की सामाजिक और राजनीतिक विसंगतियां भी पैदा होती हैं। आर्थिक विषमता आर्थिक विकास दर की राह में भी बहुत बड़ी बाधा बनती हैं। हालांकि संयुक्त राष्ट्र जैसी कुछ वैश्विक संस्थाओं के अलावा कुछ देशों की सरकारें भी गरीबी उन्मूलन, बेरोजगारी और आर्थिक असमानता को दूर करने के लिए वर्षों से प्रयासरत हैं, लेकिन बेहतर परिणाम सामने आते नहीं दिख रहे।

## अंदाज-ए-बयां

### ऐसी क्या मजबूरी है

*किस मुख ले कर आते नेता, ऐसी क्या मजबूरी है।*
*झूठ बोल कर वोटर रिझाते, ऐसी क्या मजबूरी है।*
*शर्म हया कोई रही नहीं है, नौटंकी करने आते हैं।*
*हाथ जोड़ कर शीश झुकाते, ऐसी क्या मजबूरी है।*
*देश को कंगाल हैं करते, तिजोरी अपनी भरते हैं,*
*उल्लू बनाते हैं जनता को, ऐसी क्या मजबूरी है।*
*पढ़े लिखे बेकार हुए हैं, रोजी रोटी को तरस रहे,*
*लूट रहे सब मिल देश को, ऐसी क्या मजबूरी है।*
*अपनी अपनी पड़ी सभी को, नफरत की दीवारें हैं,*
*इंसानियत अब रही कहां है, ऐसी क्या मजबूरी है।*
*रिश्तों में न प्यार रहा है, पहले जैसा परिवार नहीं,*
*अपनों की हैं खाल खींचते, ऐसी क्या मजबूरी है।*
*महंगाई का दौर चला है, गरीब का कोई ठौर नहीं,*
*आंकड़े समृद्धि की दिखाते, ऐसी क्या मजबूरी है।*
*लूट रहे नारी की अस्मत, मर्यादा के बंधन टूट रहे,*
*मौन बैठे युधिष्ठिर यहां पर, ऐसी क्या मजबूरी है।*



शिव सन्याल
जवाली (कांगड़ा)

# हिंदुत्व से सभी का विकास, सभी का विश्वास 2024 का उत्तर प्रदेश अब बिलकुल अलग

**अभी** केवल सात वर्ष ही हुए हैं, बीमार उत्तर प्रदेश अब विकसित उत्तर प्रदेश के रूप में एक अंतरराष्ट्रीय ब्रॉन्ड बन कर उभर रहा है। ब्रॉन्ड योगी जैसे सात्विक और सतत क्रियाशील नेतृत्व ने इस अति पिछड़े और माफियाओं की जकड़ में घुट रहे प्रदेश को आज ब्रॉन्ड यूपी बनाकर दुनिया को अपनी ओर आकर्षित किया है। विश्व की औद्योगिक, वाणिज्यिक और व्यापारिक संस्थाएं उत्तर प्रदेश को अपना कार्यक्षेत्र बना रही हैं। लाखों लोगों को रोजगार मिल रहा है और लाखों करोड़ की मजबूत अर्थव्यवस्था की नींव पड़ रही है।

2017 के बाद 2024 का उत्तर प्रदेश अब बिलकुल अलग है। किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए यह आवश्यक है कि उस क्षेत्र में सड़क, बिजली, पानी और श्रम की उपलब्धता के साथ ही कानून व्यवस्था उत्तम हो। सामान्य जन सुरक्षित महसूस करें, कोई भी औद्योगिक इकाई या व्यापारिक गतिविधि तभी सफल होकर परिणाम दे सकती है। 2017 से पूर्व इस प्रदेश में ऐसी सोच की कल्पना भी संभव नहीं थी। बड़े उद्योग अथवा व्यापार के लिए तो परिवेश ही नहीं था। सत्ता माफिया के साथ रहती थी। अलग-अलग क्षेत्र अलग-अलग किस्म के माफिया के इशारे पर संचालित हो रहे थे। सत्ता में इनका दबदबा था।

कानून व्यवस्था संभालने वालों को इनके इशारे पर काम करना पड़ता था। प्रदेश भारी कर्ज की बोझ में दबा था। इस प्रदेश के प्राण तत्व स्वरूप जो स्थल थे, वहां की हालत जर्जर थी। अयोध्या, काशी, मथुरा, प्रयाग, नैमिशरण्य और विंध्य क्षेत्र जैसे स्थल तो सरकार की दृष्टि में ही नहीं थे। धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन के बारे में कोई सोच भी नहीं सकता था। 2017 में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के साथ ही जब इस प्रदेश की कमान अपने हाथ में ली तो कथित राजनीति के रणनीतिकार कुछ समझ ही नहीं पाए। उन्हें लगा कि एक संन्यासी भला 26 करोड़ रुपए की आबादी वाले इस प्रदेश को कहां लेकर चल पाएगा, यहीं उन राजनीतिक पंडितों से चूक हो गई।



लेखक : संजय तिवारी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

योगी आदित्यनाथ की शक्ति और उनके ध्येय वाक्य से वे परिचित नहीं थे। योगी हमेशा कहा करते थे कि हिन्दुत्व और विकास एक दूसरे के पूरक हैं। यदि विकास करना है तो हिंदुत्व का मार्ग लेना पड़ेगा। योगी को पता था कि उत्तर प्रदेश ही भारत वर्ष का वह केंद्र है, जहां से सनातन हिंदुत्व की प्रखर ज्योति लेकर विकास की तीव्र यात्रा की का सकती है। अपने सात वर्षों के अत्यंत अल्पकाल में उन्होंने इसे प्रमाणित कर दिखाया है।

उत्तर प्रदेश आज आर्थिक निवेश का गढ़ बन रहा है। योगी के नेतृत्व में प्रदेश में विकसित इंफ्रास्ट्रक्चर और लॉ एंड ऑर्डर ने केवल भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया के उद्यमियों को अपनी ओर खींचा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के मंत्र को साधते हुए योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की 26 करोड़ जनता का विश्वास लेकर प्रदेश को बीमारू राज्य से निकाल कर यहां रामराज्य का वातावरण गढ़ दिया है। इस बार तो उन्होंने उत्तर प्रदेश का बजट भी श्रीराम के चरणों में ही समर्पित कर दिया है। पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण तक उत्तर प्रदेश चमक रहा है।

# सिरमौर में खेल सुविधाओं का अभाव, कैसे करें प्रयास

**जिस** खेल के माध्यम से और अपनी मेहनत, संघर्ष और जज्बे के कारण हम शुन्य से शिखर तक पहुंच सकते हैं और अपने शरीर को निरोगी बना सकते हैं, तो वहीं नशे से दूर रहकर खेल के क्षेत्र में अपनी अहम भूमिका निभा सकते हैं। इसमें हम अपने क्षेत्र समाज, देश व प्रदेश का नाम विश्व पटल पर गौरवान्वित भी कर सकते हैं।

इसी परिप्रेक्ष्य में हम आज हिमाचल प्रदेश के जिला सिरमौर के दुर्गम क्षेत्र शिलाई विधानसभा के एक छोटे से गांव (शरोग) की होनहार और संघर्षरत महिला खिलाड़ी का जिक्र करना चाहेंगे, जिसने अपनी खेल प्रतिभा के बदोलत इस क्षेत्र में एक बड़ा मुकाम हासिल किया है, वह होनहार बेटी है अर्जुन अवॉर्डी ऋतु नेगी, जिन्होंने कबड्डी के क्षेत्र में समय समय पर अपनी प्रतिभा का लौहा मनवाया है, जिनकी कप्तानी में हाल ही में कबड्डी विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतकर भारत ने इतिहास रचा था, तत्पश्चात भारत सरकार ने इनकी उपलब्धियों को देखकर अर्जुन अवॉर्डस से सुशोभित किया था, परंतु समस्या यह है कि जिस क्षेत्र से ऋतु नेगी संबंध रखतीं हैं, उस क्षेत्र में आज भी अच्छे स्तर के खेल मैदान ही उपलब्ध नहीं हैं, जबकि प्रदेश सरकार ने हाल ही में खेल पुरस्कार निधि पर बढ़ोतरी करने का सराहनीय



प्रयास भी किया है, परंतु सबसे ज्यादा किसी की जरूरत है तो वह है खिलाड़ियों के लिए बेहतर खेल सुविधाओं के नाम पर बेहतर खेल मैदान उपलब्ध हों, जिसके माध्यम से क्षेत्र से ऋतु नेगी की तरह अनेक खिलाड़ी भविष्य में भी उभरकर सामने आएं। ऋतु नेगी जी साधारण परिवार से ताल्लुक रखती है। ऋतु नेगी ने सरकारी स्कूल शिलाई से नौवीं तक की पढ़ाई पूरी की और तत्पश्चात उनका चयन छात्रावास बिलासपुर के लिए हुआ, जहां उन्होंने खेल के साथ साथ स्नातक की उपाधि भी प्राप्त की वर्तमान में ऋतु नेगी भारतीय रेलवे, हैदराबाद में पदस्थापित हैं।



हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

ऋतु के परिवार में उनके माता-पिता के अलावा, तीन भाई हैं। पिता शिक्षा विभाग से बतौर टीचर रिटायर्ड हुए हैं। 2011 में मलयेशिया में थर्ड जूनियर एशियन कबड्डी चैंपियनशिप (अंडर-20) में गोल्ड जीतने वाली भारतीय टीम की रितु कप्तान थी। इसके अलावा साल 2018 में 18वीं एशियन गेम्स में भारत के लिए इंडोनेशिया में रजत पदक जीता था। 2019 में नेपाल में साउथ एशियन गेम्स में ऋतु नेगी और उनकी टीम स्वर्ण पदक जीतकर आई थी। 2023 में भारतीय टीम का कप्तान बनाया गया और फिर एशियन गेम्स ने उनकी अगुआई में टीम ने गोल्ड जीता है। साल 2022 में ऋतु की शादी हरियाणा के पानीपत के कबड्डी स्टार रोहित गुलिया से हुई है।

बता दें कि इससे पहले सिरमौर के समरेश जंग को शूटिंग में शानदार प्रदर्शन के लिए अर्जुन अवॉर्ड मिल चुका है। इस प्रकार आज खेल के क्षेत्र में सिरमौर में अनेक उभरते खिलाड़ियों के बावजूद भी खेल सुविधाओं का अभाव है। इस कारण उनको अन्य राज्यों और जिलों में मजबूरन रुख करना पड़ता है, जहां उन तमाम होनहार खिलाड़ियों के माता-पिता को आर्थिक समस्या का सामना भी करना पड़ता है क्योंकि अगर जिला सिरमौर और शिलाई विधानसभा क्षेत्र में खेल सुविधाओं अर्थात विभिन्न प्रकार के बेहतर खेल मैदान उपलब्ध होंगे, तो स्थानीय खिलाड़ियों को बहुत बड़ी राहत और सुविधाएं मिलती रहेंगी तो वहीं दूसरी ओर नशे की ओर आकर्षित होते आज के युवाओं को खेल के माध्यम से कहीं न कही मोड़ने का प्रयास भी किया जा सकता है क्योंकि हिमाचल प्रदेश के तमाम क्षेत्रों में युवाओं में बढ़ती नशे की आदत एक सबसे बड़ी चुनौती और समस्या बनकर उभर चुकी है, जिसको खत्म करना लाजिमी हो जाता है। इस प्रकार जिला सिरमौर से अनेक बेहतरीन खिलाड़ी उभरकर सामने आ रहे हैं जिसमें कि शिलाई क्षेत्र से ही शानदार कबड्डी खिलाड़ी पुष्पा राणा जो मिल्ला गांव से संबंध रखती हैं। जिस गांव में आज भी अच्छे खेल मैदान उपलब्ध नहीं है, तो वहीं शिलाई गांव से कबड्डी के क्षेत्र में ही बेहतरीन खिलाड़ी प्रियंका नेगी रही हैं, जो वर्तमान में हिमाचल पुलिस विभाग में अपनी सेवाएं प्रदान कर रही हैं, तो वहीं कबड्डी के क्षेत्र में ही साक्षी शर्मा इत्यादि अनेक राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी रहे हैं और इनसे भी बढ़कर रेसलिंग की दुनिया में खलबली मचाने वाले दिलीप राणा उर्फ ग्रेट खली शिलाई के धिराईना गांव से, जहां आज भी कोई विशेष खेल सुविधाएं देखने को नहीं मिलतीं। इस प्रकार आज सबसे ज्यादा अगर कोई जरूरत है, तो वह है बेहतरीन खेल मैदानों की ताकि आज का युवा खेल के माध्यम से अपनी अलग पहचान स्थापित करे तो वहीं नशे से भी दूर रहेगा, अगर युवाओं को स्थानीय स्तर पर अच्छी खेल सुविधाएं उपलब्ध हो जाती हैं तो।

# कृषि अवसंरचना कोष : भारत के कृषि-भविष्य के लिए एक उत्प्रेरक

**भारत** का कृषि क्षेत्र, इसकी अर्थव्यवस्था की आधारशिला है और 55 प्रतिशत से अधिक आबादी की आजीविका को प्रभावित करता है, जो इसे राष्ट्रीय सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण बनाता है। चीन के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा कृषि उत्पादक देश होने के बावजूद, इस क्षेत्र को चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, खासकर फसलोत्तर प्रबंधन और बाजार पहुंच संबंधी। इन चुनौतियों को समझते हुए प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने जुलाई 2020 में कृषि अवसंरचना कोष (एआईएफ) का शुभारंभ किया, जिसका लक्ष्य बुनियादी ढांचे को बढ़ाकर घाटा कम करना और नवाचार को बढ़ावा देकर इस क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाना है।

एआईएफ योजना के उद्देश्य स्पष्ट और प्रभावशाली थे। मध्यम से दीर्घकालिक ऋण वित्तपोषण जुटाना, फार्म गेट बुनियादी ढांचे को बढ़ाना, फसलोत्तर नुकसान को कम करना और कृषि व संबद्ध क्षेत्रों में निवेश और नवाचार को बढ़ावा देना। एआईएफ सिर्फ एक निवेश नहीं था, यह परिवर्तन की प्रतिबद्धता थी। वित्त वर्ष 2020-21 से वित्त वर्ष 2025-26 तक लक्षित मंजूरी और संवितरण के साथ इस योजना को वित्तीय सहायता तंत्र के सम्मिश्रण के रूप में पेश करने के लिए डिजाइन किया गया था, जिसमें 3 प्रतिशत ब्याज छूट और क्रेडिट गारंटी कवरेज शामिल है। एक लाख करोड़ रुपए के महत्वाकांक्षी वित्तीय परिव्यय के साथ, इस योजना ने किसानों, सहकारी समितियों और कृषि उद्यमियों के लिए नए क्षितिज खोलते हुए ब्याज छूट, क्रेडिट गारंटी और लाभों के अभिसरण की पेशकश की है। समय के साथ जैसे ही एआईएफ ने लोकप्रियता हासिल की, भारत के कृषि परिदृश्य में एक उल्लेखनीय परिवर्तन दिखना शुरू हो गया। फंड के तहत 15 फरवरी, 2024 तक 52,671 परियोजनाओं के लिए 37,653 करोड़ रुपए मंजूर किए गए, जबकि 23,000 करोड़ रुपए का वितरण करते हुए इस क्षेत्र में 63,580 करोड़ रुपए का निवेश जुटाया गया।



ब्लॉगर
दीपक पारीक
कृषि अर्थशास्त्री, उद्यमी, निवेशक

यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें। ई-मेल editoranantgyaan@gmail.com

पंजाब के हरे-भरे खेतों से लेकर तमिलनाडु के उद्योगी खेतों तक, कस्टम हायरिंग सेंटर, गोदामों और कोल्ड स्टोरेज सुविधाओं सहित असंख्य परियोजनाएं सामने आईं, जिनमें से प्रत्येक कृषि के कायाकल्प के लिए देश की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। एआईएफ ने 11,434 कस्टम हायरिंग सेंटर, 11,284 गोदाम और 1,549 कोल्ड स्टोर परियोजनाओं सहित 51,248 फसलोत्तर और सामुदायिक कृषि परिसंपत्तियों के निर्माण हेतु सुविधा प्रदान की है।

यह बुनियादी ढांचा विकास फसलोत्तर नुकसान को कम करने और किसानों के लिए बाजार पहुंच को सुविधाजनक बनाने वाली थी, जिससे 11 एलएमटी खाद्यान्न की अनुमानित वार्षिक बचत हुई और बागवानी फसलों के उपज के बाद के नुकसान में 2.7 एलएमटी की कमी आई है। इसके अलावा यह अनुमान लगाया गया है कि एआईएफ के तहत बनाए गए बुनियादी ढांचों के कारण किसानों को उनकी उपज के लिए 11-14 प्रतिशत अधिक कीमत मिल सकती है। एआईएफ का गहरा प्रभाव रहा है। गांवों में, जहां अन्न भंडार भरने लगे, शीत भंडारों में परिश्रम के उत्पाद संरक्षित होने लगे और फसलोत्तर नुकसान में कमी आने लगी। बेहतर बुनियादी ढांचे से संपन्न किसानों ने पाया कि उनकी उपज को अधिक कीमत मिल रही है, उनकी आय मानसूनी नदियों की तरह बढ़ रही है। 24,000 से अधिक कृषि-उद्यमियों के नींव द्वारा 5.1 लाख से अधिक रोजगार के अवसरों के सृजन ने समृद्धि के युग की शुरुआत कर दी है।

एआईएफ का ऑनलाइन पोर्टल डिजिटल स्थल बन गया। सोशल मीडिया पर जागरूकता अभियान विकसित हुए। एआईएफ पोर्टल पर लगभग 0.99 लाख बैंक शाखाओं का एकीकरण हुआ और इसमें 1.27 लाख पंजीकृत आवेदक हैं। यह पोर्टल लाभार्थियों, ऋण देने वाली संस्थाओं और योजना में शामिल अन्य महत्वपूर्ण हितधारकों के लिए एक एकीकृत मंच के रूप में खड़ा है। बेहतर बुनियादी ढांचे, घाटे में कमी और सशक्त किसानों द्वारा चिह्नित इस योजना की विरासत एक ऐसे भविष्य का वादा करती है, जहां भारत में कृषि केवल अस्तित्व का साधन नहीं, बल्कि एक संपन्न, जीवंत क्षेत्र है।

## अपनी बात

**अच्छी** शिक्षा प्राप्त करना हर देश के नागरिक का अधिकार है। शिक्षित व्यक्ति अच्छी शिक्षा के बलबूते पर अपने करियर का निर्माण करता है। शिक्षण और अन्य महान आविष्कारों में प्रगति के कारण 1950 की तुलना में शिक्षा आज बहुत विविध है। आजकल वर्तमान जीवन में ऑनलाइन शिक्षा का बोलबाला है।


ऑनलाइन शिक्षा एक ऐसा माध्यम है, जहां शिक्षक दूर से और दुनिया के किसी भी कोने से इंटरनेट के माध्यम से जुड़ सकता है। शिक्षक स्काइप, जूम इत्यादि एप के जरिये वीडियो कॉल करते हैं और बच्चे लैपटॉप या कंप्यूटर पर शिक्षक को देख और सुन सकते हैं। शिक्षक बच्चों को पढ़ाने के लिए अपने कंप्यूटर की स्क्रीन शेयर करते हैं, जिससे बच्चे घर बैठे शिक्षा प्राप्त कर पाते हैं। ऑनलाइन शिक्षा एक ऐसा माध्यम है, जहां शिक्षक दूर से और दुनिया के किसी भी कोने से इंटरनेट के माध्यम से जुड़ सकता है। कोरोना कॉल के बाद ऑनलाइन शिक्षा ने अपनी जगह बना ली है। ऑनलाइन शिक्षा प्राप्त करने के लिए अच्छी और तीव्र गति की इंटरनेट कनेक्टिविटी की जरूरत है। इंटरनेट की सहजता के कारण आज ऑनलाइन शिक्षा लोकप्रिय हो रही है।

-सुमित अवस्थी, जंडपुर

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक विशाल धीमान द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# भरमौर सेल्फी प्वॉइंट पर बजट की मार, नहीं हुआ डंगे का निर्माण

**ओपी शर्मा, भरमौर**



भरमौर का सेल्फी प्वॉइंट, जहां का डंगा ढह गया है।

पर्यटकों व स्थानीय को लोगों के लिए भरमौर में बनाया गया सेल्फी प्वॉइंट पर बजट की मार भारी पड़ रही है। पिछले वर्ष जुलाई में आई भारी बारिश के कारण इस सेल्फी प्वॉइंट का डंगा चले जाने के बाद अभी तक उसका निर्माण नहीं हो पाया है। हालांकि इस सेल्फी प्वॉइंट पर हर रोज सैकड़ों लोग भरमौर व दूसरी जगह का दीदार करते थे, लेकिन लगभग एक वर्ष बीत जाने के बाद भी भरमौर प्रशासन इसे बनाने के लिए बजट का प्रावधान नहीं कर पाया है। लिहाजा लोगों को सेल्फी प्वॉइंट से भरमौर का नजारा देखने के लिए अब कई दिन और इंतजार करना पड़ेगा। इस सैल्फी प्वॉइंट के लिए सरकार की ओर से बजट का प्रावधान भी कर दिया गया है, लेकिन यह बजट अभी तक वन विभाग के पास नहीं पहुंचा है। इस सेल्फी प्वॉइंट का निर्माण करीब पांच वर्ष पहले वन विभाग द्वारा किया गया था। यहां पर सूर्य अस्त और सूर्य उदय का नजारा देखने लायक होता है, लेकिन पिछले एक वर्ष से इस सेल्फी प्वॉइंट के डंगे का निर्माण न होने के कारण पर्यटकों व स्थानीय लोगों को इसका दीदार नहीं हो पा रहा है। सेल्फी प्वॉइंट पर बुजुर्गों के लिए बाकायदा लाइब्रेरी का भी प्रबंध किया गया है, लेकिन पिछले काफी समय से यहां पर लोगों को तमाम सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। इस बारे में डीएफओ भरमौर नरेंद्र सिंह ने कहा है कि उनके पास अभी तक इसके लिए बजट का प्रावधान नहीं हुआ है। जैसे ही बजट मिल जाएगा इस डंगे का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा और लोगों के लिए फिर से सेल्फी प्वाइंट खोल दिया जाएगा। उन्होंने कहा है कि इस सेल्फी प्वॉइंट पर हर रोज सैकड़ों लोग भरमौर व आसपास का नजारा लेते हैं और पर्यटकों के लिए यह सेल्फी प्वॉइंट बहुत ही आकर्षण का केंद्र है। (अनंत ज्ञान)

## भरमौर में लोमड़ी को किया रेस्क्यू

**भरमौर।** भरमौर हेलिपैड के समीप वन विभाग की टीम ने एक जंगली लोमड़ी को रेस्क्यू किया है। जानकारी के अनुसार एक जंगली लोमडी रिहायसी क्षेत्र में आ गई थी। जिसका मुंह एक बर्तन में फंस गया था। उसके बाद अपनी जान बचाने के लिए लोमड़ी जगह-जगह भटक रही थी। जैसे ही इसकी सूचना वन विभाग की टीम को लगी तो वन विभाग की टीम कश्मीर सिंह, वनरक्षक करतार चंद की टीम ने मौके पर पहुंचकर लोमड़ी को रेस्क्यू किया। इस कार्य में उसकी मदद स्थानीय लोगों ने भी की। वनरक्षक भरमौर करतार चंद ने कहा कि उन्हें ग्रामीणों ने सूचना दी थी कि एक लोमड़ी के मुंह में प्लास्टिक का डिब्बा फंस गया है। मौके पर टीम ने पहुंचकर लोमडी के मुंह से बर्तन निकालकर उसे जंगल में छोड़ दिया।



# मकानों के अति संवेदनशील भाग किए जाएंगे डिस्मेंटल

## मोहल्ला कश्मीरी में भूस्खलन के मामले में प्रशासन ने पीडब्ल्यूडी को दिए निर्देश

**एमएम डैनियल, चंबा**


मोहल्ला कश्मीरी में भूस्खलन के मुहाने पर आए इस मकान का भाग होगा डिस्मेंटल।

जिला प्रशासन चंबा ने मोहल्ला कश्मीरी में भूस्खलन प्रभावित पीड़ित परिवारों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करने के बाद भूस्खलन के मुहाने में आएं मकानों के अति संवेदनशील भागों को डिस्मेंटल करने का निर्णय लिया है। जिसके चलते प्रशासन द्वारा डिस्मेंटल कार्य का दायित्व लोक निर्माण विभाग चंबा को सौंपा गया है। जिसमें लोक निर्माण विभाग चंबा तकनीकी विंग की देखरेख में विभागीय लेबर भूस्खलन के दायरे में आए मकानों के अति संवदेनशील भागों को सावधानीपूर्वक तोड़ेगा। जिससे भूस्खलन के दौरान निजी संपत्ति को कम क्षति होने सहित कम भूमि कटाव हो।

यह पहली बार है कि मोहल्ला कश्मीरी भूस्खलन स्थल व पीड़ितों को संरक्षण एवं सुरक्षा देने के प्रति प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा इतनी रूचि दिखाई जा रही है। जिसे देख भूस्खलन प्रभावित पीड़ित परिवारों में एक उम्मीद की किरण जगी है। यह किरण कब तक कायम रह पाती है कि यह बात अब सरकार के बजट मंजूरी के निर्णय पर निर्भर करती है। गौर हो कि जिला चंबा मुख्यालय स्थित चौगान वार्ड के मोहल्ला कश्मीरी वैसे तो वर्षों से भूस्खलन के दंश को झेल रहा है। यहां रहने वाले कई परिवारों द्वारा बीते कई वर्षों से सरकार व जिला प्रशासन से मोहल्ले के संरक्षण को लेकर बड़े पैमाने पर कदम उठाएं जाने की अनेक बार गुहार लगाई जा चुकी है। जिसमें बजट अभाव के चलते संरक्षण कार्य तो हुए लेकिन वे भूस्खलन की रोकथाम के लिए नाकाफी सिद्ध हुए।

जिसके परिणामस्वरूप वर्तमान समय में जहां मोहल्ला कश्मीरी में रहने वाले कई परिवारों के मकान भूस्खलन के बेहद करीब आ गए है तो वहीं गत वर्ष बरसात के दिनों में हुए भारी भूस्खलन से पैदा हुए निजी संपत्तियों व वार्ड वासियों की जिदंगियों को देखते हुए प्रशासनिक अधिकारियों में पूर्व उपायुक्त व वर्तमान उपायुक्त जहां बेहद गंभीरता दिखा रहे है, तो वहीं उपमंडल प्रशासनिक अधिकारियों में एसडीएम चंबा लगातार हालातों पर नजर बनाए हुए हैं।

प्रशासनिक अधिकारिक सोच के लिए उपायुक्त, एसडीएम, तहसीलदार, लोनिवि अधिशाषी अभियंता, जल शक्ति विभाग अधिशाषी अभियंता, नगर परिषद चंबा, वार्ड पार्षद अन्य तकनीकी व बुद्धिजीवी वर्ग द्वारा संरक्षण देने पर विचार किया गया। जिसमें तैयार डीपीआर के अंतिम मंजूरी से पूर्व मोहल्ला कश्मीरी को भूस्खलन से कुछ हद तक राहत प्रदान करवाने के उद्देश्य से भूस्खलन के मुहाने में मकानों के अतिसंवेदनशील भागों को डिस्मेंटल किया जाएगा। जिसमें पीड़ित परिवार जॉन स्टीफन पुत्र स्व. अल्लारखा व प्रवीण आनंद पत्नी स्व. आशा नंद के मकानों के कुछ भागों को डिस्मेंटल करने का कार्य शुरू किया जाएगा। जिसमें यदि तकनीकी विंग को भूस्खलन के बेहद करीब अन्य मकानों के कुछ भागों को तोड़ना पड़ा तो वे भी तोड़े जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

> मोहल्ला कश्मीरी में भूस्खलन का खतरा दिन व दिन बढ़ता जा रहा है। जिसकी रोकथाम के लिए जिला प्रशासन द्वारा तमाम कोशिशें लगातार जारी है। प्रारंभिक स्तर पर मोहल्ला के चार पीड़ित परिवारों को सुरक्षित स्थान पर जहां शिफ्ट किया है। वहीं भूस्खलन के मुहाने पर आए दो मकानों के अति संवेदनशील भागों को लोनिवि चंबा के तकनीकी विंग की मौजूदगी में तुड़वाया जाएगा ताकि निजी संपत्ति सहित भूस्खलन से स्थल पर पड़ रहे निर्मित ढांचे के भार को कम किया जा सके। जिससे भूस्खलन होने पर कम से कम क्षति हो। इस दिशा में उपायुक्त चंबा के माध्यम से लोक निर्माण विभाग को निर्देश जारी कर दिए है।
>
> **अरुण शर्मा, एसडीएम, चंबा।**

## न्यूज ब्रीफ

### तीन मार्च को होगा सनातन धर्म सभा का चुनाव


बैठक के दौरान मौजूद सनातन धर्म सभा के पदाधिकारी व सदस्य।

**चंबा।** सनातन धर्म सभा चंबा द्वारा सभा प्रधान सुरेश कश्मीरी की अध्यक्षता में लक्ष्मीनाथ मंदिर परिसर में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न मसलों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। वहीं बैठक की कार्रवाई को आगे बढ़ाते हुए सभा अध्यक्ष सुरेश कश्मीरी ने कहा कि सनातन धर्म जागरूकता अभियान के साथ साथ जनमानस को सनातन से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभा की कार्यकारिणी समय अवधि फरवरी माह में पूर्ण हो जाएगी। जिसके चलते सनातन धर्म के आगामी चुनाव होना तय है। जिसमें सनातन धर्म सभा के आगामी नियमित चुनाव करवाने की तिथि पर सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए तीन मार्च तिथि घोषित की गई। जिसमें तीन मार्च को लक्ष्मीनाथ परिसर में सुबह 11 बजे चुनाव आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने समस्त सनातनियों से आग्रह है कि सभा चुनाव को लोकतांत्रिक ढंग से सफल बनाने व हिंदू धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए अपना सहयोग दें।

### परमात्मा से जुड़कर मिलती है शांति

**चंबा।** संत निरंकारी सत्संग भवन मुगला में क्षेत्रीय प्रभारी महात्मा दुनीचंद की अगुआई में सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग का शुभारंभ आरती वंदना से किया गया। वहीं निरंकारी मिशन ब्रांच चंबा सेवादार एवं मीडिया प्रभारी विनोद कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। जबकि पंचायत साहो, जडेरा, राख, जांगी, मैहला, मंगला सहित शहर परिसर क्षेत्रों से आए संतों महात्माओं ने सदगुरु माता सुदीक्षा महाराज की शिक्षाओं को अपने विचारों व भजनों द्वारा व्यक्त किया। वहीं मंच पर विराजमान महात्मा दुनी चंद ने कहा कि हमें अगर अपने अंदर हर समय शांति महसूस करनी है तो वह इस परमात्मा से जुड़कर ही होगी।

### रजेरा में 228 मरीजों की सेहत जांची


रजेरा गांव में शिविर का उद्घाटन करते चमेरा-दो पावर स्टेशन के महाप्रबंधक प्रभारी उमेश कुमार नंद।

**चंबा।** चमेरा-दो पावर स्टेशन द्वारा परियोजना प्रभावित रजेरा गांव में एनएचपीसी सीएसआर व एसडी योजना के तहत आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें चमेरा-दो पावर स्टेशन महाप्रबंधक प्रभारी उमेश कुमार नंद, टिकेश्वर प्रसाद महाप्रबंधक विद्युत, डॉ. सरिता खुराना, मुख्य चिकित्सा अधिकारी व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों व स्थानीय जनता की उपस्थिति में शिविर का आगाज किया गया। निशुल्क चिकित्सा शिविर में 228 मरीजों के निशुल्क ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन व ईसीजी मेडिकल टेस्ट व मुफ्त दवाओं का वितरण किया गया। इस अवसर पर चमेरा-दो पावर स्टेशन महाप्रबंधक ने अपने बताया कि एनएचपीसी स्थानीय जनता के सामाजिक उत्थान के प्रति दृढ़ संकल्पित है और भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। स्थानीय लोगों ने एनएचपीसी चमेरा-कक पावर स्टेशन की इस पहल की प्रशंसा की और आभार जताया।

# प्रदेश सरकार ने पेश किया ऐतिहासिक बजट : ब्रह्मनंद

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

प्रदेश सरकार ने ऐतिहासिक बजट पेश किया है। इस बजट में हर वर्ग के लिए कुछ न कुछ जरूर रखा गया है। यह बात हिमाचल प्रदेश राजीव गांधी पंचायती राज के प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद ठाकुर ने कही। उन्होंने कहा कि सुख की सरकार ने इस बार ऐतिहासिक बजट पेश कर भविष्य के लिए अपनी मंशा जाहिर कर दी है। उन्होंने कहा कि पहली बार एमएसपी पर दूध खरीदने के लिए हिमाचल प्रदेश पहला राज्य बन गया है। इसके साथ ही इस बजट में महिला, युवा और कर्मचारी वर्ग सबका विशेष ध्यान रखा गया है। इसके साथ ही पंचायत प्रतिनिधियों के मानदेय को बढ़ाकर भी सुक्खू सरकार ने बता दिया है कि पंचायत सरकार का और विकास का अहम हिस्सा है। आशा वर्कर्स से लेकर भेड़ पालक सबका इस बजट में विशेष ख्याल रखा गया है। उन्होंने कहा कि यह बजट आने वाले समय में विकास की नई गाथा लिखेगा। इसके साथ ही मनरेगा मजदूरों की दिहाड़ी बढ़ाकर गरीब तबके को भी सरकार ने बहुत बड़ी राहत दी है। इसके साथ ही नई योजनाओं से भी लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान होंगे। उन्होंने कहा है कि सीमित संसाधन होने के बावजूद मुख्यमंत्री ने इस तरह का बजट प्रस्तुत करके बता दिया है कि इरादे नेक हो तो कुछ भी हासिल किया जा सकता है। इस बजट को इतिहास में याद रखा जाएगा जिसमें हर वर्ग का विशेष ख्याल रखा गया है। उन्होंने कहा है कि प्रदेश में हेलिपोर्ट विस्तार व राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल खोलने से प्रदेश शिक्षा व पर्यटन नए आयाम छूएगा। इसके साथ ही खेलों को बढ़ावा देने के लिए भी सरकार ने गोल्ड मेडल जीतने वालों को पुरस्कृत करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है।



## परमात्मा को जानना नहीं,मानना भी जरूरी: महात्मा सुरेंद्र शर्मा

**डलहौजी।** निरंकारी मंडल डलहौजी के साप्ताहिक सत्संग में रविवार को सुरेंद्र शर्मा ने मिशन का संदेश दिया। प्रवचनों की अमृतवर्षा करते हुए उन्होंने कहा कि परमात्मा को जानना ही नहीं, परमात्मा की मानना भी जरूरी है। परमात्मा को मानने में तभी आनंद है जब हम परमात्मा को जान लेते हैं। इसीलिए कहा गया है कि पहले जानो फिर मानो। महात्मा सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि परमात्मा कण-कण में व्याप्त है। इसका बोध पूर्ण गुरु द्वारा ही संभव है। परमात्मा के बोध का सही आनंद तभी आता है जब हम सद्गुरु के बताए रास्ते पर चल पाएं। उन्होंने कहा कि सद्गुरु का यही संदेश है कि गृहस्थ जीवन में रह कर ही इंसानियत की सेवा करें। दूसरों के दुख बांटे वहीं दूसरों की खुशी में भी सहभागी बने। ईश्वर को वह लोग प्रिय हैं जो इंसानियत से प्यार करते है। उन्होंने कहा कि संत निरंकारी मिशन कोई धर्म या संप्रदाय नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक विचारधारा है ईश्वर प्राप्ति के द्वारा वैश्विक भाईचारे की स्थापना संभव है तथा संपूर्ण मानव जाति के कल्याण तथा विश्व व्यापी शांति और समृद्धि के लिए ईश्वर की अनुभूति अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर अन्य भक्तों ने कण कण में व्यापत परमसत्ता का गुणगान किया।

## बजट से ग्रामीण अर्थव्यवस्था होगी मजबूत: रमेश

**भरमौर।** कांग्रेस के प्रदेश सचिव रमेश राव ने मुख्यमंत्री द्वारा पेश किए 58,444 करोड़ के बजट की सहराना करते हुए कहा कि इस बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। इस बजट में खास कर मध्यम वर्ग, गरीब तबका, किसानों, ग्रामीणों, विधवा माताओं बहनों, युवाओं, प्रदेश के कर्मचारियों, अर्ध सरकारी कर्मचारियों, और दिहाड़ीदारों का पूरा ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि सरकार के बजट से ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश आर्थिक बदहाली के दौर से गुजर रहा था फिर भी सुख की सरकार ने हिमाचल की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने का काम किया है। बजट 2024-25 को एक ऐतिहासिक बजट बनाने के मुख्यमंत्री की प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि बजट 2024-25 ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत और हिमाचल को आत्मनिर्भर करने के लिए संकल्पित है। सरकार ने बजट में ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती की तरफ फोकस करते हुए पहली अप्रैल से गाय के दूध को 38 से 45 रुपए और भैस का 45 से 55 रुपए बढ़ाने का ऐलान किया साथ ही ढगवार कांगड़ा में मिल्क प्लांट स्थापित होगा और प्रतिदिन 3 लाख लीटर क्षमता होगी। उन्होंने कहा कि युवाओं के साथ धोखा न हो यह सरकार की प्रतिबद्धता है।



# बजट से करुणामूलक वर्ग निराश

## मुख्यमंत्री ने नहीं की कोई घोषणा, परिवार हुए खफा

**अनंत ज्ञान, चंबा**


करुणामूलक संघ के पदाधिकारी व सदस्य सामूहिक चित्र में।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा विधानसभा में पेश बजट में करुणामूलक परिवारों को लेकर मुख्यमंत्री ने कोई घोषणा नहीं की न ही उनके लिए कोई नीति लाई गई। जिसके चलते करुणामूलक परिवारों में सरकार की इस अनदेखी पर भारी रोष है।

करुणामूलक संघ के प्रदेशाध्यक्ष अजय कुमार, मीडिया प्रभारी गगन कुमार, मुख्य सलाहकार शशि पाल, आईटी सेल गुलशन कुमार हिमाचल प्रदेश के जिला अध्यक्षों व समस्त करुणामूलक परिवारों का कहना है सरकार क्यों इन परिवारों के लिए कोई नीति नहीं बना रही।

एक तो इन परिवारों में अपने घर का सदस्य खोया है ऊपर से 20 से 25 सालों से यह परिवार करुणा के आधार पर नौकरी का इंतजार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री द्वारा हर एक अभिभाषण में कहा जाता है कि प्रदेश की उन्नति में एक सरकारी कर्मचारी का विशेष योगदान होता है तो मुख्यमंत्री इन परिवारों की तरफ क्यों नहीं देखते क्या इन लोगों के माता या पिता का कोई योगदान नहीं था जो सरकार की सेवा करने के दौरान मृत्यु को प्राप्त हो गए। जब यह विपक्ष में थे तो मरहम लगाते थे और जब सत्तापक्ष में आ गए तो जख्म दे रहे हैं। विधानसभा चुनावों के समय हर एक जनमंच से इन परिवारों के लिए आवाज उठाई गई और कहा गया कि बिना किसी शर्त से करुणामूलक के लिए नौकरियां बहाल की जाएगी, लेकिन सरकार बनने के पश्चात अब इन परिवारों का मजाक बनाया जा रहा है।

इन परिवारों को एक वोट बैंक का जरिया ही समझा जाता है। मुख्यमंत्री द्वारा कुछ ऐसा प्रावधान लाया जाए जिसमें इन परिवारों को करुणा के आधार पर नौकरी देकर व्यवस्था का उदाहरण दिया जाए ताकि यह भी अपने परिवार का पालन पोषण कर सकें।

# कांग्रेस के खाते सीज करना भाजपा की बौखलाहट : श्याम

**अनंत ज्ञान, भरमौर**



कांग्रेस के बैंक खाते फ्रीज करवाना, ईडी के छापे डलवाकर विपक्ष के नेताओं को परेशान करना, भ्रष्टाचार के आरोप लगाना और फिर उन्हीं आरोपियों को अपनी पार्टी में मिला लेना भाजपा की आदत बन गई है। यह बात भरमौर पांगी युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्याम ठाकुर ने कही। श्याम ठाकुर ने कहा है कि धन-बल का प्रयोग करके सरकार गिरा देने जैसी तमाम हरकतें करने के बावजूद भाजपा का चार सौ सीटें जीतने का दावा हवा- हवाई है।

यह भाजपा भी बखूबी जानती है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा चुनावी बॉड को प्रतिबंधित कर देने के बाद कांग्रेस के खाते सील करवा देना केंद्र की मोदी सरकार की बौखलाहट को दिखाता है। श्याम ठाकुर ने कहा कि जितने भी दागी हैं भाजपा में शामिल होते ही उन पर भ्रष्टाचार के आरोप व जांच बंद हो जाती है। भाजपा जिन नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाती है वही नेता जब भाजपा में शामिल हो रहे हैं तो उन्हें राज्यसभा में शामिल कराया जा रहा है और उनके सारे दाग धुल जाते हैं।

उन्होंने कहा है कि कांग्रेस के अकाउंट्स को फ्रीज कर केंद्र की मोदी सरकार ने उसकी बौखलाहट जाहिर कर दी है। जिन हास्यास्पद कारणों का हवाला देकर केंद्र की मोदी सरकार ने कांग्रेस के अकाउंट्स को सीज करवाया और 210 करोड़ रुपए की पेनल्टी लगाई गई, उसने साफ कर दिया कि देश में लोकतंत्र समाप्त हो चुका है और हम एक तानाशाही के दौर में रह रहे हैं, जहां सरकार को किसी नियम-कायदे की परवाह नहीं रह गई है।

# 31 मार्च से पूर्व प्रशिक्षित किए जाएंगे हेल्थ एंबेसडर: डॉ. कविता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**


प्रमाण पत्र हासिल करती डॉ. कविता बिजलवान।

भारत सरकार की आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत विद्यालय जाने वाले बच्चों के स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए स्कूल हेल्थ वेलनेस कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी कार्यक्रम के अंतर्गत परी महल शिमला में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सरू चंबा से डॉ. कविता बिजलवान तथा स्वास्थ्य विभाग से डॉ रोहित नड्डा ने भाग लिया। इस कार्यशाला में स्कूल हेल्थ वेलनेस कार्यक्रम के लिए तैयार की गई ऐप के बारे में बताया गया। अंत में सभी प्रतिभागियों को डॉ. अंजलि चौहान राज्य प्रोग्राम ऑफिसर आरकेएस द्वारा प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। सप्ताह में एक दिन बच्चों को विद्यालय में कार्यरत हेल्थ एंबेसडर अध्यापक बच्चों के स्वास्थ्य से संबंधित विषयों स्वस्थ बढ़ना, भावनात्मक कल्याण एवं मानसिक तनाव दूर करने के उपाय, मूल्य और जिम्मेदार नागरिकता, जेंडर समानता, पोषण, स्वास्थ्य और स्वच्छता, पदार्थ के दुरुपयोग की रोकथाम, प्रजनन स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देना, प्रजनन स्वास्थ्य एवं एचआईवी की रोकथाम, हिंसा और चोट के खिलाफ सुरक्षा, इंटरनेट और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग को बढ़ावा देना आदि विषयों पर विद्यार्थियों से चर्चा करते हैं। जिला को-ऑर्डिनेटर डॉ. कविता ने बताया कि अब जिला चंबा में डाइट में हर शिक्षा खंड से दो-दो अध्यापकों को बुलाकर मास्टर ट्रेनर तैयार किए जाएंगे उसके बाद यह प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर अपने-अपने खंड में मिडिल, हाई तथा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में कार्य करेंगे। सभी एम्बेसडर को खंड स्तर पर इस ऐप का प्रशिक्षण देंगे। जिला के समस्त स्कूल हेल्थ एंबेसडर को 31 मार्च से पूर्व प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है।

## उद्यान विभाग बागवानों को करेगा जागरूक

**चंबा।** जिला के बागवानों के उत्थान एवं आर्थिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए उद्यान विभाग द्वारा जागरूकता शिविरों के माध्यम से जिला के बागवानों को बागवानी के प्रति जागरूक करने का निर्णय लिया गया है। जिसमें विभाग प्रदर्शनी स्टॉल व शिविरों में विभागीय विशेषज्ञ बागवानों को फसलों संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान करेंगे। यह जानकारी उपनिदेशक जिला उद्यान विभाग चंबा डॉ. प्रमोद शाह ने दी। उन्होंने बताया कि सेब सहित अन्य फलदार पौधों की पैदावार व पौधों की देखभाल संबंधी जानकारी देने के लिए विभाग द्वारा हर पंचायत क्षेत्र में जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाएगा ताकि फल व्यापार से जुड़े बागवानों को उनकी मेहनत के बेहतरीन परिणाम मिल सकें। जिससे जिला के बागवानों की आर्थिक स्थिति को भी मजबूती प्राप्त होगी।

**मुस्तैदी** | बनीखेत बस अड्डे पर पुलिस को मिली थी डरी-सहमी हुई

# अक्षम महिला को परिवार से मिलाया

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

पुलिस केवल अपराध को नियंत्रण या फिर अपराधियों को ही नहीं पकड़ती बल्कि समाजिक दायित्व निर्वाह करना भी खूब जानती है। जिसकी मिसाल डलहौजी पुलिस के अधीन पुलिस चौकी बनीखेत के दल ने कायम की है। पुलिस की मुस्तैदी के चलते एक अक्षम महिला को उसका खोया परिवार एक बार फिर नसीब हो पाया है। गौर हो कि रविवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे पुलिस चौकी प्रभारी कुलदीप ने अपने दल के साथ बस अड्डा बनीखेत में गश्त के दौरान अचानक एक महिला को देखा जो डरी सहमी लोगों से बेतूकी बातें करती नजर आई। उसकी हरकतों को देखकर चौकी प्रभारी ने महिला से पूछताछ की तो पाया कि महिला मानसिक रूप से परेशान है और पूछे गए सवालों के भी संतुष्ट जवाब नहीं दे पाई। पुलिस दल में महिला को चौकी लाकर उसकी तस्वीरें जिला के तमाम थानों में भेजी तथा कुछ समय बाद किहार थाना द्वारा महिला को पहचानने में सहमति जताई। इस मामले को लेकर पुलिस थाना किहार ने उसके माता-पिता से संपर्क किया तो परिवार वालों ने बिना समय गंवाए बनीखेत पुलिस चौकी का रुख किया तथा अपनी बेटी को सही सलामत पा कर उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। बताते चलें 32 वर्षीय अनीता (काल्पनिक नाम)जो उपमंडल सलूणी से संबंध रखने वाली है। उसके माता-पिता ने बताया कि अनीता शादीशुदा है और जो एक लड़की की मां भी है शादी के कुछ समय बाद उसका तलाक हो जाने के कारण उसकी मानसिक स्थिति बिगड़ गई। परिवार वालों ने उसकी एसी स्थिति को लेकर पंजाब के मानसिक विशेषज्ञ डॉक्टर को दिखाया ,उसकी स्थिति में कुछ खास सुधार देखने को नहीं मिला। अनीता ने 12वीं क्लास पास की है और एक बच्ची की मां भी है जो सातवीं कक्षा में पढ़ाई कर रही है। अनीता और अनीता की बेटी का खर्चा अनीता के माता-पिता एवं उसका भाई उठा रहे हैं। अचानक घर से बिना बताए चले जाने के कारण पूरा परिवार परेशान हो गया था, लेकिन बनीखेत पुलिस चौकी के दल की मुस्तैदी के चलते एक अक्षम महिला अपने परिवार से मिल सकी। मामले की पुष्टि पुलिस थाना प्रभारी जगबीर सिंह द्वारा की गई है। उन्होंने बताया कि बनीखेत बस अड्डे पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं जहां आने-जाने वाली लोगों पर पुलिस की कड़ी नजर रहती है, इसके अलावा पुलिस चौकी बनीखेत द्वारा समय-समय पर दैनिक गश्त को भी अंजाम दिया जाता है तथा हर आने जाने वाले पर शक के आधार पर पूछताछ प्रक्रिया को भी अंजाम दिया जाता है। इसी का नतीजा है कि आज एक अक्षम महिला को उसके परेशान परिवार के हवाले कर इस सारे मामले को सुलझाया गया। गौरतलब है कि यदि महिला किसी गाड़ी में बैठकर पड़ोसी राज्य पंजाब, जम्मू कश्मीर या अन्य राज्य की तरफ चली जाती तो उक्त महिला एवं उसके परिवार वालों के लिए बड़ी मुसीबत साबित हो सकती थी। परिवार ने समस्त पुलिस चौकी दल का तहे दिल से धन्यवाद करते कहा कि यदि आज बनीखेत पुलिस दल ने मुस्तैदी न दिखाई होती तो उनकी बेटी उन्हें न मिल पाती। (अनंत ज्ञान)

### परिजनों ने जताया बनीखेत पुलिस का आभार

## न्यूज ब्रीफ

### बिजली बोर्ड पेंशनर्स वेलफेयर एसो. ने की बैठक

**कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन कुल्लू इकाई की मासिक बैठक सभी सदस्यों की मौजूदगी में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता एसो. के अध्यक्ष इंजीनियर प्रवेश ठाकुर ने की। इस दौरान उपस्थित सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने अपनी-अपनी समस्याओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया और साथ ही सर्वसम्मति के साथ बोर्ड प्रबंधन वर्ग से अपनी समस्याओं के समाधान हेतु आग्रह किया। इसके साथ ही बैठक में सभी ने 1 जनवरी 2016 के बाद सेवानिवृत हुए सभी कर्मचारियों के सेवा लाभ जैसे संशोधित पेंशन, ग्रेच्युटी एवं बकाया राशि का भुगतान शीघ्र अति शीघ्र करने के बारे में भी अपील की।

### 5.7 ग्राम चिट्टे के साथ युवक गिरफ्तार

**कुल्लू।** जिले की पर्यटन नगरी मनाली में पुलिस ने 5.7 ग्राम चिट्टे के साथ हरियाणा का एक युवक गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार स्थानीय समाजसेवी सुभाष ठाकुर व उनकी टीम ने सबसे पहले आरोपी को पकड़ा और उसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। आरोपी के पकड़े जाने की वीडियो भी सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रही है। सुभाष का कहना है कि मनाली में नशे को जड़ से खत्म करने के लिए स्थानीय लोगों को भी आगे आना होगा और पुलिस का सहयोग करना होगा। मनाली पुलिस को सूचना मिलने के बाद उक्त युवक को पुलिस ने मनाली के भजोगी स्थित गुरुद्वारा के पास से 5.7 ग्राम चिट्टा के साथ गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की पहचान 22 वर्षीय अतुल खटिक पुत्र राजेश कुमार निवासी चरखी दादरी ज़िला भवानी हरियाणा के रूप में हुई है। उधर, डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बर्फबारी से लाहौल-स्पीति और कुल्लू में शीतलहर

## मौसम ने बदली करवट, लोगों की बढ़ी परेशानियां, अटल टनल व सोलंगनाला में शाम तक जारी रही बर्फबारी

**कमलेश वर्मा, मनाली/केलांग**

मौसम ने एक बार फिर करवट बदल ली है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक जनजातीय जिला लाहौल स्पीति सहित कुल्लू जिला के पहाड़ो में बर्फबारी का दौर शुरू हो गया है, जिससे दोनो जिले शीतलहर की चपेट में आ गए हैं।

रविवार सुबह से ही कुल्लू जिला, पर्यटन नगरी मनाली सहित लाहौल घाटी बादलों से ढकी थी। दोपहर होते होते रोहतांग दर्रे सहित लाहौल घाटी व मनाली के पर्यटन स्थलों और कुल्लू जिला की ऊंची चोटियों में बर्फबारी का दौर शुरू हो गया, जोकि शाम तक जारी रहा। मौसम के एक बार फिर से करवट बदलने से जहां ठंड बढ़ गई है वहीं, सैलानियों व पर्यटन कारोबारियों के चेहरे खिल उठे हैं। उधर, अटल टनल और सोलंगनाला में दोपहर से बर्फबारी हो रही है। इससे अटल टनल एक बार फिर पर्यटकों के लिए बन्द हो गई है। हालांकि, सोलंगनाला से आगे फोर बाई फोर वाहनों को भेजा जा रहा है, जिसमें सिर्फ आपातकाल सेवा में ही जाने की अनुमति है।

अटल टनल में लगभग तीन इंच बर्फबारी हो गई है। प्रशासन ने अटल टनल की ओर गए पर्यटकों को दोपहर बाद मनाली की ओर भेजना शुरू किया। धुंधी, सोलंगनाला में भी बर्फबारी के दौर शुरू हो गया है, जबकि निचले इलाकों में फिलहाल बारिश हो रही है। मौसम का मिजाज ऐसा ही रहा तो देर रात मनाली में भी बर्फबारी शुरू होने की संभावना है। (अनंत ज्ञान)


लाहौल-स्पीति जिले के गोंधला में हो रही ताजा बर्फबारी।

### अटल टनल पर्यटकों की आवाजाही के लिए बंद

**उधर,** डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि अटल टनल में भारी बर्फबारी शुरू हो गई है, जिसके कारण फिलहाल पर्यटक वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है। पर्यटक रविवार को सोलंगनाला तक ही भेजे गए। इससे आगे सिर्फ आपातकाल में ही फोर बाई फोर वाहनों को भेजा गया। उधर, उपायुक्त कुल्लू एस तोरुल रवीश व लाहौल स्पीति के उपायुक्त राहुल कुमार ने कहा है कि मौसम के पूर्वानुमान के अनुसार बर्फबारी व बारिश का दौर शुरू हो गया है।

उन्होंने पर्यटकों व आम लोगों से अपील की है कि मौसम की स्थिति को देख कर ही यात्रा करें। उधर, बर्फबारी के कारण सोमवार को उदयपुर में प्रस्तावित स्नो फेस्टिवल के आयोजन को भी जिला प्रशासन की ओर से आगामी आदेश तक स्थगित किया गया है। लिहाजा, ऊंचे क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी और निचले क्षेत्रों में बारिश से ठंड बढ़ गई है।

## कुल्लू कॉलेज के रोवर एंड रेंजर्स ने नशे के दुष्परिणामों की ली जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



नशा मुक्ति केंद्र बाशिंग के भ्रमण के दौरान रोवर एंड रेंजर्स सामूहिक चित्र में।

राजकीय महाविद्यालय कुल्लू के रोवर एंड रेंजर्स ने नशा मुक्ति केंद्र बाशिंग का भ्रमण किया। इस दौरान रोवर-रेंजर्स ने नशे से कैसे दूर रहें, पर चर्चा की। गौर रहे कि राजकीय महाविद्यालय कुल्लू के रोवर एवं रेंजर इकाई की ओर से अपने रोवर लीडर प्रो. ज्योति चरन के नेतृत्व में भारत स्काउट्स एंड गाइड्स हिमाचल प्रदेश के द्वारा नशे के खिलाफ 'निश्चय' प्रोजेक्ट शुरू किया गया है। इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत रोवर-रेंजर्स ने नशा मुक्ति केंद्र बाशिंग का विशेष भ्रमण किया। इस मौके पर रोवर-रेंजर्स ने केंद्र में उपचाराधीन 30 मरीजों का हाल जाना। नशा मुक्ति केंद्र के प्रभारी विशाल ने रोवर-रेंजर्स को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में विस्तृत जानकारी दी और नशे से दूर रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि वह 13 साल पहले तक नशे की चपेट में थे। उन्होंने नशे के खिलाफ लड़ाई लड़ी और अब वह नशे से दूर हैं। साथ ही अब नशा मुक्ति केंद्र के माध्यम से युवाओं को भी नशे की चपेट से बचा रहे हैं। रोवर लीडर प्रो. ज्योति चरण ने कहा कि इस दौरान रोवर-रेंजर्स ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कुल्लू संजीव चौहान से भी शिष्टाचार भेंट की और नशे के खिलाफ तैयार किए गए नुक्कड़ नाटक को पेश किया। एएसपी रोवर्स एंड रेंजर्स की टीम को उनके प्रोजेक्ट निश्चय के लिए शुभकामनाएं दी। इस दौरान प्रो. ज्योति चरण ने बताया कि इस नुक्कड़ नाटक का मंचन शहर के प्रमुख स्थानों में किया जाएगा।

## भुंतर सुधार समिति ने आजीवन सदस्य गौरी लाल भारती को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, भुंतर**

भुंतर सुधार समिति की बैठक गुरुद्वारा साहिब भुंतर में समिति के अध्यक्ष मेघ सिंह कश्यप की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने भुंतर सुधार समिति के कोषाध्यक्ष ऋषि शर्मा की माता के गत दिन पहले हुए देहांत पर गहरा दुःख प्रकट किया और भगवान से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की। उसके उपरांत बैठक में विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। निर्णय लिया कि तेगुबेहड़ अस्पताल में चली सेवा को और भी बेहतर बनाने के लिए उचित कदम उठाएं जाएंगे। अस्पताल में सेवा दे रही सेवादार मीना जसवाल ने बताया कि तेगुबेहड़ अस्पताल में चली सेवा की लोग काफी प्रशंसा कर रहे हैं। अस्पताल का तमाम स्टाफ भी काफी मिलनसार है।

इस मौके पर अजीवन सदस्य गौरी लाल भारती को लाइफ टाइम प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर उपाध्यक्ष मनीष कौंडल, रोशन लाल उर्फ रामू, महासचिव रविंद्र परमार, सहसचिव झावे राम पहलवान, मुख्य संरक्षक पीडी आजाद, महिला विंग की सचिव मीना, प्रवक्ता नीलम, अजीवन सदस्य गौरी लाल भारती आदि उपस्थित रहे।



गौरी लाल भारती को सम्मानित करते समय समिति के पदाधिकारी।

## ग्लोबल विलेज स्कूल में विदाई पार्टी का आयोजन, प्रिया चुनी मिस पर्सनेलिटी


दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए आयोजित विदाई पार्टी के दौरान स्कूल के शिक्षक व विद्यार्थी।


**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिले के हुरला स्थित ग्लोबल विलेज स्कूल में 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। यह आयोजन 7वीं, 9वीं व नौवीं के विद्यार्थियों ने किया। इस मौके पर जूनियर विद्यार्थियों द्वारा सबसे कार्यक्रम के विशेष अतिथि 10वीं कक्षा का भव्य स्वागत किया गया। वहीं, इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य गणेश भारद्वाज मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने ज्योति प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का आगाज किया। स्कूल प्रशासक कैलाश गौतम ने कुल्लुवी परम्परानुसार मुख्यातिथि का स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विभिन्न शानदार कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब वाहवाही लूटी। इसी बीच मुख्यातिथि प्रधानाचार्य गणेश भारद्वाज ने अपने संबोधन में बच्चों को शिक्षा के साथ साथ खेलकूद व अन्य गतिविधियों में बढ़चढ़ कर भाग लेने की अपील की और उनके अच्छे भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

इस दौरान चयन कमेटी के सदस्यों लीला, अनु व रजनी ने छात्रा इशिका को मिस जीवीएस तथा छात्र पन्शुल को मिस्टर जीवीएस चुना, जबकि हिमांशु मिस्टर पर्सनेलिटी व प्रिया मिस पर्सनेलिटी चुने गए। स्कूल कैम्पस में गीत, संगीत, नाटक, पारम्परिक नृत्य, पारम्परिक कुल्लुवी धाम, सेल्फी पॉइंट आदि आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम में रजनी, अनु, इंद्रा, जगदीश, भूमा, हिमानी, प्रेमा, रजनी, लीला, सुनीता, सोमिला, अनु, गीतांजलि, अंजली, रीनू, ममतारानी, मोनिषा, आदित्य, गुरमीत, रीनू कुमारी, ममता, हीरामणि, संदीप, रमेश, तिलक आदि स्टाफ के सदस्यों तथा सैंकड़ों छात्रों ने भाग लिया।

## सुक्खू सरकार का दूसरा बजट आम आदमी का बजट : राजीव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता राजीव किमटा ने कहा है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा प्रस्तुत किया गया दूसरा बजट आम आदमी का बजट है। इस बजट से समाज का हर व्यक्ति और वर्ग लाभान्वित होगा। उन्होंने कहा कि सुक्खू द्वारा पेश बजट दूरदर्शी, नवोन्मेषी एवं किसान हितैषी है। यह बजट हिमाचल की समृद्धि सुनिश्चित करेगा और किसान व बागवानों को इससे बड़े स्तर पर लाभ मिलेगा।

उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देते हुए इसे स्वरोजगार से जोड़ने की पहल के दृष्टिगत राजीव गांधी प्राकृतिक खेती स्टार्ट-अप योजना के तृतीय चरण में कई उपाय प्रस्तावित हैं। यह मुख्यमंत्री की दूरदर्शी सोच के अनुरूप है, जिन्होंने युवाओं को रोजगार व स्वरोजगार से जोड़ने के लिए 680 करोड़ रुपए की यह योजना शुरू की है। इससे किसानों की आय में बढ़ौतरी के साथ ही बड़े स्तर पर कृषक वर्ग रसायनमुक्त खेती के प्रति प्रोत्साहित होगा। बागवानी क्षेत्र में 12 करोड़ रुपए की लागत से एक उत्कृष्टता केंद्र स्थापित होने से यह बागवानी उत्पादों की गुणवत्ता, दक्षता, पर्यटन और विपणन से संबंधित बागवानों की विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा करने के दृष्टिगत एक संसाधन केंद्र के रूप में कार्य करेगा। बजट में घोषित डिजिटल मीडिया पॉलिसी-2024 की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्रीय वेब पोर्टल और चैनलों को सहयोग के साथ ही प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और विकासात्मक गतिविधियों का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार भी सुनिश्चित होगा, जबकि बजट कर्मचारी हितैषी भी है।

# मरीजों के मनोरंजन के लिए नशा मुक्ति केंद्र एवं पुनर्वास केंद्र में स्थापित होगा ओपन जिम : डीसी

### उपायुक्त ने किया नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र भुंतर व आदर्श जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश ने भुंतर स्थित एकीकृत नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि भुंतर स्थित एकीकृत नशा मुक्ति एवं पुर्नवास केंद्र प्रदेश का एकमात्र केंद्र है जहां नशे की आदत से पीड़ित महिलाओं के इलाज के लिए 15 बेड की व्यवस्था है। इसके अलावा 19 बिस्तरों का पुरुष वार्ड भी है जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों स्वास्थ्य जांच सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। इस दौरान उन्होंने यहां आने वाले मरीजों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी हासिल की तथा कहा कि भुंतर स्थित नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र में रोगियों को हर संभव बेहतरीन सुविधा उपलब्ध कराने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों को यहां आने वाले मरीजों को प्रशिक्षण प्रदान की संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिए ताकि यहां से इलाज व स्वास्थ्य लाभ के उपरांत मरीज भविष्य में अपना रोजगार आरंभ कर सके। उन्होंने केंद्र में ओपन जिम स्थापित करने के भी निर्देश दिए तथा कहां की यहां आने वाले मरीजों के मनोरंजन व शारीरिक विकास के लिए खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र में और अधोसंरचना एवं आधारभूत सुविधाएं सृजित करने के भी निर्देश दिए। उपायुक्त तोरुल एस रवीश ने इसके उपरांत क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू स्थित आदर्श जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण किया तथा केंद्र द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी हासिल की। उन्होंने बच्चों में बीमारी की शीघ्र पहचान करने पर बल दिया ताकि पीड़ित बच्चों का समय पर उपचार आरंभ कर उन्हें पूर्ण रूप से स्वस्थ किया जा सके।

इस अवसर पर सहायक आयुक्त एवं जिला रेडक्रास सोसायटी के कोषाध्यक्ष शशिपाल नेगी, सीएमओ डॉ. नागराज पवार, लोक निर्माण विभाग एसई मैकेनिकल गिरधारी लाल ठाकुर जिला रेड क्रॉस सोसायटी के सचिव विनोद मोदीगिल व केंद्र के इंचार्ज डॉ. सत्यव्रत वैद्य सहित अन्य उपस्थित थे।


नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र के निरीक्षण के दौरान केंद्र के इंचार्ज के साथ चर्चा करते उपायुक्त।

## वरिष्ठ कांग्रेसी तोग चंद बने प्रदेश राज्य वन विकास निगम के निदेशक

**अनंत ज्ञान, मनाली**

लाहौल स्पीति जिला के सलग्रा गांव के ग्रामीण एवं वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता तोग चन्द ठाकुर को हिमाचल प्रदेश राज्य वन विकास निगम सीमित का निदेशक बनाया गया है। राज्य वन विकास निगम सीमित का निदेशक बनाए जाने पर तोग चन्द ठाकुर ने मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह, उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री व लाहौल स्पीति के विधायक रवि ठाकुर का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की जनहित नीतियों को पात्र लोगों तक पहुंचाने के हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

## बजट में पर्यटन के नाम पर मनाली को कुछ नहीं : ठाकुर दास

**मनाली।** भाजपा मनाली मंडल के अध्यक्ष ठाकुर दास ने कहा कि प्रदेश सरकार का बजट दिशाहीन है। पर्यटन के नाम पर मनाली को कुछ नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने नया तो कुछ नहीं किया, लेकिन भाजपा सरकार के समय चल रहे कार्यों को ही पूरा नहीं कर पाई है। मनाली के पर्यटन स्थलों को विकसित करने का कोई जिक्र नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछले साल सरकार ने जो बजट पेश किया था उसमें की गई घोषणाओं को सरकार अब तक पूरा नहीं कर सकी है। कई योजनाओं को इस बजट में भी दोहराने का काम किया गया है।

ठाकुर दास ने कहा कि सत्ता में आने से पहले कांग्रेस ने जिन गारंटियों की बात की थी, बजट में उसका कोई जिक्र नहीं किया जा रहा है। ठाकुर ने कहा कि इस बजट से युवा, महिला, किसान और बागवान से लेकर हर वर्ग बुरी तरह निराश हुआ है। उन्होंने कहा कि कुल्लू मनाली के हजारों लोग पर्यटन से जुड़े हैं। पर्यटन की दृष्टि से बजट में कोई प्रावधान नकरने से हजारों पर्यटन कारोबारियों को निराशा हुई है।

## खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों में भाग लेने हिमाचल की टीम गुलमर्ग रवाना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली**

खेलो इंडिया शीतकालीन खेल में भाग लेने हिमाचल की टीम गुलमर्ग रवाना हो गई है। 21 से 25 फरवरी तक आयोजित हो रहे खेलो इंडिया शीतकालीन खेल 2024 के चौथा संस्करण के दूसरे चरण में हिमाचल प्रदेश के 51 खिलाड़ी अपनी प्रतिभा के जौहर दिखाएंगे। रविवार को पर्वतारोहण संस्थान के निदेशक अविनाश नेगी ने टीम को दी हरी झंडी देकर शुभकामनाओं के साथ रवाना किया। गौर हो कि

खेलो इंडिया शीतकालीन खेल 2024 के चौथा संस्करण का पहला चरण केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में हुआ था जो दो से छह फरवरी से तक चला। अब इसका दूसरा चरण कश्मीर के पर्यटन स्थल गुलमर्ग में 21 से 25 फरवरी तक आयोजित होने वाला हैं।

गुलमर्ग में विभिन्न खेलों स्की पर्वतारोहण, अल्पाइन स्कीइंग, स्नोबोर्डिंग, नॉर्डिक स्की और गंडोला जैसे खेलों का आयोजन किया जाएगा। हिमाचल टीम की आने जाने की व्यवस्था अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण संस्थान मनाली द्वारा भारतीय खेल प्राधिकरण के सहयोग से की गई है। हिमाचल की टीम आज बस द्वारा मनाली से जम्मू के लिए रवाना हुई। सोमवार को जम्मू से सभी खिलाड़ी हवाई सेवा द्वारा गुलमर्ग पहुंचेंगे।अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतरोहण संस्थान मनाली के निदेशक अविनाश नेगी ने बताया कि रविवार 61 सदस्यों की हिमाचल टीम को अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण संस्थान के नोडल ऑफिसर के नेतृत्व में मनाली से रवाना किया। टीम में 51 खिलाड़ी व 10 ऑफिशल टीम के सदस्य हैं। उन्होंने बताया कि हिप्र विंटर गेम्स एसोसिएशन के सहयोग से टीम का चयन किया गया है। नेगी ने बताया कि सभी खिलाड़ी 21 से 25 तक गुलमर्ग में अपनी प्रतिभा के जौहर दिखाएंगे।


खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों में भाग लेने वाली टीम।

**मीटिंग** ढालपुर में देवसदन के सभागार में देवभूमि क्षत्रिय संगठन-सवर्ण मोर्चा एवं राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी की प्रदेश स्तरीय बैठक

# सदस्य निभाएं मेरा चूल्हा मेरी जिम्मेदारी : रुमित ठाकुर

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

देवभूमि क्षत्रिय संगठन-सवर्ण मोर्चा एवं राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी की प्रदेश स्तरीय बैठक का आयोजन ढालपुर में स्थित देवसदन के सभागार में किया गया। रविवार को आयोजित इस प्रदेश स्तरीय बैठक में विभिन्न राज्यों से आये देवभूमि क्षत्रिय संगठन-सवर्ण मोर्चा एवं राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी के पदाधिकारियों ने बैठक में हिस्सा लिया।

बैठक में देवभूमि क्षत्रिय संगठन-सवर्ण मोर्चा एवं राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रुमित सिंह ठाकुर ने संगठन से जुड़े कई एहम मुद्दों पर चर्चा की ओर विभिन्न जिलों से आए सभी पदाधिकारियों से संगठन में मजबूती लाने के लिए मेरा चूल्हा मेरी जिम्मेदारी जैसे कार्यों पर गंभीरता से चूल्हा प्रमुख की जिम्मेदारी को सुनिश्चित करने के बारे सदस्यों को निर्देश दिए। इसके साथ ही संगठन में जुड़ने वाले नए सदस्यों को संगठन में पदाधिकारी बनाए जाने से पहले संगठन की सदस्यता लेना अनिवार्य करने के बारे में बात कही और साथ ही उन्हें कम से कम 25 लोगों को संगठन में जोड़ने का लक्ष्य भी देने के बारे में बात की गई ताकि संगठन में सक्रिय रहने वाले सदस्यों के होने से संगठन मजबूत बन सके।


इस दौरान रुमित सिंह ने आगामी लोकसभा के चुनावों के मद्देनजर प्रदेश में संगठन की तरफ से सभी योग्य एवं काबिल उम्मीदवारों के नाम को सामने लाने की जिम्मेदारी भी सुनिश्चित की, ताकि संगठन के सदस्य चुनावों में अपनी जीत सुनिश्चित कर सके। रुमित सिंह ने 2025 में होने वाले चुनावों में संगठन के सभी सदस्यों से पंचायत चुनावों में प्रधान, उपप्रधान, बीडीसी सदस्य, जिला परिषद सहित चुनाव लड़ने के बारे में सलाह देते हुए कहा कि इस तरह के चुनाव लड़ने से संगठन के सभी सदस्यों को चुनाव संबंधी अनुभव प्राप्त होगा जिसके लाभ वर्ष 2027 में होने वाले चुनावों में दिखेगा और संगठन के सदस्य प्रदेश में अपनी सरकार बनाएंगे और अगर सरकार नहीं बना पाए तो भी ऐसी स्थिति में होंगे जहां पर हमारे सहयोग के बिना कोई सरकार न बने।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा और कांग्रेस के समक्ष संगठन तीसरी शक्ति बनकर उभरेगा। उन्होंने उपस्थित सभी सदस्यों से आह्वान किया कि 18 फरवरी से लेकर 10 मार्च तक ऐसे उम्मीदवार को सामने लेकर आएं जो चुनाव लड़ने के काबिल हो और उससे कुनिहार में आकर टिकट के लिए आवेदन करवाएं। इस दौरान रुमित सिंह ने कहा कि उन्हें इस बार के लोकसभा के चुनाव में किस तरह से और कैसे लड़ना है इसके बारे में संगठन के सदस्य मिल कर तय करेंग। इस दौरान बैठक में अनुपस्थित रहे सदस्यों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के बारे में भी निर्देश दिए गए। बैठक में दिल्ली से करणी सेना के पदाधिकारियों सहित, उत्तर प्रदेश और राजस्थान, सिरमौर, कांगड़ा, मंडी, बिलासपुर सहित कुल्लू जिले से आए संगठन के पदाधिकारियों ने बैठक में हिस्सा लिया। (अनंत ज्ञान)


प्रदेश स्तरीय बैठक में भाग लेते हुए विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी।

## न्यूज ब्रीफ

### आत्मनिर्भर बनाने की ओर ले जाने वाला बजट



**हमीरपुर।** कृषि उपज मंडी समिति (एपीएमसी) हमीरपुर के चेयरमैन अजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा प्रस्तुत किया गया बजट हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाने की ओर ले जाने वाला बजट है। इसमें जहां सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है, वहीं किसान वर्ग को विशेष तरजीह दी गई है जो मुख्यमंत्री की दूरदर्शी सोच को दर्शाता है। हिमाचल के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि दूध का समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है। इससे पता चलता है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू किसानों की आय को बढ़ाने के लिए कितने प्रयत्नशील हैं। इसके अतिरिक्त कई अन्य सौगातें किसानों व बुजुर्गों को इस बजट में दी गई हैं।

### प्रदेश कांग्रेस सचिव ने सराहा सरकार का बजट



**बिझड़ी।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस सचिव एवं नवनियुक्त वन निदेशक कृष्ण कुमार चौधरी ने हिमाचल प्रदेश मुख्यमंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। मुख्यमंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट में संतुलित विकास में पारदर्शिता लाने का जिक्र किया गया है बजट में सभी वर्गों का ख्याल रखा गया है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में यह बजट एक मील का पत्थर साबित होगा। चौधरी ने कहा की गाय का दूध 45 तथा भैंस का दूध 55 रुपए प्रति लीटर सरकार ने खरीदने का जो निर्णय लिया है यह बहुत ही सराहनीय निर्णय है।

### सुक्खू सरकार के बजट में कुछ भी नया नहीं

**सुजानपुर।** सुजानपुर भाजपा के महासचिव प्रकाश सडयाल ने सुक्खू सरकार के बजट को दिशाहीन करार देते हुए कहा है कि बजट में कुछ भी नया नहीं है। चुनावी समय में महिलाओं को 1500 रुपए सुक्खू सरकार ने देने की घोषणा की थी। लेकिन अपने दूसरे बजट में केवल लाहौल-स्पीति की महिलाओं को 1500 रुपए देने की घोषणा की गई। प्रदेश के अन्य जिलों की महिलाओं को 1500 रुपए देने का अभी तक कोई जिक्र नहीं किया गया है, जिससे कि राज्य के अन्य जिलों की महिलाओं के साथ कुठाराघात किया गया है। रोजगार देने वाली कांग्रेस की गारंटी पर सुक्खू सरकार के बजट में कोई जिक्र नहीं है।

### बंदोबस्त की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे लोग

**हमीरपुर।** शहर के साथ लगती ग्राम पंचायत अणु के अणु खुर्द और अणु कलां के ग्रामीण राजस्व विभाग द्वारा किए गए बंदोबस्त से खासे परेशान हैं। ग्राम पंचायत अणु के निवासियों में जगदीश प्रसाद, विजय कुमार, लेख राज, जगत राम, रणवीर सिंह, सरवन कुमार, रवि कुमार सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि भू-व्यवस्था विभाग ने अणु खुर्द गांव का वर्ष 2007-08 में, जबकि अणु कलां गांव का वर्ष 2016-17 में बंदोबस्त किया था। उन्होंने बताया कि यह दोनों गांव एक दूसरे से सटे हुए हैं और आज तक इन गांवों की सीमा या लाइन मुकाबला तय नहीं है। जिसके कारण दोनों गांवों के ग्रामीण मानसिक रूप से परेशान हैं। उन्होंने बताया कि राजस्व विभाग के बंदोबस्त में दोनों गांवों के बाशिंदों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। जिसके कारण सैकड़ों निशानदेही के मामले और अन्य मामले कोर्ट में चले हुए हैं। इस बारे में ग्राम पंचायत अणु के प्रतिनिधियों ने प्रस्ताव पारित कर विभाग से इस समस्या का हल करने की गुहार लगाई थी लेकिन उसके बाद इस समस्या का हल नहीं हुआ। विभाग की अनदेखी के बाद अब ग्रामीण हाईकोर्ट की शरण लेने की तैयारी में हैं। ग्रामीणों ने विभाग से मांग की है कि इन दोनों गांवों की समस्या का हल किया जाए और गांव की सीमाओं पर बुर्जियां लगाई जाएं। जिससे ग्रामीणों को अपनी भूमि की सही से जानकारी रहे।

### न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी में हिस्सा लेगा एनआईटी का यश



**हमीरपुर।** एनआईटी हमीरपुर का बीटेक के चौथे सेमेस्टर के स्टूडेंट यश उपाध्याय को न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी आबू धाबी में हिस्सा लेने के लिए चुना गया है। हैकथॉन फॉर सोशल क्वांटम कंप्यूटिंग और संयुक्त राष्ट्र सतत विकास पर ध्यान केंद्रित करना इसका मुख्य उद्देश्य है। हैकथान 25 अप्रैल तक अबू धाबी में व्यक्तिगत रूप से आयोजित किया जाएगा। यश उपाध्याय के लिए आने-जाने और ठहरने के अलावा खाने का खर्चा संस्थान ही उठाएगा। निदेशक हम सूर्यवंशी, रजिस्टर डॉक्टर अर्चना नैनोटी आदि ने बताया कि संस्थान के लिए यह बेहद गर्भ की बात है कि स्टूडेंट्स का चयन किया गया है।

### स्टैंप पेपर वैंडर यूनियन ने की कमीशन बढ़ाने की मांग

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश स्टैंप वैंडर यूनियन हमीरपुर इकाई की की बैठक मंडी जिला के प्रधान ज्योति राम की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में प्रदेश की नई कार्यकारिणी बनाने व स्टैंप पेपर का कार्य करने में आ रही समस्याओं पर चर्चा की। इस बैठक में सदस्यों ने विरोध जताया कि बैंक व लोकमित्र केंद्रों को स्टैंप वैंडर का कार्य न दिया जाए क्योंकि पहले भी स्टैंप पेपर सिर्फ स्टैंप वैंडर से ही मिलता था इस तर्ज में आगामी ई-स्टैंप भी जारी होनी चाहिए। इसके अलावा सदस्यों ने यह भी मुद्दा उठाया कि हमारी कमीशन जो न्यूनतम चार प्रतिशत है उसे बढ़ाकर 10 प्रतिशत किया जाए क्योंकि महंगाई के इस दौर में गुजारा करना मुश्किल है। इसके अलावा प्रति व्यक्ति को प्रतिदिन 2 लाख रुपए का स्टैंप विक्रय करने प्रावधान किया जाए, वहीं उन्होंने यह भी मांग रखी कि स्टैंप वैंडरों को तहसीलों में उचित स्थान दिया जाए ताकि उन्हें अपने कंप्यूटर व हर रोज उठाकर घर न ले जानी पड़े। इस अवसर पर मंडी जिला प्रधान ज्योति शर्मा, हमीरपुर से गुरुदेव जगोता, सोलन जिला प्रधान लीला ठाकुर, कांगड़ा उपाध्यक्ष गौरव धीमान, बिलासपुर जिला उपाध्यक्ष बलदेव सिंह, हमीरपुर जिला सचिव अंजना कुमारी, सोलन उपायध्यक्ष अर्चना व मनीष शर्मा उपस्थित रहे।

# हमीरपुर-गलोड़ सड़क की अपग्रेडेशन का रुका हुआ काम फिर शुरू

## गर्मियों में मुकम्मल तौर पर चकाचक हो जाएगी 20 किलोमीटर सड़क

**विक्रम ढटवालिया, नालटी (हमीरपुर)**

हमीरपुर और बड़सर विधानसभा क्षेत्र को जोड़ने वाली हमीरपुर-गलोड़ सड़क की अपग्रेडेशन का डेढ़ साल से रुका हुआ निर्माण कार्य फिर शुरू हो गया है। निर्माण में ड्यूटी कंपनी ने अब लगभग मुकम्मल तौर पर अपनी मशीनरी किस काम में झोंक दी है। गर्मी का मौसम शुरू होते ही 'टारिंग' का काम शुरू हो जाएगा। उम्मीद यही जताई जा रही है कि बरसात शुरू होने तक सड़क चकाचक हो जाएगी।

काबिले गौर यह है कि निर्माण कार्य रुकने के बाद इस क्षेत्र के लोग बेहद परेशान थे। वाहन चालकों को तो परेशानी झेलनी ही पड़ती थी, लेकिन सड़क के आसपास दुकानदार और रिहायसी मकान में रहने वाले भी समस्या झेल रहे थे। उखड़ी हुई बजरी, सड़क पर पड़े हुए गड्ढे, वाहनों की आवाजाही से उड़ने वाली धूल-मिट्टी, वातावरण को प्रदूषित कर रही थी। यह सिलसिला अभी भी जारी है। कई स्थानों पर पानी का छिड़काव अब होने लगा है। ड्रेनेज से लेकर नालियों के निर्माण के लिए भी कंक्रीट का काम जगह-जगह शुरू हो गया है। इस सड़क को अपग्रेड करके तकरीबन 7.5 मीटर तक खुला किया जा रहा है, जिसमें टारिंग का एरिया साढ़े पांच मीटर पक्का होगा, यानी यह सड़क अब लगभग टू-लेन टाइप हो जाएगी। सड़क के खुला हो जाने से इलाके के वाहन चालकों को काफी राहत मिलेगी। एक्सईएन दीपक कपिल का कहना है कि निर्माण कार्य फिर से शुरू हो चुका है। गर्मियों में सब ठीक हो जाएगा। (अनंत ज्ञान)





बकारटी गांव के पास काम में ड्यूटी निर्माण कंपनी की मशीनरी तथा कंपनी की टूटी-फूटी इसी सड़क से होकर स्पॉट के लिए सीमेंट ढोते हुए।

### पीडब्ल्यूडी ने लगाई थी कंपनी को पेनल्टी

**निर्माण** कार्य में लगी कंपनी ने तकरीबन डेढ़ साल पहले किन्हीं कारणों से निर्माण से मुंह फेर लिया था। इलाके के लोगों ने जिला प्रशासन से लेकर सरकार तक प्रतिनिधि मंडल मिलाकर इसका निर्माण कार्य तत्काल शुरू करवाने की मांग की थी। पीडब्ल्यूडी ने कंपनी को पेनल्टी भी लगाई थी। लेकिन अब निर्माण कार्य में यह कंपनी जुट गई है।

## आशा वर्करों के मानदेय में बढ़ोतरी के विषय में दोबारा निर्णय ले सरकार

**सुजानपुर।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा बजट में बढ़ाए गए आशा वर्करों के मानदेय पर आशा वर्करों ने नाखुशी जाहिर की है। आशा वर्करों ने सरकार से उनके लिए स्थायी पॉलिसी बनाई जाने की भी मांग की है।

आशा वर्कर संघ सुजानपुर इकाई की प्रधान पूजा, उपप्रधान सुषमा, सचिव मिंटू वालिया, चंद्रेश, सपना, सोमा, नीलम, ममता, रंजना ने कहा कि सरकार द्वारा बजट में उनके मानदेय में जो बढ़ोतरी की है वह न के बराबर है जबकि उनका कार्य जमीनी स्तर से जुड़ा हुआ है। वह रात दिन लोगों की सेवा में जुटी हुई हैं। स्वास्थ्य संबंधी सभी कार्य जिसमें सर्वे से लेकर लोगों के स्वास्थ्य संबंधी कार्य शामिल हैं जिन्हें वह करती हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से अपील की कि उनके मानदेय की कम बढ़ोतरी के विषय में दोबारा निर्णय लिया जाए और उनकी एक स्थायी पॉलिसी बनाई जाए जिससे वह सम्मानपूर्वक अपना जीवन जी सकें।

## क्वालिटी कंट्रोल टीम ने नादौन में किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

प्रदेश सरकार की विभिन्न परियोजनाओं और निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय में स्थापित की गई क्वालिटी कंट्रोल सेल के प्रमुख एवं अन्य सदस्यों ने शनिवार को नादौन का दौरा करके पीडब्ल्यूडी और जल शक्ति विभाग की विभिन्न परियोजनाओं एवं निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।

पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर इन चीफ एनपी सिंह की अगुआई में पहुंची इस उच्च स्तरीय टीम के सदस्य के रूप में हिमुडा के मुख्य अभियंता डॉ. सुरेंद्र वशिष्ठ और जल शक्ति विभाग के अधीक्षण अभियंता दीपक गर्ग शामिल हैं। इन अधिकारियों ने नादौन के विभिन्न स्थानों पर चल रहे निर्माण कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया तथा इन कार्यों की गुणवत्ता की जांच की। इस अवसर पर पीडब्ल्यूडी की हमीरपुर वृत्त के अधीक्षण अभियंता विजय चौधरी, जल शक्ति विभाग के अधीक्षण अभियंता नीरज भोगल, लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता दीपक कपिल, राजेंद्र सिंह और अन्य अधिकारियों ने क्वालिटी कंट्रोल सेल के प्रमुख एवं सदस्यों को विभिन्न निर्माण कार्यों की ताजा स्थिति एवं गुणवत्ता से अवगत करवाया।



गुणवत्ता का क्वालिटी कंट्रोल देखते हुए टीम के सदस्य।

## अनुराग ठाकुर ने विकास कार्यों के लिए जारी की दूसरी किस्त

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने विधानसभा क्षेत्र की अलग-अलग पंचायत के विकास हेतु सांसद निधि से 20.75 लाख रुपए की दूसरी किस्त जारी की है।

जानकारी देते हुए सुजानपुर भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी सुधीर भटनागर ने बताया कि केंद्रीय मंत्री राष्ट्र के साथ-साथ ग्रामीण स्तर में भी विकास हो सके इसको लेकर लगातार काम कर रहे हैं। अनुराग ठाकुर द्वारा जारी दूसरी किस्त में सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के नागलंबर गांव में पुली निर्माण के लिए 75 हजार रुपए, जंगलबैरी के जंगल गांव में युवक मंडल भवन निर्माण को दो लाख रुपए, गांव जोल में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए अढ़ाई लाख रुपए, गांव कसीरी में प्यार चंद के घर की ओर पक्के रास्ते के निर्माण के लिए 75 हजार रुपए, भरनांग में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु अढ़ाई लाख रुपए, पुरली नुगाल में महिला मंडल भवन निर्माण कार्य हेतु डेढ़ लाख रुपए, उटपुर महिला मंडल भवन निर्माण हेतु दो लाख रुपए, जंदराल में श्मशानघाट के लिए सड़क निर्माण के लिए दो लाख रुपए, बुमाना में हरिजन बस्ती के लिए शमशान घाट बनाने हेतु डेढ़ लाख रुपए, कलोह में सुहारू राम के घर से प्रकाश चंद के घर तक रास्ते हेतु 75 हजार रुपए दिए।

वहीं एससी बस्ती शमशानघाट कालोह में सुरक्षा दीवार हेतु दो लाख रुपए, डूहक में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु दो लाख रुपए तथा पटलांदर में जगत राम के घर से धीमान बस्ती तक रास्ते में सुरक्षा दीवार व रेलिंग के लिए 50 हजार रुपए प्रदान किए गए हैं।

### केंद्रीय मंत्री की चलाई गई स्कीमों का जनता को मिल रहा लाभ



अनुराग ठाकुर को सम्मानित करते प्रकाश सडयाल व अन्य।

**सुजानपुर।** सुजानपुर भाजपा महासचिव प्रकाश सडयाल ने कहा कि केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा चलाई गई सांसद मोबाइल वैन सेवा का लाभ सैकड़ों लोगों को मिला है। लोगों को अपना इलाज करवाने के लिए घर द्वार पर स्वास्थ्य सुविधा मिल रही है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के स्टूडेंट्स को एक से श्रेष्ठ कार्यक्रम के तहत लैपटॉप, स्कूल बैग और अन्य पाठन सामग्री उपलब्ध करवाई जा रही है।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं की आर्थिकी को सुदृढ़ करने के लिए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा विभिन्न स्कीमें चलाई गई हैं जिससे कि महिलाएं अपने पैरों पर खड़ी हो सकें। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा खेलों को बढ़ावा देने के लिए खेल महाकुंभ योजना शुरू की गई है, जिससे खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।

### लदरौर स्कूल की तनीषा धीमान ने जेईई-मेंस परीक्षा की पास



**भरेड़ी।** उपमंडल भोरंज के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लदरौर जिला हमीरपुर की छात्रा तनीषा धीमान पुत्री मनोज कुमार ने 61.52 पर्सेंटाइल के साथ जेईई-मेंस की परीक्षा पास की है। सभी अध्यापकों और प्रधानाचार्य ने तनीषा की इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी में हैकथॉन सह-प्रदर्शनी 24 से

**हमीरपुर।** करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी में दो दिवसीय हैकथॉन सह प्रदर्शनी और उद्योग कार्यक्रम 24 फरवरी से आयोजित किया जाएगा। डीएसटी-टीईसी, समन्वयक डॉ. कुलदीप कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश सरकार के तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक और औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। यूनिवर्सिटी के डीएसटी-टेक्नोलॉजी इनेबलिंग सेंटर, सीपीयू पायनियर इनक्यूबेटर, एमएसएमई-बिजनेस इनक्यूबेटर एवं इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य नवाचार और उद्यमशीलता को बढ़ावा देना है। यह सम्मेलन रचनात्मकता व तकनीकी प्रगति का एक जीवंत प्रदर्शन पर होगा, जो शिक्षा जगत और उद्योग के बीच सहयोग और विचारों के आदान-प्रदान के लिए एक मंच प्रदान करेगा।

### निजी स्कूलों की मान्यता के नवीनीकरण के लिए आवेदन 29 तक

**हमीरपुर।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 तथा निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2011 हिमाचल प्रदेश में निहित प्रावधानों के अनुसार जिला हमीरपुर के सभी निजी स्कूलों के सत्र 2024-25 के लिए मान्यता के नवीनीकरण और 2024-29 के लिए मान्यता हेतु आवेदन पूर्णतः ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे। कोई भी ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। शिक्षा उपनिदेशक अशोक कुमार ने बताया कि मान्यता के नवीनीकरण हेतु वेबसाइट एमर्जिहिमाचल.एचपी.जीओवी.इन पर लॉग इन करना होगा। इसके उपरांत इनवेस्टर लॉग इन पर क्लिक करना होगा। प्री-प्राइमरी से पांचवीं कक्षा तक वाले विद्यालयों को संबंधित बीईईओ को अपने आवेदन निर्धारित शुल्क के साथ ऑनलाइन प्रेषित करने होंगे। प्राइमरी से आठवीं तक की कक्षाओं वाले स्कूल को प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक को निर्धारित शुल्क सहित ऑनलाइन आवेदन प्रेषित करने होंगे। आवेदन की अंतिम तिथि 29 फरवरी है। सही आवेदनों को ऑनलाइन ही मान्यता पत्र व मान्यता नवीनीकरण पत्र जारी किए जाएंगे। पहली से पांचवीं तक की नई मान्यता के लिए 5000 रुपए, पहली से आठवीं कक्षा तक नई मान्यता के लिए दस हजार रुपए, छठी से आठवीं कक्षा तक नई मान्यता के लिए 5000 रुपए और पहली से आठवीं तक मान्यता के नवीनीकरण के लिए प्रतिवर्ष 500 रुपए की दर से शुल्क अदा करना होगा। अधिक जानकारी के लिए प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक कार्यालय हमीरपुर में संपर्क किया जा सकता है।

### हिम आंचल पेंशनर्स संघ टौणीदेवी इकाई की बैठक 20 को

**हमीरपुर।** हिम आंचल पेंशनर्स संघ टौणीदेवी इकाई की बैठक 20 फरवरी को टौणीदेवी माता मंदिर परिसर में 11.30 बजे होगी। इसकी अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान जगदीश चंद शर्मा करेंगे। जानकारी देते हुए संघ के महासचिव चतर सिंह ने बताया कि बैठक में प्रदेशाध्यक्ष तथा जिला पदाधिकारियों को भी आमंत्रित किया गया है। इसमें पेंशनर्स की मांगों, समस्याओं तथा संघ की गतिविधियों बारे विचार-विमर्श किया जाएगा। उन्होंने समस्त पदाधिकारियों व पेंशनर्स से बैठक में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया है।

### राजकीय व अर्द्ध राजकीय चालक परिचालक महासंघ के चुनाव 24 को

**हमीरपुर।** राजकीय-अर्द्धराजकीय चालक-परिचालक महासंघ की जिला इकाई के चुनाव 24 फरवरी को सलासी में स्थित जिला भाषा अधिकारी कार्यालय के पास स्थित जिला पंचायत संसाधन केंद्र में होंगे। महासंघ के जिला प्रधान मलकीत सिंह डोगरा और महासचिव विजय रमन ने कहा कि महासंघ की वर्तमान जिला कार्यकारिणी का तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा हो चुका है, इसलिए 24 फरवरी को नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। उन्होंने सभी खंडों की इकाइयों के प्रधानों और महासचिवों से आग्रह किया है कि वे इस चुनाव में सभी चालकों-परिचालकों की भागीदारी सुनिश्चित करें।

## सीनियर सिटीजन काउंसिल ने 1.35 करोड़ का बजट किया पारित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

सीनियर सिटीजन काउंसिल हमीरपुर की प्रबंधन कमेटी की बैठक संस्था के अध्यक्ष विजय कुमार पुरी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में वितीय वर्ष 2024-25 के लिए एक करोड़ 35 लाख रुपए का बजट पारित किया है।

उन्होंने बताया कि बजट में कर्मचारियों, गरीब लड़कियों की शिक्षा के लिए 15 लाख रुपए, रोगियों के भोजन के लिए 60 लाख रुपए, गीता जयंती व बसंत पंचमी त्योहारों के लिए दो लाख रुपए, अग्नि पीड़ित परिवारों व गरीब कन्याओं की शादी के लिए आठ लाख रुपए, जिला हमीरपुर की गउशालाओं को चारा देने के लिए 13 लाख रुपए, बिजली के बिल, सीए की फीस, कूलर रिपेयर, चपाती मशीन की रिपेयर, भोजन भंडार व योग साधना कक्ष के भवन में रंग व रिपेयर करवाने के लिए तीन लाख रुपए व अन्य फुटकर खर्च पर तीन लाख रुपए का प्रावधान रखा है।

अध्यक्ष विजय कुमार पुरी ने बताया कि वर्ष 2024-25 का 1.35 करोड़ रुपए का बजट सर्वसहमति से पारित किया गया है, ताकि रोगियों के भोजन और संस्था की गतिविधियों हैं उन्हें सुचारू रूप से चलाया जा सके। संस्था ने गरीब परिवार, मरीज और तीमारदारों को कोई मुश्किल न हो इसके लिए व्यापक प्रबंध किए हैं। बैठक में प्रबंधन कमेटी के सभी सदस्य मौजूद रहे। इनमें संस्था के वरिष्ठ उपप्रधान ओपी शर्मा, उपप्रधान हेमराज शर्मा, सचिव कुलदीप कमल, ओम प्रकाश टेकड़ा आदि उपस्थित रहे।



सीनियर सिटीजन काउंसिल प्रबंधन कमेटी की बैठक में भाग लेते संस्था के पदाधिकारी व सदस्य।

## राणा ने विकास कार्यों के लिए जारी किए 12.53 लाख

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेंद्र राणा ने विभिन्न विकासात्मक कार्यों के लिए 12 लाख 53 हजार रुपए की तीसरी किस्त जारी की है, जिसमें ग्राम पंचायत मनिहाल के बहल तनैनकड़ में जसवंत सिंह के घर के पास सुरक्षा दीवार के लिए 60 हजार रुपए, ग्राम पंचायत चमियाणा में लिंक रोड के सुधार के लिए 60 हजार रुपए, ग्राम पंचायत मनिहाल के बहल तनैनकड़ में पूर्ण चंद के घर के पास सुरक्षा दीवार के लिए 75 हजार, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पटलांदर में शौचालय के निर्माण के लिए एक लाख, ग्राम पंचायत पटलांदर के बलोह में मोक्षधाम के निर्माण के लिए दो लाख रुपए, डेरा पंचायत के गांव जोल कलां में सड़क के निर्माण कार्य को पूरा करने के लिए 75 हजार रुपए, ग्राम पंचायत री के गांव लोहल में जजंघर के निर्माण के लिए एक लाख रुपए, ग्राम पंचायत जंगल में कमला देवी के घर के पास सुरक्षा दीवार के लिए 60 हजार रुपए, चौरी में पीपल के पास लिंक रोड की सुधार व सुरक्षा दीवार के लिए 75 हजार रुपए, राजकीय उच्च विद्यालय धमड़ियाणा में खेल मैदान के निर्माण के लिए एक लाख रुपए, ग्राम टिहरा के सरस्वती महिला मंडल टिहरा ढांगू को बर्तन व फर्नीचर के लिए 12 हजार रुपए, ग्राम पंचायत डेरा के महिला मंडल दरसाल को बर्तन व फर्नीचर के लिए 12 हजार रुपए, ग्राम पंचायत धमड़ियाणा के महिला मंडल चमारकड़ को बर्तन व फर्नीचर के लिए 12 हजार रुपए, ग्राम पंचायत स्पाहल के शिव महिला मंडल मझोट को बर्तन व फर्नीचर के लिए 12 हजार रुपए, ग्राम पंचायत रंगड़ में लिंक रोड मुख्य सड़क से लेकर भाटियाणा ब्राह्मणा वाया मंदिर निर्माण के लिए डेढ़ लाख रुपए तथा ग्राम पंचायत ख्याह लोहाखरियां में संपर्क मार्ग मुख्य मार्ग से लेकर रोपड़ी तक के निर्माण के लिए डेढ़ लाख रुपए शामिल हैं।



उन्होंने कहा कि क्षेत्र में हर तरह के विकास कार्यों को प्राथमिकता देकर धनराशि मुहैया करवाई जा रही है।

## पूर्व सैनिकों की इस बजट में भी अनदेखी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

संयुक्त मोर्चा ऑफ एक्स सर्विसमैन (जेसीओ एवं ओआर) की हिमाचल इकाई सरकार के मौजूदा बजट में पूर्व सैनिकों के लिए किया गया प्रबंध प्रावधानों से नाराज है। इसके प्रदेश अध्यक्ष कैप्टन जगदीश वर्मा सेवानिवृत्ति, जनरल सेक्रेटरी लेफ्टिनेंट रमेश तपवाल तथा सूबेदार मेजर रोशन लाल चौहान ने कहा है कि हिमाचल में लगभग 1,60,000 पूर्व सैनिक और वीर नारियां हैं, जिसमें कांगड़ा जिला के पूर्व सैनिकों की प्रदेश में संख्या सबसे अधिक है।



कैप्टन जगदीश वर्मा

सरकार द्वारा इस बार के बजट में सिर्फ उन पूर्व सैनिकों को जिन्हें किसी प्रकार की भी पेंशन नहीं मिलती है, सिर्फ उनकी राशि को 3000 रुपए से बढ़ाकर 5000 रुपए कर देना काफी नहीं है, जो कि मात्र 2000 रुपए की बढ़ोतरी है। इससे पता चलता है कि सरकार सैनिकों और पूर्व सैनिकों के प्रति कितनी संवेदनशील है।

उन्होंने ने बताया कि हिमाचल के पड़ोसी देश जैसे हरियाणा, पंजाब व यूटी चंडीगढ़ के गैलंट्री पदक विजेता, पूर्व सैनिकों को कहीं ज्यादा राशि हर महीने या वार्षिक दी जाती है, जबकि हिमाचल प्रदेश में इनको कम राशि दी जाती है। बजट में इसका प्रावधान न होना दुर्भाग्यपूर्ण है। इसके साथ ही सरकार द्वारा पूर्व सैनिकों को अपने निजी वाहनों से प्रदेश से बाहर जाने के बाद वापसी पर एंट्री टैक्स की मांग की जाती है।

इसके बारे में भी सरकार द्वारा बार-बार बताने पर भी अनदेखी की जा रही है। कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। पूर्व सैनिकों के लिए प्रदेश में 15 प्रतिशत नौकरियों का आरक्षण को भी सुचारू रूप से नहीं चलाना भी बताता है कि सरकार पूर्व सैनिकों के प्रति उदासीन रवैया अपना रही है। इस प्रकार से सभी सरकारों का बार-बार पूर्व सैनिकों की अनदेखी करना प्रदेश व देश के हित में नहीं है।

**हादसे के इंतजार में पीडब्ल्यूडी** | सड़क की खराब स्थिति की वजह से वाहन चालकों को हो रही परेशानी

## एक साल में उखड़ी कश्मीर-तूणी सड़क पर बिछाई पेवर टाइल्स

**एके शर्मा, गलोड़**

इलाके की कश्मीर-तूणी सड़क पर बिछाई गई पेवर टाइलें एक साल में ही उखड़ गई हैं। अब समस्या या हो गई है कि वाहन चालकों को परेशानी झेलनी पड़ रही है जहां यह पेपर टाइल्स उखड़ी हैं वहां खड़ी चढ़ाई है। साथ में तीखा मोड़ भी। एक तरफ को गहरा नाला भी है। किसी न किसी अनहोनी घटना की यहां पर हर वक्त संभावना अब बन चुकी है। लग जा रहा है कि पीडब्ल्यूडी के अधिकारी किसी अनहोनी की इंतजार में हैं।

हर रोज इस सड़क से छोटे-छोटे बच्चों से भरी हुई स्कूल की बसें भी आवागमन करती हैं। कई बार इस सड़क की खराब स्थिति की वजह से स्कूल बस के ड्राइवर बच्चों को बस से उतार देते हैं। वह आगे बस को निकाल कर फिर बिठाते हैं। दोपहिया वाहनों को भी इस सड़क की खराब स्थिति की वजह से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी शीला देवी ने बताया कि आए दिन यहां गाड़ियों को समस्या आ रही है। साथ में गहरा नाला भी है। यदि समय रहते पीडब्ल्यूडी नहीं जागा, तो कभी भी यहां बड़ा हादसा हो सकता है। दोपहिया वाहन चालक भी यहां चोटिल हो रहे हैं। समाजसेवी और रिटायर्ड प्रिंसिपल ध्रुव सिंह राणा व अन्य ग्रामीणों ने विभाग से शीघ्र सड़क की सुध लेने की मांग की है। (अनंत ज्ञान)



> शीघ्र ही इस सड़क की मरम्मत करवाई जाएगी, ताकि वाहन चालकों को कोई समस्या न आए। एक-दो दिन में ही खराब स्थिति को सुधार दिया जाएगा।
> -सुरेश कौंडल, एसडीओ पीडब्ल्यूडी

## न्यूज ब्रीफ

### पंचायत नुमाइंदों का मानदेय बढ़ाना सराहनीय कदमः तिलक



**बंगाणा।** हिमाचल प्रदेश के जिला ऊना पंचायती राज महासंघ के जिला संयोजक तिलक राज शर्मा ने एक प्रैस बैठक में जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट एक अच्छा बजट है। इस बजट में पंचायती राज संस्थाओं और नगर निकायों के चुने हुए प्रतिनिधियों के मानदेय में उचित बढ़ोतरी करके मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने व्यवस्था परिवर्तन का परिचय दिया है। शर्मा का कहा कि इस मामले को लेकर हम लोगों ने धर्मशाला, मंडी सहित अन्य स्थानों पर धरना प्रदर्शन कर लड़ाई लड़ी थी जिसका फल आज मिला है। इस सराहनीय कार्य लिए प्रदेश का पंचायत प्रतिनिधित्व आभार व्यक्त करता है। उन्होंने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों और नगर निकाय के जन प्रतिनिधियों को जब उचित मानदेय मिलेगा तो बह ज्यादा समय और इमानदारी पूर्वक अपना कर्तव्य पालन करने में सक्षम होंगे। इस बजट में पंचायती राज संस्थाओं के लिए मानदेय में बढ़ोतरी करने की घोषणा पर पंचायती राज महासंघ ने आभार व्यक्त किया है।

### विधायक ने विधानसभा में जनहित में उठाए सवाल

**गोंदपुर बनेहड़ा।** गगरेट क्षेत्र के विधायक चैतन्य शर्मा ने प्रदेश सरकार से सवाल किया गया कि युवाओं के लिए रोजगार सृजन के लिए प्रदेश सरकार क्या कदम उठा रही है। इसके जवाब में उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने जवाब दिया कि प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार के प्रति वचनबद्ध है इसके लिए प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के कदम उठाए जा रहे हैं। युवाओं को बेहतर शिक्षा एवं स्किल शिक्षा दी जा रही है और ये भी कोशिश की जा रही है कि उन्हें कैंपस से निकलने से पहले ही नोकरी मिल जाए। रोजगार कार्यालय से निरंतर बेजरोगार युवाओं और उद्योगों का सम्पर्क करवाया जा रहा है। विधायक चैतन्य शर्मा ने प्रदेश सरकार से पूछा कि प्रदेश में रिसर्च पर कितना पैसा दिया जा रहा है इसके जवाब में बताया गया कि 8 लाख 55 हजार रुपए रिसर्च के लिए जारी किए गए हैं। अपने तीसरे सवाल में पूछा कि हैल्थ केयर इंफास्ट्रक्चर पर कितना खर्च प्रदेश सरकार कर रही है जिसके जबाब बताया गया कि 2023-24 में 7829.23 लाख रुपए सरकार हेल्थ केयर इंफास्ट्रक्चर पर खर्च करने जा रही है। विधायक चैतन्य शर्मा ने बताया कि इसके अतिरिक्त उन्होंने गगरेट अस्पताल के हो रहे निर्माण कार्य के बजट पर एवम सरकारी स्कूलों के इंफास्ट्रक्चर के सुधारो पर उठाए जा रहे कदमों के बारे में जानकारी ली।

### शास्त्री व भाषा अध्यापक के पदों के लिए साक्षात्कार 28 को

**ऊना।** उपनिदेशक प्रारम्भिक शिक्षा ऊना देवेन्द्र चन्देल ने जानकारी देते हुए बताया कि शास्त्री के 6 और भाषा अध्यापक के एक पद बैच के आधार पर भरा जा रहा है। जिला रोजगार कार्यालय ऊना, अम्ब, बंगाणा व हरोली द्वारा जिन अभ्यर्थियों के नाम बैच आधार पर भरने हेतु प्रायोजित किए गए हैं, उनके लिए साक्षात्कार 28 फरवरी को प्रातः 10 बजे उपनिदेशक प्रारम्भिक शिक्षा कार्यालय में होगा। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों की सूची, बॉयोडाटा, शैक्षणिक योग्यता, आयुसीमा, वेतनमान में भर्ती हेतु विचाराधीन बैच इत्यादि से सम्बन्धित जानकारी कार्यालय की वैवसाइट पर उपलब्ध है। भाषा अध्यापक के लिए एक पद अनारक्षित स्वतंत्रता सेनानी के आश्रित के लिए है, जबकि शास्त्री के लिए 4 पद भूतपूर्व सैनिक के आश्रित सामान्य, एक पद ओबीसी भूतपूर्व सैनिक के आश्रित तथा एक पद एससी भूतपूर्व सैनिक के आश्रित के लिए आरक्षित है। उन्होंने बताया कि काउंसलिंग प्रक्रिया में वही अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं जो शास्त्री व भाषा अध्यापकों की भर्ती एवं पदोन्नति के लिए निर्धारित योग्यता पूर्ण करते हैं। उन्होंने बताया कि अन्य ज़िलों से संबंधित प्रार्थी तथा ऊना जिला से संबंधित प्रार्थी जिनका नाम संबंधित रोजगार कार्यालय में दर्ज है, काउंसलिंग में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए दूरभाष नम्बर 01975223586, 223088 पर किसी भी कार्यदिवस संपर्क कर सकते हैं।

### मेधावी छात्रों के लिए छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन

**बंगाणा।** मानव कल्याण समिति बंगाणा के सौजन्य से रविवार को आर्य पब्लिक स्कूल बंगाणा में निर्धन व मेधावी छात्रों के लिए छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में सौ के लगभग छात्रों ने भाग लिया। जानकारी देते हुए मानव कल्याण समिति के सचिव जोगिंद्र देव आर्य ने बताया कि हर वर्ष पांचवीं कक्षा में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों के लिए इस परीक्षा का आयोजन किया जाता है, जिसमें क्षेत्र के सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों के छात्र सहभागिता करते हैं। इस वर्ष भी ये परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न हो गई है। दी। प्रश्न पत्र में छात्रों के लिए सामान्य ज्ञान, गणित, हिंदी, अंग्रेजी विषय पर आधारित प्रश्न आए थे। उन्होंने बताया कि जो छात्र इस परीक्षा में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त करेगा उसकी शिक्षा का खर्च मानव कल्याण समिति बंगाणा वहन करेगी। उन्होंने बताया कि ब्लॉक में प्रथम आने पर समिति 1000 रुपए का इनाम, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 800 रुपए और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को 600 रुपए की नकद राशि इनाम के रूप में दी जाएगी।

### बजट मंजूर करवाने पर विधायक का जताया आभार

**दौलतपुर चौक।** प्रदेश युवा कल्याण बोर्ड के पूर्व निर्देशक देवी लाल शांडिल्य ने रविवार पत्रकार वार्ता संबोधित करते हुए प्रदेश सरकार द्वारा गगरेट नगर पंचायत के सीवरेज के अधूरे काम को पूरा करवाने के लिए लिए स्पेशल बजट मंजूर करने के लिए विधायक चैतन्य शर्मा का आभार व्यक्त किया है। देवीलाल ने कहा कि लगभग 14 करोड़ रुपए की लागत के साथ पूरे शहर में सीवरेज डाला जा रहा था जिसका कार्य पिछली कांग्रेस सरकार में शुरू हुआ था मगर भाजपा सरकार द्वारा सीवरेज के लिए बजट उपलब्ध न करवा कर इस कार्य को ठंडा बस्ती में डाल दिया गया। जोकि कई वर्षों से अदर में लटका हुआ था। इस बारे में स्थानीय लोगों ने विधायक को बताया और बजट सेशन के दौरान विधायक ने मुख्यमंत्री के समक्ष नगर पंचायत गगरेट की सीवरेज के कार्य को पुनः शुरू करने के लिए स्पेशल बजट की मांग की गई थी और इसके लिए मुख्यमंत्री जी द्वारा बजट सेशन में बजट की घोषणा करने से अब सीवरेज कार्य पुनः शुरू होगा जिससे नगर पंचायत गगरेट के साथ-साथ साथ लगते हुए अन्य गांवों को भी इस सीवरेज का फायदा मिलेगा और अब यह पुरानी समस्या जड़ से खत्म हो जाएगी।

# उत्तर भारत की पांच विभूतियों को हिमोत्कर्ष सम्मान

## ऊना के कोटला खुर्द में हुए स्वर्ण जयंती राज्य स्तरीय वार्षिक अधिवेशन में 40 मेधावी स्टूडेंट्स को भी दी छात्रवृत्तियां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

हिमोत्कर्ष साहित्य,संस्कृति एवं जनकल्याण परिषद का स्वर्ण जयंती 50वां राज्य स्तरीय वार्षिक अधिवेशन रविवार को एलजेएन हिमोत्कर्ष राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटला खुर्द में हुआ। अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं चेयरमैन प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ओंकार चंद शर्मा मुख्यातिथि थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बाबा फरीद मेडिकल साइंस विवि के पूर्व कुलपति डॉ. राज बहादुर ने की।

पूर्व विधायक सतपाल रायजादा विशिष्टातिथि रहे। मुख्यातिथि, कार्यक्रम अध्यक्ष व विशिष्टातिथि ने उत्तर भारत की पांच विभूतियों को हिमोत्कर्ष राष्ट्रीय एकात्मकता व तीन विभूतियों को हिमोत्कर्ष हिमाचलश्री पुरस्कार से सम्मानित किया, जबकि डलहौजी शाखा द्वारा दो विभूतियों को चंबा श्री पुरस्कारों से अलंकृत किया गया।

समारोह में स्व.आयशा पटियाल स्मारक हिमोत्कर्ष छात्रवृत्ति के अंर्तगत प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला से बीएससी माइक्रोबायोलोजी की टॉपर कविता को 25 हजार रुपए छात्रवृत्ति,स्वर्ण पदक व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। लाला जगत नारायण हिमोत्कर्ष पुरस्कार राजकीय कन्या महाविद्यालय की तीन छात्राओं को 16893 रुपए व छह कॉलेज छात्राओं को स्वर्गीय शांति देवी शर्मा स्मारक हिमोत्कर्ष छात्रवृत्ति के तहत नौ हहार रुपए की आर्थिक मदद प्रदान की गई।

जिला ऊना से प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की दसवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा में प्रथम 20 स्थानों पर रहने वाले मेधावी विद्यार्थियों तथा जमा दो कक्षा के 20 विद्यार्थियों को स्व. संतोष कंवर स्मारक हिमोत्कर्ष मेधावी छात्रवृत्ति के अंर्तगत एक-एक हजार नकद छात्रवृत्ति, प्रशस्ति पत्र व स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया गया, जबकि स्व. डॉ. एचके गोयल स्मारक हिमोत्कर्ष छात्रवृत्ति के तहत हिमकैप्स लॉ एंड नर्सिंग कॉलेज तथा नंदा नर्सिंग इंस्टीच्यूट ऊना की 10 मेधावी व जरूरतमंद छात्राओं को 2500-2500 रुपए नकद छात्रवृत्ति प्रदान की गई। समारोह में हिमोत्कर्ष अमोदिनी महिला सशक्तिकरण प्रकल्प के तहत 55 पात्र विधवाओं को 123750 रुपए का राशन प्रदान किया गया, जबकि स्व.फूला देवी व ठाकुर लाला दास स्मारक हिमोत्कर्ष प्रकल्प के तहत 11 विधवाओं को 66 हजार रुपए की नकद आर्थिक सहायता प्रदान की गई। कार्यक्रम में कुष्ठ आश्रम ऊना को 11 हजार रुपए की आर्थिक मदद उपलब्ध करवाई गई।

कार्यक्रम में प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की दसवीं कक्षा में जिला ऊना में प्रथम 20 स्थानों पर रहने वाले व जमा दो के 20 मेधावी विद्यार्थियों को स्व. संतोष कंवर हिमोत्कर्ष छात्रवृत्ति योजना के तहत एक-एक हजार रुपए नकद छात्रवृत्ति, सम्मान पत्र तथा स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों में इसमें काशवी राणा निवासी रामपुर, कनक शर्मा घनारी,समीक्षा थानाकलां,श्रेया दौलतपुर चौक,आस्था नंगल जरियालां, हर्षिता तनोह,अदिति सुंकाली, केशव घनारी,अविनिका डोहगी, कनक निवासी बोल,वंशिका घनारी,दिशा नंगल जरियालां,पलक घनारी,ऋतु कोटला कलां, साक्षी खानपुर,दिव्यांशी बंगाणा,मिताली घनारी, रमण सैणी कोटला कलां,विदिका बरनोह,पलक अंबोटा शामिल है। जमा दो कक्षा मेडिकल से अर्शदीप चौधरी निवासी पनोह, कशिश गलैहड़,तनवी गगरेट,वंश कौशल और पलक चौधरी निवासी कांगड़, जमा दो कॉमर्स से अंकिता घनारी, वृंदिका बेहला,आकृति जसवाल बढ़ेड़ा, ईशिता नीला घाट, पल्लवी गगरेट शामिल है। जमा दो आर्ट्स से तरुणा खुर्द,रजनीश कुमारी लाम झंबर,तान्या चंबरान बंगाणा,दीक्षा ठाकुर कुठेड़ा खैरला, अंशिका रायजादा निवासी जलग्रां टब्बा,जमा दो नॉन-मेडिकल से ओजस्वनी उपमन्यू रिवार हटली,कनुप्रिया धंधड़ी,किरणप्रीत कौर बाथू,कनिका सलोह तथा श्रद्दा अंबोटा शामिल है।



### राकेश प्रजापति को उत्कृष्ट लोकसेवक पुरस्कार

**आईएएस** अधिकारी निदेशक उद्योग राकेश प्रजापति को स्व. रोशन लाल शर्मा स्मारक हिमोत्कर्ष हिमाचलश्री उत्कृष्ट लोक सेवक पुरस्कार,नंगल की समाज सेवी संस्था जिंदा जीव बेसहारा चेरिटेबल सोसयटी को स्व.संतोष कंवर एवं स्व. कंवर हरिसिंह स्मारक हिमोत्कर्ष हिमाचलश्री (उत्कृष्ट समाज सेवी संस्था) पुरस्कार तथा जवाहर लाल नेहरू विवि दिल्ली से डॉ. कृष्ण मोहन पांडेय को राणा शमशेर सिंह स्मारक हिमोत्कर्ष हिमाचलश्री श्रेष्ठ लेखन, साहित्य एवं संस्कृति पुरस्कार से अलंकृत किया गया।

### हिमोत्कर्ष ने 4000 महिलाओं को दिया व्यवसायिक प्रशिक्षण: कंवर

**हिमोत्कर्ष** परिषद के 50वें सालाना अधिवेशन को संबोधित करते हुए परिषद अध्यक्ष जतिंद्र कंवर ने कहा कि संस्था जनसहयोग से समाज सेवा के विभिन्न प्रकल्प चला रही है। परिषद के प्रयासों से जिला ऊना में पहले सरकारी महिला कालेज की स्थापना एक हकीकत बन पाई है। वहीं ऊना में महिलाओं को तकनीकी शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रशिक्षण संस्थान चला रहे है। इसमें अभी तक 4000 से अधिक महिलाएं व्यवसायिक कोर्स कर स्वरोजगार में स्थापित होने में सक्षम हो पाई है। परिषद 1987 से निर्धन मेधावी छात्रवृत्ति प्रकल्प चला रही है, जिसमें अभी तक 12000 से अधिक विद्यार्थियों को 1.5 करोड़ रुपए के नकद बजीफे व रजत पदक प्रदान किए जा चुके है, जबकि परिषद द्वारा अमोदिनी विधवा राशन वितरण कार्यक्रम के तहत पिछले सात वर्षों में 620 विधवाओं को 46 लाख रुपए का राशन व अन्य मदद मुहैया करवाई है।

### हिमोत्कर्ष स्मारिका-2024 का भी विमोचन

**इस** अवसर पर हिमोत्कर्ष स्मारिका-2024 का भी विमोचन किया गया। कार्यक्रम को मुख्यातिथि ओंकार चंद शर्मा ने संबोधित किया तथा परिषद के जनकल्याण कार्यों की जमकर सराहना की। कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ.राज बहादुर,विशिष्टातिथि सतपाल रायजादा तथा परिषद के प्रदेशाध्यक्ष जतिंद्र कंवर ने भी समारोह को संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि ओंकार चंद शर्मा,कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ.राज बहादुर व विशिष्टातिथि सतपाल रायजादा व अन्य विशिष्टजनों को परिषद सदस्यों ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया।

### ये हुए राष्ट्रीय एकात्मकता पुरस्कार से सम्मानित

**राष्ट्रीय** एकात्मकता पुरस्कारों के तहत जयपुर से प्रो.संजीव शर्मा को स्व.इंजीनियर पं. राम शर्मा स्मारक हिमोत्कर्ष राष्ट्रीय एकात्मकता पुरस्कार (आयुष आर्युविज्ञान) पुरस्कार, गुरुग्राम से ब्रिगेडियर जागीर सिंह कंवर को अमर शहीद कैप्टन अमोल कालिया स्मारक हिमोत्कर्ष राष्ट्रीय एकात्मकता (शौर्य) पुरस्कार, द पालमपुर रोटरी आई फाउंडेशन को स्व. डॉ. डीआर गर्ग स्मारक हिमोत्कर्ष राष्ट्रीय एकात्मकता उत्कृष्ट नेत्र आयुर्विज्ञान पुरस्कार तथा चंबा से एथलीट सीमा को स्व. इंजीनियर मनमोहन सिंह कुंवर एवं प्रोमिला कंवर स्मारक हिमोत्कर्ष राष्ट्रीय एकात्मकता पुरस्कार (श्रेष्ठ युवा प्रतिभा खेल) पुरस्कार से सम्मानित किया गया। ब्रिगेडियर जेएस कंवर का पुरस्कार कर्नल डीपी वशिष्ठ तथा एथलीट सीमा का पुरस्कार उनकी बहन गुड़िया ने प्राप्त किया।

### इन्हें मिली नर्सिंग छात्रवृत्तियां

कार्यक्रम में हिमकैप्स नर्सिंग कॉलेज बढेड़ा से रितिका चौधरी, नंदिनी, गगन कुमारी, हरमरीत कौर, कृष्मा दीवान, नंदा इंस्टीच्यूट ऑफ नर्सिंग से शिवानी, शिल्पा पाठक,अमनदीप,इंदु तथा रंजना को 2500-2500 रुपए की नकद छात्रवृत्ति प्रदान की गई। बीएससी माइक्रोबायोलोजी स्टेट टॉपर को 25 हजार स्कॉलरशिप दी गई। कार्यक्रम में स्व.आयशा पटियाल स्मारक हिमोत्कर्ष छात्रवृत्ति के तहत हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला से बीएससी माइक्रोबायोलोजी में प्रदेश में टॉप करने वाली छात्रा कविता को 25000 रुपए नकद छात्रवृत्ति, स्वर्ण पदक व प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। इसके अलावा लाला जगत नारायण हिमोत्कर्ष राजकीय कन्या कॉलेज कोटला खुर्द की छात्रा स्मृति, हर्षिता तथा काजल को छात्रवृत्ति के रूप में वर्ष भर की कॉलेज फीस के रूप में 16893 रुपए प्रदान किए गए। छह कॉलेज छात्राओं को शांति देवी स्मारक हिमोत्कर्ष छात्रवृत्ति जिले की छह कॉलेज छात्राओं को स्व. शांति देवी शर्मा स्मारक हिमोत्कर्ष छात्रवृत्ति के तहत 1500 रुपए नकद छात्रवृत्तियां दी गई। इसमें वर्षा देवी,महक, कृतिक, मुस्कान,हर्षिता तथा

### कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

**कार्यक्रम** में जिला परिषद अध्यक्ष नीलम देवी, उपाध्यक्ष कृष्णपाल, उपायुक्त जतिन लाल,अमर शहीद कै.अमोल कालिया के पिता सतपाल कालिया,वरिष्ठ नागरिक संघ के अध्यक्ष जीआर वर्मा, हिमोत्कर्ष परिषद के मुख्य सलाहकार सतपाल शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दीपशिखा, महासचिव डॉ.रविंद्र सूद,,नरेश सैणी,कर्नल डीपी वशिष्ठ,कर्णपाल, प्रेम राजपूत,जय गोपाल,प्रो.बीके शर्मा,अशोक ऐरी, रजनीश, योगेश, मनोज, रवि, मनमीत,सुरेश, शशि, विजय, शेषपाल, रजनीश, एमएल कौंडल,जगदीप अरोड़ा, हिमोत्कर्ष महिला मंच सचिव पूजा कपिला, मंजू मनकोटिया,अनीति सूद, सुमन पुरी,रमा कंवर, कविता, नीलम अग्रिहोत्री, रेखा, रंजु, मीना, सोनिया, परिषद की प्रदेश कार्यकारिणी के अन्य पदाधिकारी, हिमोत्कर्ष की कांगड़ा, नूरपूर, पालमपुर, हमीरपुर, ऊना, नेरचौक, पांवटा साहिब, डलहौजी, चंबा शाखाओं से सदस्य, जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी,सामाजिक संगठनों, जिला परिषद, पंचायत समिति व ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों के अलावा भारी संख्या में जनसमूह उपस्थित था। कार्यक्रम में हिमोत्कर्ष महिला मंच की सदस्यों ने वंदे मातरम व लॉर्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल की विद्यार्थियों ने राष्ट्रगान की प्रस्तुति दी।

# हिमाचल की रणजी टीम ने चखा जीत का स्वाद टूर्नामेंट के अंतिम मैच में दर्ज करवाई पहली जीत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

रणजी ट्रॉफी मैच के तहत हिमाचल और पुड्डुचेरी का मुकाबला खेला गया। चार दिवसीय मुकाबला तीसरे रोज ही समाप्त हो गया। हिमाचल की टीम की यह पारी के अंतर से बड़ी जीत रही। पुडुचेरी की टीम ने कल के स्कोर से आगे खेलते हुए अपनी पहली पारी में 202 रन पर ऑल आउट हो गई। हिमाचल की टीम ने पहली पारी में 463 रन बनाए थे दूसरी पारी में पुड्डुचेरी की टीम फॉलोआन खेलते हुए 198 रन पर ऑल आउट हो गई। पुड्डुचेरी के आकाश ने 24 रन बनाए, परमेश्वरन ने 30 रन बनाए, पारस डोगरा ने 24 रन बनाए, प्रेम ने 22 रन बनाए , गौरव यादव ने 40 रन बनाए। हिमाचल के गेंदबाजों ने अच्छी गेंदबाजी करते हुए पुड्डुचेरी को सस्ते में समेट दिया। मयंक डागर ने पांच खिलाड़ियों को आउट किया, गुरविंद्र सिंह ने दो खिलाड़ियों को आउट किया, आकाश वशिष्ठ, मुकुल नेगी, वैभव अरोड़ा ने एक-एक खिलाड़ी को आउट किया। खेल प्रेमी और अमन सैनी अनुराग दयाल, पंकज पीटर, विनय कुमार मंदली संदीप बेदी, रमन सैनी, नवीन शर्मा और सुनील शर्मा ने टूर्नामेंट के अंतिम मैच में पहली जीत दर्ज करने के लिए बधाई दी।

### नेशनल महिला हॉकी प्रतियोगिता के लिए सीनियर टीम का ट्रायल

**ऊना।** स्थानीय इंदिरा स्टेडियम में रविवार को सीनियर हॉकी महिला टीम के ट्रायल का आयोजन किया गया। इस ट्रायल से कैंप के लिए टीम का चयन किया जाएगा। सिलेक्शन कमेटी में आशीष सेन, अनिल खंतवाल, अजीत ठाकुर, बलजीत सिंह, पिंकी चौहान को शामिल किया गया है। नेशनल हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन 13 मार्च से 23 मार्च तक पुणे महाराष्ट्र में होगा। इस ट्रायल में प्रदेश की महिला हॉकी खिलाड़ियों का सन 2024-25 के लिए सीनियर महिला खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। चयन प्रक्रिया में 51 महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया। इन चयनित खिलाड़ियों में 18 खिलाड़ियों का चयन सीनियर महिला टीम के लिए किया जाएगा। महिला खिलाड़ियों का चयन प्रक्रिया में अजीत ठाकुर, आशीष सेन, पिंकी चौहान, अनिल चंदेल उपस्थित रहे। यह जानकारी हॉकी हिमाचल के जनरल सेक्रेटरी रमेश पठानिया ने दी



ट्रायल प्रक्रिया में भाग लेने वाली महिला खिलाड़ी व अन्य सामूहिक चित्र में।

# मूर्ति स्थापना दिवस मनाया



मूर्ति स्थापना दिवस कार्यक्रम में मौजूद गण्यमान्य।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

स्थानीय चंद्रलोक कॉलोनी में श्री लक्ष्मेश्वर शिव महादेव जी के मंदिर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मूर्ति स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 11वें विशाल भंडारे (कांगड़ी धाम ) का आयोजन किया गया। शिव सेवक स्वर्गीय एलडी सिंगल सेवानिवृत मुख्य अध्यापक की स्मृति में आयोजित इस विशाल भंडारे में राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज अपने प्रवचनों से लोगों को निहाल किया। टीवी फेम गायक निधि वालिया तथा लवली वालिया ने एक से एक सुंदर भजन गाकर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। उनके साथ ही नूरपुर के युवा गायक नन्हें तुषार कुमार ने भी अपनी हाजिरी लगाई। श्री लक्ष्मेश्वर शिव महादेव मंदिर कमेटी के प्रबंध निदेशक विवेक अग्रवाल ने बताया कि इस भव्य आयोजन में राजनीतिक, धार्मिक तथा सामाजिक संगठनों से जुड़े अनेक प्रमुख लोगों ने शिरकत कर भंडारे के प्रसाद के रूप में कांगड़ी धाम को ग्रहण किया और भोले का आशीर्वाद लिया। इस दौरान निशुल्क चिकित्सा कैंप का आयोजन भी किया गया।

इस मौके पर कुलदीप सिंह पठानिया अध्यक्ष केसीसी बैंक, पूर्व चैयरमैन लोक अदालत सीएल कोछड़, मंडी गोबिंदगढ़ से एमसी के चैयरमैन जगमीत सहोता आदि विशेष तौर पर मौजूद रहे।

# वीजापुर में श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह में उमड़ा आस्था का सैलाब



वीजापुर में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह में मौजूद भक्तजन।

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा**

सुबह स्मरणीय ब्रह्मलीन स्वामी भूमानंद तीर्थ जी महाराज की असीम कृपा से एवं सद्गुरू स्वामी अच्युतानंद तीर्थ जी महाराज पीठाधीश्वर भूमा निकेतन हरिद्वार के पावन सानिध्य एवं संरक्षण में बीजापुर में श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह चल रहा है, जो 22 फरवरी तक चलेगा। रोजाना सुबह प्रभात फेरी का आयोजन किया जा रहा है। हर रोज इस श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह में आस्था का सैलाब उमड़ रहा है। आज की कथा में कथावाचक गणेश दत्त ने बताया कि भागवत कथा के श्रवण से शरीर के कष्ट दूर होते है और सदकर्म करने की प्रेरणा मिलती है। कलयुग का प्रथम चरण चल रहा है। भजन कीर्तन सिमरन से ही कल्याण सम्भव है। उन्होंने कहा मानव जीवन बड़ी तपस्या के बाद मिलता है और हमें मानव चोले में सद्कर्म करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मन को भगवान के चरणों में लगाएं और चुगली और किसी की भी निंदा से दूर रहना चाहिए। उन्होंने योग प्रणायाम करने और ईश्वर का ध्यान करने की प्रेरणा भी दी। आज अंदोरा सीताराम मन्दिर के महंत भी भागवत कथा में उपस्थित रहे। आज पूरा वीजापुर राधे राधे शाम मिलादे की धुनों से गूंज रहा था। 22 फरवरी को मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा हवन यज्ञ और विशाल भंडारा भी आयोजित किया जाएगा।

**विकास** | गांव खोलीं में 21 लाख से बनने वाले पुल व संपर्क मार्ग का विधायक ने किया भूमि पूजन

# कुटलैहड़ के हर गांव को सड़क से जोड़ना मेरी प्राथमिकता: भुट्टो

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बुढवार के वार्ड नंबर-1 गांव खोलीं में लगभग 21 लाख रुपए की लागत से बनने वाले पुल व सम्पर्क मार्ग का स्थानीय विधायक देवेंद्र भुट्टो ने विधिवत भूमि पूजन कर कार्य आरंभ किया। इस पुल के बनने से बुढवार, बल्ह, टीहरा तथा मंदली ग्राम पंचायतों की करीब दस हजार आबादी की आवाजाही आसान होगी।

इस दौरान विधायक देवेंद्र भुट्टो ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश सरकार अपने 1 वर्ष के कार्यकाल के दौरान जन अपेक्षाओं पर खरा उतरी है तथा विकास को एक नई गति मिली है। इस 1 वर्ष के दौरान समूचे कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में दलगत राजनीति से एक समान विकास करवाया जा रहा है। भुट्टो ने कहा कि 14 माह के कार्यकाल में हमने कुटलैहड़ की तीन दर्जन लिंक सड़कों का भूमि पूजन करके कार्य युद्ध स्तर पर शुरू करवाए हैं और कुछ सड़कों का लोकार्पण भी किया है। भुट्टो ने कहा कि बीस वर्षो तक कुटलैहड़ में सत्ता की कुर्सी पर बैठने वाले हर मंच पर कुटलैहड़ के विकास का चालीसा रटते रहे, लेकिन कभी कुटलैहड़ विस क्षेत्र के किसी गांव में जाकर नहीं देखा कि उन्हें क्या समस्या है। हमने विधायक बनने के बाद कुटलैहड़ विस क्षेत्र के हर गांव हर घर तक जाकर उनकी समस्याओं को सुना है और पुख्ता से उनके समाधान के लिए काम भी किया है। कार्यक्रम में कुटलैहड़ ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य योगराज भारद्वाज तथा स्थानीय पंचायत प्रधान रणजीत सिंह ने भी अपने विचार रखे। इस मौके पर कुटलैहड़ कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, हिमाचल प्रदेश रेड क्रॉस सोसाइटी के के चीफ पैटर्न सुरेंद्र ठाकुर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुदर्शन शर्मा, बुढवार पंचायत के प्रधान रणजीत सिंह, छपरोह पंचायत की प्रधान सुनीता देवी, खंड विकास अधिकारी सुभाष अत्री, जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता देश राज, पंचायत निरीक्षक राकेश कुमार, सेवानिवृत्ति प्रधानाचार्य योगराज भारद्वाज व शशी शर्मा, सेवानिवृत्त अध्यापक रोशन लाल, कई अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय क्षेत्र वासी उपस्थित थे।



पुल व संपर्क मार्ग का विधिवत भूमि पूजन करते स्थानीय विधायक देवेंद्र भुट्टो, साथ हैं अन्य।

### विधायक ने 522 परिवारों को बांटे 69600 के राहत राशि के चैक

बंगाणा। कुटलैहड़ के विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने विधानसभा सत्र से एक दिवसीय कुटलैहड़ प्रवास पर आकर कुटलैहड़ के 522 परिवारों को 69,600 रुपए के राहत राशि के चैक बांटे। इसके तहत बंगाणा रेस्ट हाउस में 166, थानाकलां रेस्ट हाउस में 256 और बसाल रेस्ट हाउस में करीब 100 परिवारों को राहत राशि के चैक वितरण किए गए। इसमें कुछ राज्य सरकार से आई आर्थिक सहायता एवम अधिक कुटलैहड़ बैल फेयर सोसाइटी से और विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने अपनी विधायक सैलरी से भी आर्थिक सहायता प्रदान की। विधायक भुट्टो ने कहा कि हमारा उद्देश्य कुटलैहड़ की जनता की सेवा करना है। चुनावों में हमने कहा था कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र में हम विधायक सैलरी जनता में बाटेंगे और आज हमें खुशी ही रही है कि 14 माह के कार्यकाल में जहां हमने कुटलैहड़ की जनता के लिए सरकार से करीब दो करोड़ की धनराशि आर्थिक तौर पर लाकर घर द्वार दी है, वहीं 14 माह की हमने विधायक सैलरी करीब 30 लाख अलग जनता में बांटी है। इसके अलावा हमने कुटलैहड़ वैलफेयर सोसाइटी के माध्यम से भी करीब साठ लाख की आर्थिक सहायता जनता को प्रदान की है। भुट्टो ने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र में हमने पहले वर्ष में 237 स्कूली छात्रों को पढ़ाई के खर्च के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की है और इस वर्ष अलग कुटलैहड़ विस क्षेत्र की 200 छात्राओं को गोद लेने का निर्णय लिया है। इसकी शुरुआत हमने हटली स्कूल से आर्थिक सहायता देकर कर दी है। इस अवसर पर तहसीलदार बंगाणा अमित शर्मा, खंड बिकास अधिकारी बंगाणा सुभाष अत्री, कुटलैहड़ कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, सुरिंदर ठाकुर,महासचिव अजय शर्मा, प्रधान कर्ण ठाकुर, उपप्रधान जीवन शर्मा के अलावा दर्जनों गणमान्य लो एवम प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# टेस्ट में भारत की सबसे बड़ी जीत

## यशस्वी के दोहरे शतक से इंग्लैंड को चौथे दिन दी 434 रनों की शिकस्त




**एजेंसी, राजकोट**

यशस्वी जायसवाल के दोहरे शतक और रवींद्र जडेजा के पांच विकेट की मदद से भारत ने राजकोट में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड को रविवार को चौथे दिन ही 434 रनों से करारी शिकस्त देकर रनों के लिहाज से अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की और पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से बढ़त बनाई।

इंग्लैंड की 'बैजबॉल' रणनीति भारत के आगे नहीं चल पाई और 557 रनों के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए राजकोट में उसकी टीम 39.4 ओवर में 122 रन पर आउट हो गई। यशस्वी जायसवाल ने नाबाद 214 रन आकर्षक पारी खेली जिसकी मदद से भारत ने अपनी दूसरी पारी चार विकेट पर 430 रन पर समाप्त घोषित करके इंग्लैंड के सामने असंभव लक्ष्य रखा। भारत ने अपनी पहली पारी में 445 रन बनाकर इंग्लैंड को 319 रन पर आउट कर दिया था। जायसवाल ने अपनी 236 गेंद की पारी में 14 चौके और 12 छक्के लगाए। इस तरह से उन्होंने एक टेस्ट पारी में सर्वाधिक छक्के लगाने के रिकॉर्ड की बराबरी की।

### ये भी रहे जीत के हीरो

**सरफराज खान**

सरफराज खान ने राजकोट टेस्ट की दोनों ही पारियों में अर्द्धशतक लगाया था। सरफराज पहली पारी में 62 रन और दूसरी पारी में नाबाद 68 रनों के तेज पारी खेली। दूसरी पारी में सरफराज ने जायसवाल के साथ पांचवें विकेट के लिए 172 रन की अटूट साझेदारी की। अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे सरफराज ने मैच में लगातार दूसरा अर्द्धशतक जमाया।

**रोहित शर्मा**

टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने राजकोट टेस्ट मैच के पहले दिन शानदार 131 रनों की पारी खेली थी। रोहित ने राजकोट टेस्ट मैच के पहले दिन रवींद्र जडेजा के साथ मिलकर 204 रनों की साझेदारी की थी। टीम इंडिया ने पहली पारी में 445 रन बनाए थे, जिसमें रोहित शर्मा का बड़ा रोल रहा था।

**रवींद्र जडेजा**

**रवींद्र** जडेजा ने राजकोट टेस्ट की पहली पारी में 112 रनों की पारी खेली। रवींद्र जडेजा ने इसके अलावा मैच में कुल सात विकेट अपने नाम किए। रवींद्र जडेजा को उनके इस शानदार प्रदर्शन के लिए 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। दूसरी पारी में रवींद्र जडेजा ने 41 रन देकर पांच विकेट लिए और मैच को चौथे दिन ही खत्म कर दिया।

# एआईएफएफ की तुर्की महिला कप के लिए 23 सदस्यीय टीम घोषित



**एजेंसी, नई दिल्ली**

अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) ने 21 से 27 फरवरी तक अलान्या में होने वाले तुर्की महिला कप 2024 के लिए रविवार को 23 सदस्यीय महिला सीनियर टीम की घोषणा की। टीम सोमवार को तुर्की रवाना होगी। इससे पहले भारत ने 2019 और 2021 में इस प्रतियोगिता में भाग लिया था। भारत चार देशों के इस टूर्नामेंट में अपना पहला मैच 21 फरवरी को एस्तोनिया के खिलाफ खेलेगा। राउंड रोबिन आधार पर होने वाले टूर्नामेंट में भारत इसके बाद 24 फरवरी को हांगकांग और 27 फरवरी को कोसोवा से भिड़ेगा। तालिका में शीर्ष पर रहने वाली टीम चैंपियन बनेगी।

भारतीय टीम इस प्रकार है : श्रेया हुडा (गोलकीपर), इलांगबाम पंथोई चानू, मोनालिसा देवी, मोइरांगथेम डिफेंडर, आशालता देवी लोइटोंगबीएम, रंजना चानू सोरोखैबम, डालिमा छिब्बर, जूली किशन, अस्तम ओरांव, शिल्की देवी हेमम। फॉरवर्ड ग्रेस डांगमेई, सौम्या गुगलोथ, करिश्मा पुरुषोत्तम शिरवोइकर, संध्या रंगनाथन, संजू, प्यारी जाक्सा, काव्या पक्किरसामी, ज्योति। मुख्य कोच लैंगम चाओबा देवी।

## न्यूज ब्रीफ

### स्वियातेक ने कतर ओपन में लगाई खिताबी हैट्रिक



**दोहा।** विश्व की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए कतर ओपन टेनिस टूर्नामेंट में लगातार तीसरा खिताब जीता। स्वियातेक ने फाइनल में कजाकिस्तान की विश्व की चौथे नंबर की खिलाड़ी एलेना रयबाकिना को 7-6 (8), 6-2 से हराया। स्वियातेक को शुरू में लय हासिल करने के लिए थोड़ा संघर्ष करना पड़ा। रयबकिना पहले सेट में एक समय 4-1 से आगे चल रही थी। स्वियातेक ने हालांकि लगातार तीन अंक हासिल करके स्कोर 4-4 से बराबर कर दिया। रयबकिना ने अगले गेम में स्वियातेक की सर्विस तोड़ी लेकिन पोलैंड की खिलाड़ी ने तुरंत ही ब्रेक प्वाइंट लेकर सेट को टाइब्रेकर तक पहुंचा दिया। स्वियातेक 90 मिनट तक चले इस सेट को टाइब्रेकर में जीता और फिर दूसरे सेट में आसानी से जीत हासिल की। स्वियातेक का यह इस साल का पहला और करियर का कुल 18वां खिताब है।

### मुस्तफिजुर रहमान के सिर पर लगी बॉल, अस्पताल में भर्ती

**चटग्राम।** तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान बांग्लादेश प्रीमियर लीग-2024 (बीपीएल) के एक ट्रेनिंग सेशन के दौरान चोटिल हो गए। इसके बाद उन्हें हास्पिटल में एडमिट कराया गया। रविवार सुबह कोमिला विक्टोरियन्स की टीम जोहुर अहमद चौधरी स्टेडियम में प्री मैच ट्रेनिंग कर रही थी। रहमान बॉलिंग के लिए तैयार हो रहे थे, तभी दूसरे नेट्स में बैटिंग कर रहे लिट्टन दास का एक तेज शॉट उनके सिर के पिछले हिस्से में लगा और वे गिर पड़े। उनके सिर से खून बहने लगा। ऐसे में उन्हें आनन-फानन में इंपीरियल अस्पताल की इमरजेंसी यूनिट में भर्ती कराया गया।

### पेरिस ओलंपिक की तैयारियों के लिए प्रो लीग के मैच अहम

**राउरकेला।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने रविवार को कहा कि जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए उनकी टीम की तैयारियों के मद्देनजर मौजूदा एफआईएच प्रो-लीग मैच महत्वपूर्ण हैं। भारतीय पुरुष टीम ने प्रो-लीग में अब तक चार मैच खेले हैं, जिनमें से उसे तीन में जीत मिली है। टीम को इकलौती हार ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली है। फुल्टोन ने यहां ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''आप पेरिस ओलंपिक के लिए तैयारियों को देख रहे है और इसमें (प्रो-लीग) हमें 18 मैच मिलेंगे, इसलिए यह महत्वपूर्ण है। कुछ टीमें इस प्रतियोगिता में अपनी सबसे मजबूत टीम उतार रही है या नहीं यह नियंत्रण से बाहर है।'' उन्होंने कहा, ''हमें उम्मीद है कि अपने खेल को परखने और हमारे पास जो टीम है उसके साथ अपना खेल विकसित करने का मौका मिलेगा।

## अल्कराज को हराकर जैरी अर्जेंटीना ओपन के फाइनल में



**ब्यूनस आयर्स।** चिली के निकोलस जैरी ने अपने करियर का सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्कराज को हराकर अर्जेंटीना ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। जेरी ने अल्कराज को 7-6 (2), 6-3 से हराया जो उनके करियर की सबसे बड़ी जीत है। फाइनल में उनका मुकाबला अर्जेंटीना के फेसुंडो डियाज अकोस्टा से होगा। पिछली बार के विजेता अल्कराज ने मैच में किसी भी समय अपनी चिर परिचित आक्रामकता नहीं दिखाई जिसका चिली के खिलाड़ी ने फायदा उठाया। वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले डियाज अकोस्टा ने अपने पहले टूर सेमीफाइनल में हमवतन फेडेरिको कोरिया को 6-2, 6-3 से हराया।

# भारतीय महिलाओं ने बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीत रचा इतिहास




**फाइनल में थाइलैंड को 3-2 से किया पराजित**

**एजेंसी, शाह आलम ( मलेशिया )**

युवा अनमोल खरब ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा जिससे भारतीय महिलाओं ने रविवार को यहां बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप के रोमांचक फाइनल में थाईलैंड को 3-2 से पराजित करके इस प्रतियोगिता में अपना पहला स्वर्ण पदक जीतकर इ... रचा। पीवी सिंधु ... अगुआई वाली भारतीय महिला टीम ने तमाम विपरीत परिस्थितियों के बावजूद अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा तथा दो बार के कां... पदक विजेता थाईलैं... हराया। थाईलैंड हालांकि अपनी दो चोटी की खिलाड़ियों विश्व में नंबर 13 ...चानोक इंतानोन और विश्व में ...र 16 पोर्नपावी चोचुवोंग के ... इस प्रतियोगिता में उतरा था ... भारत को फायदा मिला।

चोटिल होने के कारण लगभग चार महीने तक कोर्ट से बाहर रहने वाली दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु ने आक्रामक खेल का नजारा पेश किया और पहले एकल में दुनिया की 17वें नंबर की खिलाड़ी सुपनिडा काटेथोंग को 21-12, 21-12 से हराकर भारत को 1-0 से बढ़त दिलाई। त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की विश्व में 23वें नंबर की जोड़ी ने भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा तथाा जोंगकोलफान कितिथाराकुल और राविंडा प्रा जोंगजई की विश्व में दसवें नंबर की जोड़ी को 21-16, 18-21, 21-16 से पराजित करके भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। अब भारत को जीत दिलाने का दारोमदार अनमोल खराब पर टिका था, जिन्होंने विश्व में 45वें नंबर की खिलाड़ी पोर्नपिचा चोइकीवोंग को 21-14 21-9 से हराकर भारत को स्वर्ण पदक दिला दिया। भारत की इस शानदार जीत के बाद सभी खिलाड़ियों ने अनमोल को गले लगा दिया। भारत ने इससे पहले इस प्रतियोगिता में दो पदक जीते थे। भारतीय पुरुष टीम ने 2016 और 2020 में कांस्य पदक हासिल किए थे।

### मणिपुर में भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद

**इंफाल।** मणिपुर में हथियार और गोला बारूद बरामद होने का सिलसिला लगातार जारी है। मणिपुर पुलिस ने बताया कि सुरक्षा बलों द्वारा पहाड़ी और घाटी जिलों के सीमांत और संवेदनशील इलाकों में तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान एक 81 मिमी इंप्रोवाइज्ड मोर्टार, एक सिंगल बैरल राइफल, एक 36 एचई हैंड ग्रेनेड, 90 नंबर एमके-3 के दो हैंड ग्रेनेड, एक 38 मिमी एंटी-दंगा रबर बुलेट, दो टियर स्मोक शेल सॉफ्ट नोज, एक 2 इंच मोर्टार शेल केस के साथ, दो 40 मिमी लैथोड बम, दो 7.62 मिमी गोला बारूद, पांच 5.56 मिमी ब्लैंक कार्टिज, एक एसएलआर मैगजीन और एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोडेड शेल थौबल जिले से बरामद किया गया।

### प्रधानमंत्री के जम्मू दौरे से पहले सुरक्षाबल अलर्ट

**जम्मू।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंगलवार को प्रस्तावित जम्मू के दौरे को देखते हुए कश्मीर घाटी में सुरक्षाबलों को अलर्ट पर रखा गया है। अधिकारी ने बताया कि पुलिस व जवान कश्मीर घाटी के अन्य जगहों पर वाहनों की जांच कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि एहतियात के तौर पर श्रीनगर में विभिन्न स्थानों पर प्रवेश और निकास बिंदुओं पर विशेष जांच के लिए नाके स्थापित किए गए हैं और उन पर अतिरिक्त सुरक्षाबलों को तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि हालांकि प्रधानमंत्री जम्मू क्षेत्र का दौरा करेंगे, लेकिन घाटी में सुरक्षा एजेंसियों को यह सुनिश्चित करने के लिए अलर्ट पर रखा गया है कि केंद्र शासित प्रदेश की हाई प्रोफाइल यात्रा के दौरान आतंकवादी कोई गतिविधियां न करें।

### महाराष्ट्र के अमरावती में ट्रक-टेंपो की टक्कर में चार की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र के अमरावती में रविवार सुबह एक ट्रक और टेंपो की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई। 10 लोग घायल हैं। पुलिस ने बताया कि टेंपो पर 21 लोग सवार थे। सभी एक क्रिकेट टीम के सदस्य थे। सुबह करीब साढ़े सात बजे नंदगांव खंडेश्वर तालुका के शिंगनापुर फाटा पर एक ट्रक ने टेंपो को टक्कर मार दी। चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 10 घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### बेगूसराय में पिता-पुत्र और बेटी की गोली मारकर हत्या

**बेगूसराय।** बेगूसराय में एक ही परिवार के तीन लोगों की हत्या कर दी गई। यह हत्याकांड साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के विष्णुपुर आहो की है। बताया जा रहा है कि इस हत्याकांड को मृतकों के करीबी रिश्तेदारों ने ही इस घटना को अंजाम दिया है। मृतक की पहचान साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर श्रीनगर निवासी उमेश यादव, उनके 25 वर्षीय राजेश यादव और 21 वर्षीय बेटी नीलू कुमारी के रूप में हुई है।

### वायुसेना के हेलिकॉप्टर में खराबी आने से आपातकालीन लैंडिंग

**चंडीगढ़।** भारतीय वायुसेना के हेलिकॉप्टर चिनूक को रविवार की दोपहर में तकनीकी खराबी आने के कारण पंजाब के बरनाला जिले के गांव ढडरियां में उतारना पड़ा। हेलिकॉप्टर के पायलट व चालक दल पूरी तरह से सुरक्षित हैं। हेलिकॉप्टर की अचानक लैंडिंग से आसपास भारी भीड़ जमा हो गई, जिसे नियंत्रित करने के लिए पुलिस को मौके पर बुलाना पड़ा।

# इजरायली सेना का गाजा पर हमला, 18 की मौत



**एजेंसी, गाजा पट्टी**

इजरायल सेना ने गाजा पर एक और भीषण हवाई हमला किया है। इस हवाई हमले से कोहराम मच गया है। इजरायली सेना ने शनिवार रात को गाजा में जबरदस्त हवाई हमले किए, जिससे कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई। काफी संख्या में लोग घायल भी हुए हैं। चिकित्सा कर्मियों और चश्मदीदों ने रविवार को यह जानकारी दी। इस बीच अमेरिका ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र में संघर्ष विराम प्रस्ताव पेश होने पर फिर से वह वीटो शक्ति का इस्तेमाल करेगा। अमेरिका, इजराइल का करीबी सहयोगी है। वह बंधकों को छुड़ाने के लिए इजराइल और हमास के बीच वार्ता का पक्षधर है। रफह में रातभर हुए हवाई हमले में एक महिला और तीन बच्चों सहित छह लोग मारे गए, जबकि अन्य हमले में दक्षिणी शहर खान यूनिस में पांच लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा, इजराइली हमले की चपेट में आने से गाजा शहर के एक घर में रहने वाले सात लोगों की जान चली गई। वहीं, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के प्रमुख ने कहा कि दक्षिणी गाजा में सेवा देने वाला मुख्य चिकित्सा केंद्र 'नासिर अस्पताल' पिछले सप्ताह के अंत में इजराइल द्वारा की गई छापेमारी के

### डब्ल्यूएचओ टीम को अस्पताल में प्रवेश से रोका

डब्ल्यूएचओ प्रमुख टेड्रोस अदानोम घेब्रेयेसुस ने 'एक्स' पर कहा कि डब्ल्यूएचओ की एक टीम को शुक्रवार या शनिवार को अस्पताल में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि टीम मरीजों की स्थिति और चिकित्सा आवश्यकताओं का आकलन करने के लिए पहुंची थी। उन्होंने कहा कि अस्पताल में अभी भी लगभग 200 मरीज हैं, जिनमें से 20 को अन्य अस्पतालों में तत्काल रेफर करने की आवश्यकता है।

## अपराधियों ने जदयू नेता को मारी गोली,पटना रेफर


**नवादा।** नवादा में अपराधियों ने रविवार को एक बार फिर बड़ी घटना को अंजाम दिया है। नवादा जिले के हिसुआ थाना क्षेत्र के ओड़ो गांव में जनता दल यूनाइटेड के जिला सचिव को अपराधियों ने गोलियों से घायल कर दिया है, उन्हें चिंताजनक हालत में नवादा के सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने प्राथमिक चिकित्सा के बाद पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया। ओड़ो गांव के रहने वाले जनता दल यूनाइटेड के जिला सचिव अर्जुन यादव को अपराधियों ने तीन गोली मारी है। एक गोली अर्जुन यादव के जांघ में लगी है। वहीं, दो गोली साइड से निकल गईं। गोली मारने के बाद अपराधी आराम से फरार हो गए। गोली मारने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। अर्जुन यादव ने कहा कि उन्होंने गोली मारने वालों में से एक व्यक्ति को पहचान लिया है। तीन की संख्या में अपराधी आए और फायरिंग करने लगे। गांव में सरस्वती पूजा को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, उसी को देखने के बाद वे अपने खेत की फसल को देखने के लिए गए थे।

# होली से पहले कर्मचारियों के साथ पेंशनरों को मिलेगा तोहफा

## मार्च में फिर डीए-डीआर में होगी भारी वृद्धि

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**हाल** ही में केंद्र सरकार की हरी झंडी के बाद कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने ब्याज दर में बड़ा इजाफा किया है, जिसके बाद अब ईपीएफओ में कर्मचारियों को 8.25 प्रतिशत ब्याज का लाभ मिलेगा। इसके साथ अब संभावना जताई जा रही है कि होली से पहले मोदी सरकार देश के एक करोड़ से अधिक कर्मचारी पेंशनर्स के महंगाई भत्ते में भी 4त्न की बढ़ोतरी कर सकती है। इस वृद्धि के बाद डीए और डीआर का आंकड़ा 50 फीसदी पर पहुंच जाएगा।



**1 करोड़ कर्मचारी-पेंशनरों को मिलेगा 50 फीसदी डीए का लाभ :** दरअसल, केंद्र सरकार की ओर से साल में दो बार जनवरी जुलाई में केंद्रीय कर्मचारियों के डीए और पेंशनरों के डीआर की दरों में संशोधन किया जाता है, जो कि श्रम मंत्रालय के छमाही एआईसीपीआई इंडेक्स के आंकड़ों पर निर्भर करता है। जुलाई से दिसंबर 2023 के एआईसीपीआई इंडेक्स के आंकड़ों के मुताबिक, डीए का स्कोर 50.28 फीसदी पहुंच गया है, ऐसे में चार फीसदी वृद्धि होना तय है, क्योंकि डीए पूर्णांक में देय होता है और दशमलव में वृद्धि हटा दी जाती है, ऐसे में जनवरी 2024 से 50 फीसदी डीए देय होगा। इसका लाभ 48 लाख केंद्रीय कर्मचारियों और 68 लाख पेंशनरों को मिलेगा।

### होली से पहले नई दरों का ऐलान संभव

माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए मार्च में होली से पहले कभी भी कैबिनेट में प्रस्ताव लाकर नई दरों का ऐलान किया जा सकता है और अप्रैल से कर्मचारियों की सैलरी और पेंशनरों की पेंशन बढ़ाकर खातों में भेजी जा सकती है। नया डीए 2024 जनवरी से बढ़ाया जाएगा, ऐसे में जनवरी से मार्च तक का एरियर भी मिलेगा। वर्तमान में कर्मचारियों पेंशनरों को 46 फीसदी डीए का लाभ मिल रहा है। चार फीसदी वृद्धि के बाद यह 50 फीसदी हो जाएगा। डीए के बढ़ते ही हाउस रेंट अलाउंस में भी तीन फीसदी वृद्धि होगी, क्योंकि वित्त विभाग के मेमोरेंडम के मुताबिक डीए के 50 फीसदी क्रॉस होने पर एचआरए 30फीसदी, 20 फीसदी और 10 फीसदी हो जाएगा।

**तैयारी** पचास मेहमान देशों के साथ समुद्री अभ्यास के लिए भारतीय नौसेना की तैयारी

# नौसैन्य अभ्यास 'मिलन' में हिस्सा लेंगे विक्रमादित्य और विक्रांत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सिटी ऑफ डेस्टिनी विशाखापत्तनम में 21 फरवरी से होने वाले बहुराष्ट्रीय नौसैन्य अभ्यास 'मिलन' में पहली बार भारत के दोनों विमानवाहक आईएनएस विक्रमादित्य और आईएनएस विक्रांत हिस्सा लेंगे। करीब 50 मेहमान देशों के साथ इस समुद्री अभ्यास के लिए मेजबान भारतीय नौसेना बड़े पैमाने पर तैयारी कर रही है।

नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने अब तक के सबसे बड़े इस नौसैन्य अभ्यास को समुद्री क्षेत्र में भारत के राष्ट्रीय हित देखते हुए काफी महत्वपूर्ण बताया है। बहुराष्ट्रीय नौसैन्य अभ्यास 'मिलन' में शामिल होने के लिए 58 देशों को आमंत्रित किया गया था, जिसमें 50 से अधिक देशों से शामिल होने की प्रतिक्रियाएं मिलीं हैं। विभिन्न देशों की नौसेनाएं अपने-अपने युद्धपोत समुद्री और हवाई बेड़े के साथ इस अभ्यास में शामिल होने के लिए पहुंचने लगी हैं। अमेरिकी नौसेना का अर्ले बर्क-क्लास गाइडेड मिसाइल विध्वंसक 'यूएसएस हैल्सी' विशाखापत्तनम पहुंच गया है, जिसका पूर्वी नौसेना कमान सनराइज कमांड ने सिटी ऑफ डेस्टिनी में गर्मजोशी से स्वागत किया है।



यह पहला मौका है जब भारत के दोनों विमानवाहक यानी आईएनएस विक्रमादित्य और आईएनएस विक्रांत विशाखापत्तनम में होने वाले बहुराष्ट्रीय अभ्यास मिलन-2024 में भाग लेंगे।

### महासागरों को सुरक्षित, संरक्षित और मुक्त रखने की आवश्यकता : नौसेना प्रमुख

**नौसेना** प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार का कहना है कि 'मिलन' वास्तव में अब तक का सबसे बड़ा अभ्यास है, जो अपने कद, सामग्री और जटिलता की डिग्री में बढ़ रहा है। यह इस मायने में बहुत महत्वपूर्ण है कि इस बार का विषय सभी के साथ 'सहयोग, सामंजस्य और बातचीत' है। इसमें एक समुद्री चरण और एक बंदरगाह चरण है, जो 19 फरवरी से शुरू होकर 27 फरवरी तक चलेगा। अभी हम पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं, 2030 तक या उससे भी पहले तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहे हैं। निश्चित रूप से हमारे देश का कद बढ़ रहा है और समुद्री क्षेत्र के महत्व को भी हर कोई महसूस कर रहा है। समुद्री क्षेत्र अपने आप में बहुत महत्वपूर्ण है, इसलिए महासागरों को सुरक्षित, संरक्षित और मुक्त रखने की आवश्यकता है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि नियम-आधारित व्यवस्था के तहत समुद्री क्षेत्र में हमारे राष्ट्रीय हित सुरक्षित रहें।

### भारत और नेपाल के अधिकारियों की सीमा सुरक्षा पर चर्चा

**पूर्वी चंपारण।** आसन्न लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर भारत और नेपाल के अधिकारियों की बैठक रक्सौल स्थित इंट्रीग्रेटेड चेकपोस्ट के सभागार में हुई। इंडो नेपाल बॉर्डर कोर्डिनेशन कमिटी की उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता पूर्वी चंपारण के जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल और नेपाल के चितवन के डीएम ने संयुक्त रूप से की। बैठक में सीमा सुरक्षा, जाली नोट, आर्म्स, ड्रग्स एंड नारकोटिक्स, शराब तस्करी, तंबाकू व अन्य अवैध वस्तुओं की तस्करी पर नियंत्रण और क्रॉस बॉर्डर क्राइम कंट्रोल, मोस्ट वांटेड अपराधियों की धरपकड़, विदेशी नागरिकों के अलावा संदिग्ध लोगों की अवैध आवाजाही और अवांछित गतिविधियों पर रोक पर चर्चा की गई।